

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 प्रधानमंत्री मोदी ग्लोबल पीस अवार्ड से सम्मानित

राष्ट्रपति बनते ही पहले आदेश में एलजीबीटीयू समुदाय को...... 12

वर्ष : 15 | अंक : 220 | नई दिल्ली, मंगलवार, 26 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# मतदाता, संविधान, विश्व समुदाय की आशा पर खरे उतरें सांसद : मोदी

● **शीतकालीन सत्र : प्रधानमंत्री ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं को किया संबोधित**

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले विपक्ष से जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा विश्व समुदाय की आशाओं पर खरा उतरने का आह्वान करते हुए अपील की कि उनके व्यवहार से मतदाता, लोकतंत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संविधान के प्रति उनका समर्पण और संसदीय प्रक्रियाओं में उनके विश्वास की सार्थक अनुगूंज बाहर जानी चाहिए। श्री मोदी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, शीतकालीन सत्र है और माहौल भी शीत ही रहेगा। 2024 का यह अंतिम कालखंड चल रहा है, देश उमंग और उत्साह के साथ 2025 के स्वागत की तैयारी में भी लगा हुआ है। संसद का ये सत्र अनेक प्रकार से विशेष है। सबसे बड़ी बात है कि हमारे संविधान की यात्रा का 75वें साल में प्रवेश अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक बहुत ही उज्जवल अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संसदीय सत्र कई मायनों में खास है, जिसमें सबसे अहम पहलू हमारे संविधान की 75वीं वर्षगांठ है। यह हमारे लोकतंत्र के लिए एक गौरवशाली मील का पत्थर है। कल संविधान सदन में सब मिलकर संविधान के 75वें वर्ष के उत्सव की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा, संविधान निमाताओं ने संविधान का निर्माण करते समय एक एक बिंदु पर बहुत विस्तार से बहस की है और तब जाकर ऐसा उत्तम



दस्तावेज हमें प्राप्त हुआ है। हमारे संविधान की महत्वपूर्ण इकाई हैं-संसद और हमारे सांसद। संसद में स्वस्थ बहस होनी चाहिए और चचाओं में अधिकतम और उचित भागीदारी होनी चाहिए। लेकिन,दुर्भाग्य से कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संसद को भी मुट्ठीभर लोगों की हुड़दंगबाजी से संसद को कंट्रोल करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। हालांकि उनकी रणनीति अंततः विफल हो जाती है, जनता उनके व्यवहार पर बारीकी से नजर रखती है और समय आने पर सजा भी देती है। उन्होंने कहा कि समस्या नये सांसदों के लिये हो रही है उनके अधिकारों को कुछ लोग दबोच लेते हैं। लोकतंत्र में हमारा कर्तव्य है कि हम आने वाली पीढ़ियों को तैयार करें। लेकिन 80 से 90 बार जनता द्वारा नकार दिये गये लोग जनता की आकांक्षाओं पर चर्चा नहीं होने दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं बार-बार विपक्ष के साथियों से आग्रह करता रहा हूं और कुछ विपक्षी साथी भी चाहते हैं कि सदन में सुचारू रूप से काम हो।

**पीएम ने वैश्विक सहकारी सम्मेलन का किया उद्घाटन**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 और संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन का वैश्विक सम्मेलन पहली बार भारत में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से हमें भारत की भावी सहकारिता यात्रा के बारे में जानकारी मिलेगी। साथ ही, भारत के अनुभवों के माध्यम से वैश्विक सहकारी आंदोलन को 21वीं सदी के उपकरण और नई भावना मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत में सहकारिता ने विचार से आंदोलन, आंदोलन से क्रांति और क्रांति से सशक्तिकरण तक का सफर किया है और यह भारत के लिए संस्कृति का आधार और जीवन शैली है। प्रधानमंत्री ने सहकारिता को भारतीय संस्कृति का आधार बताया और कहा कि भारत के लिए सहकारिता जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन को भी सहकारिता ने प्रेरित किया है। इस मौके पर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, फिजी के उप प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका, केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और यूएन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इससे पहले अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की शुरूआत के लिए यूएन का धन्यवाद किया और कहा कि ये फैसला पूरी दुनिया के करोड़ों किसान, महिलाएं व गरीब के सशक्तिकरण के लिए आशीर्वाद होगा।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

## संभल में मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा के बाद बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक, इंटरनेट बंद

संभल, एजेंसी

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन हुआ। बवाल के बाद कई तरह की पाबंदियां लगा दी गई हैं। संभल में एक दिसंबर तक बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। आदेश के मुताबिक जिले में बाहरी व्यक्ति, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि के प्रवेश पर लगाई रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने अतिसंवेदनशील स्थिति को देखते हुए ये कदम उठाया है। जानकारी के मुताबिक हिंसा और पथराव के बाद हिरासत में लिए गए लोगों के घरों से हथियार बरामद हुए हैं। उपद्रवियों पर एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी। हिंसा में चार युवकों की मौत हो गई है और पत्थरबाजी की घटना में 20 पुलिसकर्मी घायल हैं। जिले में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है और साथ ही सभी स्कूल बंद भी किए गए हैं। दो महिलाओं सहित 21 लोग हिरासत में लिए गए हैं।

सीसीटीवी के जरिए आरोपियों की पहचान की जा रही है। संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दरअसल 23 नवंबर को रविवार सुबह संभल जिले में शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने पहुंची टीम पर कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव किया। सर्वे की टीम को दूसरे पक्ष के लोगों ने पुलिस के साथ घेर लिया था और फिर पत्थरबाजी शुरू हो गई थी। इस घटना के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया। स्थिति को काबू करने के लिए आंसू गैसे के गोले छोड़े गए। यह सर्वेक्षण अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा संभल के सिविल जज की अदालत में याचिका दायर करने के कुछ दिनों बाद किया गया है, जिसमें दावा किया गया था कि शाही जामा मस्जिद एक मंदिर की जगह पर खड़ी है। हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही जामा मस्जिद हरिहर मंदिर है। इसी को लेकर रविवार सुबह साढ़े सात बजे से सर्वे का काम किया जा रहा था। इसी बीच मस्जिद के बाहर भीड़ जमा होने लगी और सर्वे के विरोध में हंगामा शुरू हो गया। अधिकारियों ने भीड़ को शांत कराने की कोशिश जरूर की लेकिन कुछ लोगों ने पुलिस की टीम को निशाना बनाते हुए पथराव शुरू कर दिया। हिंदू पक्ष की ओर से जामा मस्जिद को अदालत में हरिहर मंदिर का दावा किए जाने के बाद कोर्ट ने सर्वे के आदेश दिए थे। मस्जिद में 19 नवंबर की रात को सर्वे हुआ था और रविवार को फिर सर्वे करने के लिए टीम मस्जिद पहुंची थी। इस सर्वे के लिए मस्जिद कमेटी ने भी अपनी सहमति दी है और दोनों पक्ष की मौजूदगी में मस्जिद का सर्वे किया जा रहा है।

**संभल में 30 नवंबर तक बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक :**

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में सर्वेक्षण के काम के दौरान हुई हिंसा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने आगामी 30 नवंबर तक जिले में बाहरी लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि अब किसी भी बाहरी व्यक्ति, सामाजिक संगठन या जनप्रतिनिधि को जिले में दाखिल होने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। जिलाधिकारी राजेंद्र पेसीया ने रविवार देर रात जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि जिले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 163 के अंतर्गत 30 नवंबर तक निषेधाज्ञा लागू की गई है। स्थानीय अदालत में एक याचिका दायर कर दावा किया गया है कि जिस जगह पर जामा मस्जिद है, वहां पहले हरिहर मंदिर था। उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता एवं मामले में याचिकाकर्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) की अदालत ने जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के लिये ह्यएडवोकेट कमीशनह्ल गठित करने के निर्देश दिये थे, जिन्होंने 24 नवंबर को सर्वे की शेष कार्यवाही की। इसके बाद मुस्लिम समुदाय ने भारी विरोध प्रदर्शन करते हुए पथराव और आगजनी की। घटना के बाद संभल जिले का माहौल अति संवेदनशील हो गया है। जिलाधिकारी ने कहा, इसे देखते हुए एक अक्टूबर से लागू निषेधाज्ञा के वर्णित उपबंधों के अतिरिक्त उपबंधों को शामिल किया जाता है। अब कोई भी बाहरी व्यक्ति, अन्य सामाजिक संगठन अथवा जन प्रतिनिधि सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। उन्होंने कहा, यह आदेश निषेधाज्ञा एक अक्टूबर, 2024 का अभिन्न अंग रहेगा तथा तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा। संभल की जामा मस्जिद में अदालत के आदेश पर रविवार को किये जा रहे सर्वेक्षण का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए थे। इस दौरान तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। घटना में उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी समेत 20 लोग जख्मी भी हुए हैं।



### मुस्लिमों को किया जा रहा टारगेट, दोबारा सर्वे की नहीं थी जरूरत : संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क

यूपी के संभल जिले में रविवार को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा पर संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने इस हिंसा को पूर्व नियोजित बताया है। सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने मीडिया से बात करते हुए कहा, यह एक प्री-प्लान घटना है और अफसोस की बात यह है कि प्रदेश और देश के अंदर मुस्लिम समाज के लोगों को टारगेट करके काम किया जा रहा है। इससे ज्यादा बुरा हाल आजादी के बाद कभी नहीं हुआ होगा। जिस प्रकार से प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट का उल्लंघन किया जा रहा है। जब संसद ने 1991 में एक कानून बना दिया है कि 1947 से पहले के जितने भी धार्मिक स्थल अस्तित्व में है, उनके साथ किसी प्रकार की कोई छेड़खानी नहीं होगी, लेकिन इसके बावजूद जगह-जगह याचिकाएं दायर की जा रही हैं और उसी दिन आदेश भी दिए जा रहे हैं। जियाउर्रहमान बर्क ने आगे कहा, हमने इस मामले में शांतिपूर्वक सर्वे कराया, मगर जुमे की दिन बहुत सारे लोगों को नमाज पढ़ने से रोका गया। इतना ही नहीं, पुलिस बल की तैनाती भी की गई। इसके बावजूद हमने लोगों से कहा कि कोई कदम उठाने की जरूरत नहीं है और किसी दूसरी मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ें। हालांकि, जब एक बार सर्वे हो गया था तो दूसरी बार सर्वे की जरूरत क्यों आई? अगर उन्हें सर्वे कराना था तो वह कोर्ट का आदेश लेकर आते, लेकिन फिर भी उन्होंने सर्वे किया और जो लोग वहां पर थे तो उन्होंने जय श्री राम के नारे लगाए।

### संभल हिंसा की होनी चाहिए निष्पक्ष जांच, माहौल बिगाड़ने की कोशिश : सपा सांसद उत्क र्ष वर्मा

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में रविवार को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा पर लखीमपुर खीरी से सपा सांसद उत्कार्ष वर्मा की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने इस हिंसा की जांच की मांग की है। सपा सांसद उत्कसर्ष वर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, जो कुछ भी हुआ उसकी निष्पक्ष तरीके से जांच होनी चाहिए। मेरा मानना है कि निर्दोष लोगों को नहीं फंसाया जाना चाहिए। केवल माहौल बिगाड़ने का काम हो रहा है। वहीं यूपी उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन ने चुनाव लड़ा है। भाजपा ने बेईमानी से चुनाव लड़कर चुनाव में जीत हासिल की है। वहीं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा, संभल में हुई हिंसा निंदनीय है और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। सदन शुरू होने पर हमने सबसे पहले संभल का मुद्दा उठाने की कोशिश की, लेकिन नजरअंदाज कर दिया गया। पुलिस की गोलीबारी में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं और सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। घटना के एक प्रत्यक्षदर्शी निखिल गुप्ता के मुताबिक कल लगभग सुबह 8:30 बजे जामा मस्जिद के पास भारी भीड़ थी। लाठीचार्ज हुआ और एक विशेष समुदाय के लोगों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। एक वाहन को आग लगा दी गई उपद्रवियों द्वारा गोलीबारी की गई। उसका भी धुआं काफी तेज उठता हुआ दिख रहा था। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर रविवार को हिंसक विरोध प्रदर्शन हुआ। बवाल के बाद कई तरह की पाबंदियां लगा दी गई हैं। संभल में एक दिसंबर तक बाहरी व्यक्ति के प्रवेश और इंटरनेट पर भी रोक लगा दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा में प्रधानमंत्री के पहुंचते ही लगे मोदी-मोदी के नारे

नईदिल्ली। महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड जीत से उत्साहित सत्तापक्ष के सदस्यों ने सोमवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहुंचने पर ह्यमोदी-मोदीह्ल के नारे लगाकर उनका अभिवादन किया। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन की बैठक शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी जब पहुंचे तक केंद्रीय मंत्रियों समेत सत्तापक्ष के सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो गए और उन्होंने मोदी-मोदी के नारे लगाए। सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों ने जय भवानी का नारा भी लगाया। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के हाल में घोषित नतीजों में सत्तारूढ़ महायुति प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में कायम रहने में सफल रहा है। इस गठबंधन के घटक दलों में शामिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 132 सीट, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना को 57 और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को 41 सीट हासिल हुईं। विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) के तीनों घटक दल राकांपा (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (उबाठा) सामूहिक रूप से राज्य की 288 विधानसभा सीट में से केवल 46 पर ही जीत हासिल कर सके।

## अडानी, मणिपुर मामले पर लोस और रास में हंगामा, सदन बुधवार तक स्थगित



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में अडानी और मणिपुर मामले पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण दो बार की बाधा के बाद सदन की कार्यवाही बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी। दोपहर 12 बजे सदन के पुनः समवेत होते ही विपक्षी सदस्य खड़े होकर अडानी और मणिपुर मसले को लेकर शोरशराबा करने लगे और पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने व्यवस्था बनाये रखने की अपील का असर होते न देख कार्यवाही 27 नवंबर तक के लिये स्थगित कर दी। संविधान दिवस पर मंगलवार को दोनों सदनों की विशेष बैठक होगी। आज सदन की बैठक दोबारा शुरू होने के बाद विपक्ष के शोरशराबे के बीच समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव यह कहते हुये सुने गये उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा को लेकर उनकी पार्टी के सांसद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने के लिये पूरे प्रदेश को हिंसा की आग में झोंक रहे हैं। इसी के साथ ही शोरशराबा करते हुये विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच आने लगे। पीठासीन श्रीमती राय ने विपक्षी सदस्यों से कहा कि वे हंगामा न करें और सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने दें। शोरगुल शांत न होते देख उन्होंने विपक्ष से कहा, ह्लआप सदन की कार्यवाही चलाना नहीं चाहते। हंगामा बढ़ते देख श्रीमती राय ने सदन की कार्यवाही बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले शीतकालीन सत्र के पहले दिन आज सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा ने सदन के सदस्य रहे माननीयों को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी।

**राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित :**

नई दिल्ली। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने सोमवार को राज्यसभा में सभी विधायी कामकाज रोककर उद्योगपति गौतम अडानी से जुड़े कथित रिश्वत मामले पर चर्चा कराने की मांग की लेकिन सभापति ने इसे नामंजूर कर दिया जिसे लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही पहले 15 मिनट के लिए पौने बारह बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

## अडानी मुद्दे पर संसद में चर्चा जरूरी : खरगे



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि संसद के आज से शुरू हुए सत्र में उद्योगपति गौतम अडानी पर लगे आरोपों को लेकर चर्चा आवश्यक है ताकि विदेशों में भारत की छवि रक्षा की जा सके। श्री खरगे ने कहा संसद सत्र शुरू होने के साथ ही सरकार को सबसे पहले अडानी प्रकरण पर विस्तृत चर्चा करनी चाहिए। यह मुद्दा वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को धूमिल कर सकता है। इंडिया गठबंधन की पार्टियाँ यही माँग कर रही हैं, क्योंकि करोड़ों खुदरा निवेशकों की मेहनत की कमाई दांव पर लगी है। उन्होंने कहा, हमें देश को चलाने के लिए एकाधिकार और कार्टेल की जरूरत नहीं है। निजी क्षेत्र में स्वस्थ बाजार प्रतिस्पर्धा संचालित करने की जरूरत है ताकि समान अवसर, रोजगार और धन के समान वितरण की सुविधा प्रदान हो और भारत के लोगों में निहित उद्यमशीलता की भावना को पूरी हो। खरगे की अध्यक्षता में हुई गठबंधन नेताओं की बैठक नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले आज संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन के सदन के नेताओं की बैठक राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गठबंधन की लगभग सभी दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया और संसद के दोनों सदनों में गठबंधन की रणनीति को लेकर चर्चा की। बैठक में जालंधर मुद्दों पर सरकार से चर्चा करने की मांग पर बल दिया गया। श्री खड़गे के संसद भवन स्थित कार्यालय में इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक में लोकसभा में द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम के टी एस बालू, आरएसपी के प्रेमचंद्रन कांग्रेस के कैसी वेणुगोपाल, प्रमोद तिवारी सहित कई नेता मौजूद थे। बैठक में द्रमुक के त्रुची शिवा, कनिमोझी, सौगात राय तृणमूल, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास भी मौजूद थे।

**संसद सत्र** खरगे सहित विपक्ष के कई सदस्यों ने इस मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में स्थगन प्रस्ताव दिए..........

## संसद सत्र के दौरान विपक्षी गठबंधन की बैठक, सरकार को घेरने की रणनीति बनाई ; राहुल को लेकर की यह मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। आज से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। इस सत्र में अदाणी और वक्फ संशोधन विधेयक की ही गूंज सुनाई देने के आसार हैं। अदाणी समूह को लेकर समय-समय पर सरकार पर निशाना साधते रहे विपक्ष ने रिश्वत प्रकरण सामने आने के बाद और भी हमलावर रुख अपना लिया है। इसी को लेकर विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने सोमवार को एक बैठक की। इस दौरान उसने अदाणी समूह में कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाने और इस मामले पर जेपीसी की मांग करने का फैसला किया। संविधान दिवस पर बोलने की भी करेंगे मांग विपक्षी दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखने और दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं को मंगलवार को संविधान दिवस कार्यक्रम में बोलने के लिए आमंत्रित करने की मांग करने का भी फैसला लिया। पार्टी सूत्रों ने कहा कि पत्र में यह कहा जाएगा कि अगर प्रधानमंत्री बोल सकते हैं तो विपक्ष के नेता क्यों नहीं। संसद के दोनों सदनों में स्थगन प्रस्ताव दिए सदन में नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के संसद भवन कार्यालय में बैठक की। खरगे सहित विपक्ष के कई सदस्यों ने इस मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में स्थगन प्रस्ताव दिए हैं। बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर खरगे ने कहा, 'संसद सत्र शुरू होने के साथ ही सरकार को पहला कदम यह उठाना चाहिए कि वह अदाणी मामले पर विस्तृत चर्चा करें। इस मामले से दुनियाभर में भारत की छवि खराब हो सकती है। इंडिया ब्लॉक पार्टियां आज यही मांग कर रही हैं, क्योंकि करोड़ों खुदरा निवेशकों की मेहनत से अर्जित निवेश दांव पर है।' 'देश को चलाने के लिए गुटबाजी की जरूरत नहीं' उन्होंने आगे कहा, 'हमें इस देश को चलाने के लिए एकाधिकार और गुटबाजी की जरूरत नहीं है। हमें निजी क्षेत्र में स्वस्थ बाजार संचालित प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता है, जो समान अवसर, रोजगार और धन के समान वितरण की सुविधा देता है, जो भारत की अंतर्निहित उद्यमशीलता की भावना को पूरा करता है।' सूत्रों ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने अदाणी समूह के आसपास के मुद्दों पर एक संयुक्त संसदीय समिति की मांग करने का भी निर्णय लिया। यह लोग मौजूद रहे बैठक में कांग्रेस के सी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, नासिर हुसैन और मणिकम टैगोर, सपा के रामजी लाल सुमन, डीएमके केटीआर बालू, तिरुचि शिवा और कनिमोई करुणानिधि और एनसीपीएसपी की सुप्रिया सुले और आप नेता राघव चड्ढा शामिल हुए। माकपा नेता के. राधाकृष्णन, भाकपा नेता के संतोष कुमार और आईयूएमएल नेता ई. टी. मोहम्मद बशीर भी वहां मौजूद थे। एनडीए के एन के प्रेमचंद्रन, केरल कांग्रेस के नेता के. फ्रांसिस जॉर्ज, राजद के अभय कुमार सिन्हा, एमडीएमके के डॉ. फैयाज अहमद, भाकपा (एमएल) (एल) के नेता राजा राम सिंह और बीएपी के राजकुमार रोत भी बैठक में मौजूद थे। संविधान दिवस पर दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं को भी बोलने का अवसर दें इंडिया ब्लॉक के विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर उनसे आग्रह किया है कि संविधान दिवस समारोह के दौरान दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं को बोलने की अनुमति दी जाए। संविधान सभा द्वारा संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में मंगलवार को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विचार रखेंगे। कई दलों द्वारा हस्ताक्षर किए पत्र में कहा गया, 'हम संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कल (मंगलवार) भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित समारोह के संदर्भ में यह लेख लिख रहे हैं। हम समझते हैं कि समारोह को भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। हमारा मानना है कि संसदीय लोकतंत्र की सर्वोत्तम परंपराओं और हितों में दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं को भी इस ऐतिहासिक अवसर पर बोलने का अवसर दिया जाना चाहिए। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में टीआर बालू, तिरुचि शिवा, कनिमोझी, सुप्रिया सुले, राघव चड्ढा, पी संदोश कुमार, ईटी मोहम्मद बशीर, के राधाकृष्णन, रामजी लाल सुमन और एनके प्रेमचंद्रन शामिल हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 26 नवंबर, 2024


## संक्षिप्त समाचार

### निकाय चुनाव के लिए जिला प्रभारी बने सजवाण

**ऋषिकेश, एजेंसी।** कांग्रेस की ओर से आगामी नगर निगम चुनाव के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ नेता शूरवीर सिंह सजवाण को देहरादून जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके लिए ऋषिकेश महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा व प्रदेश प्रभारी शैलजा का आभार व्यक्त किया है। कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ के नेता शूरवीर सजवाण उत्तराखंड की पहली निर्वाचित सरकार में ऋषिकेश से विधायक बनकर मंत्री बने थे। वह जिले के एक-एक क्षेत्र से अच्छी तरह परिचित हैं। उनके नेतृत्व में निश्चित तौर पर कांग्रेस को आगामी निकाय चुनाव में लाभ मिलेगा।

### 26 को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे किसान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 26 नवंबर को तहसील मुख्यालय पर किसान सभा प्रदर्शन करेगी। इस दिन जिला और तहसील मुख्यालयों में होने वाले प्रदर्शनों में किसान शामिल होगें। केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान सभा ने तैयारियां शुरू कर दी है। संगठन के नेता किसानों से संपर्क कर रहे हैं। किसान सभा नया गन्ना मूल्य 500 प्रति क्विंटल देने की मांग कर रही है। किसान सभा के मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह ने बताया किसानों और श्रमिकों की मांगों का ज्ञापन प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा।

### खैर का पेड़ काट ले गए वन तस्कर

**ऋषिकेश, एजेंसी।** लच्छीवाला वन क्षेत्र के अंतर्गत फतेहपुर बीट में वन तस्कर खैर का एक पेड़ काट ले गए। काटे गए पेड़ की ठूंठ पर मिट्टी डालकर दबा दिया गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जंगल में टीम ने छानबीन की। काटे गए पेड़ का तना भी तस्कर ले गए हैं। पेड़ की गोलाई डेढ़ से दो फीट के करीब है। काटे गए पेड़ के कुछ अवशेष मौके पर पड़े हुए पाए गए हैं। भानियावाला हरिद्वार मार्ग के किनारे पहले भी कुछ पेड़ काटे गए थे। जिस पर वन विभाग ने कार्रवाई की थी। अब फिर तस्कर खैर का एक पेड़ काट ले गए हैं। रेंजर घनानंद उनियाल ने कहा कि फतेहपुर बीट से पेड़ नहीं बल्कि एक खैर का एक ठूंठ वन गुर्जरों ने काटा है। जिसके कुछ अवशेष भी मौके पर पड़े हुए हैं। वन विभाग की टीम जंगल में गश्त करते हुए देख रही है कि कहीं और पेड़ तो नहीं काटे गए हैं।

### लैंसडौन वन प्रभाग की कोटद्वार रेंज में दो हाथियों के बीच हुआ खूनी संघर्ष, एक की मौत

**देहरादून, एजेंसी।** लैंसडौन वन प्रभाग की कोटद्वार रेंज में हाथियों में खूनी संघर्ष के बीच एक की मौत हो गई। उत्तराखंड में लैंसडौन वन प्रभाग की कोटद्वार रेंज के अंतर्गत पनियाली बीट के आरक्षित वन क्षेत्र में दो वयस्क हाथियों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान एक हाथी की मौत हो गई। लैंसडौन वन प्रभाग के डीएफओ आकाश गंगवार ने बताया कि पनियाली बीट में दो वयस्क नर हाथियों के बीच संघर्ष में एक हाथी की मौत हो गई है। पोस्टमार्टम के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### वर्षों बाद नजर आया हिमालयन गिद्धों का कुनबा



**टनकपुर (चंपावत), एजेंसी।** पर्यावरण संतुलन बनाने में भूमिका निभाने वाले हिमालयन गिद्धों का झुंड कई वर्षों बाद नायकगोठ के रोखड़ में नजर आया।
डिग्री कॉलेज के जंतु विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. होशियार सिंह ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से हिमालयन गिद्ध मुख्य रूप से हिमालयी पठार के ऊंचे क्षेत्रों में 1200 से 5500 मीटर की ऊंचाई पर रहते हैं। लंबी चोंच वाले भारतीय गिद्ध कुछ अन्य प्रजातियों की तुलना में छोटे होते हैं। भारतीय गिद्धों का जीवनकाल 40 से 45 वर्ष का होता है।

## डॉ. अवस्थी को नेपाल में मिला मैत्री साहित्य सम्मान



**पिथौरागढ़, एजेंसी।** पिछले लंबे समय से भारत और नेपाल में नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चला रहे साहित्यकार डॉ. पीतांबर अवस्थी को मैत्री साहित्य से सम्मानित किया गया है। नेपाल के कंचनपुर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री बहादुर सिंह थापा ने डॉ. अवस्थी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने डॉ. अवस्थी के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति अभियान से युवा पीढ़ी नशे के दलदल में जाने से बच सकेगी। दोनों देशों में इस तरह के कार्यों से दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी के संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे। कार्यक्रम में नीलम लेखक, तीर्थराज पांडेय, हेमबाबू लेखक, मनोज कुमार, रामचंद्र रेग्मी आदि रहे। डॉ. अवस्थी विभिन्न विषयों पर 18 पुस्तकें लिख चुके हैं। डॉ. अवस्थी को सम्मानित किए जाने पर ज्ञान प्रकाश संस्कृत पुस्तकालय के सदस्यों सहित सामाजिक संगठनों ने खुशी व्यक्त की है।

# पायर फिल्म को मिला सर्वश्रेष्ठ ऑडियंस अवार्ड



**बेड़ीनाग (पिथौरागढ़), एजेंसी।** फिल्मकार विनोद कापड़ी की चर्चित फिल्म पायर को टालीन ब्लैक नाइट्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ ऑडियंस अवार्ड मिला है। शनिवार देर रात एस्टोनिया के टालीन शहर में फेस्टिवल के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में फिल्म की टीम ने मंच से अवार्ड व दर्शकों की तालियां बटोरीं।

फिल्मकार विनोद कापड़ी ने टालीन से फोन पर बताया कि फिल्म फेस्टिवल के समापन दिवस पर फिल्म की एक विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई है। कार्यक्रम में पायर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का ऑडियंस अवार्ड दिए जाने की घोषणा हुई तो हॉल तालियों से गड़गड़ा उठा।

फिल्मकार विनोद कापड़ी, फिल्म के नायक पदम सिंह, नायिका हीरा देवी, साक्षी जोशी और अरिंद्र चौधरी ने मंच पर पहुंचकर अवार्ड प्राप्त किया। विनोद कापड़ी ने कहा की फिल्म के दोनों बुजुर्ग कलाकार ग्रामीण पृष्ठभूमि के नॉन एक्टर हैं। उन्होंने पहली बार कैमरा देखा है। उन्होंने पहली बार हवाई और विदेश यात्रा की है। पहली बार फेस्टिवल में अवार्ड भी पा लिया है। कार्यक्रम में फिल्म के नायक- नायिका पारंपरिक कुमाऊंनी परिधान में पहुंचे थे।

पायर को सर्वश्रेष्ठ ऑडियंस अवार्ड मिलने पर बेड़ीनाग क्षेत्र में खुशी की लहर है। यह फिल्मकार विनोद कापड़ी का गृहक्षेत्र है। नायक पदम सिंह के ओखाड़ा गांव और नायिका हीरा देवी के गढ़तिर गांव में उनके परिजनों और ग्रामीणों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया।

फिल्म की शूटिंग वर्ष 2022 में बेड़ीनाग के ग्रामीण क्षेत्रों में हुई थी। चौपाता गांव में पहाड़ के परंपरागत मकान का सेट तैयार किया गया था। यह मुख्य लोकेशन थी। इसके अतिरिक्त बेलकोट, पुरानाथल, रीठा, चौकोड़ी, गराउ, नाचनी में लगभग दो माह तक फिल्म की शूटिंग चली थी। फिल्म के सभी कलाकार उत्तराखंड के हैं। पायर उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन के बाद के ताजा हालात पर आधारित फिल्म है। फिल्म में एक बुजुर्ग दंपति की प्रेम कहानी और जीवन की वास्तविकता को दर्शाया गया है।

## 22 दिनी जागर में आशीर्वाद लेने पहुंच रहे श्रद्धालु



**लोहाघाट (चंपावत), एजेंसी।** विकासखंड बाराकोट के कालाकोट में चल रहे भूमिया देवता के 22 दिनी जागर सुनने के लिए दूर दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयासों से 120 साल बाद गांव में जागर का आयोजन किया जा रहा है। रविवार की पुरोहित शेखर चंद्र पाटनी ने पूजा अर्चना कराई। सुबह देव डांगरों ने पूजा की। जागर गायक दिनेश सिंह अधिकारी, कल्याण सिंह जागर में लोक देवताओं का आवाहन कर रहे हैं। वहां समिति अध्यक्ष उमेश कालाकोटी, प्रेम राम, मदन मोहन, अनिल, घनश्याम, अंकित,महेश, केशव राम, हरिराम, विजय कालाकोटी आदि मौजूद रहे।

## युवाओं को ले जा रही बस को नशे में चला रहा था चालक

**लोहाघाट (चंपावत), एजेंसी।** पिथौरागढ़ में प्रादेशिक सेना भर्ती में शामिल युवाओं को टनकपुर की ओर ले जा रहे नशेड़ी चालक का पुलिस ने चालान कर दिया। पुलिस ने बस को सीज कर युवाओं को दूसरे वाहनों से टनकपुर की ओर रवाना किया। यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

बाराकोट पुलिस चौकी प्रभारी हरीश प्रसाद ने बताया कि शनिवार रात को पुलिस ने घाट क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया था। उन्होंने बताया कि 112 हेल्प लाइन की सूचना पर जनपद पिथौरागढ़ में सेना भर्ती में शामिल युवाओं को लेकर टनकपुर आ रही निजी बस की जांच की तो चालक इंद्र राम निवासी चौखुटिया जिला अल्मोड़ा नशे की हालत में मिला। साथ ही चालक के पास डीएल तक नहीं था।

एसपी अजय गणपति ने बताया कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस, नशे में वाहन चलाने पर पुलिस ने आरोपी चालक का धारा 3/181,185,202,207 एमवी एक्ट में चालान कर गिरफ्तार कर लिया और उक्त वाहन को सीज कर दिया। युवाओं को अन्य वाहनों के जरिए टनकपुर भेजा गया।

## मैदानों में कोहरे और ठंडी हवाओं से गिरने लगा तापमान



**देहरादून, एजेंसी।** ऊंचाई वाले इलाकों में हुई सीजन की पहली बर्फबारी से सुबह-शाम के साथ दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। उधर मैदानी इलाकों में कोहरा और ठंडी हवाओं के चलने से तापमान गिरने लगा है। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों का कहना है कि इस सप्ताह प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। मानसून विदाई के बाद भले प्रदेश भर में बारिश न हुई हो। लेकिन ऊंचाई वाले इलाकों में हुई सीजन की पहली बर्फबारी से सुबह-शाम के साथ दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। आंकड़ों पर नजर डाले तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री इजाफे के साथ 26.6 और न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आज (सोमवार) मौसम शुष्क रहेगा। केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, इस सप्ताह प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। हालांकि मैदानी इलाकों में सुबह-शाम हल्का कोहरा छाए रहने से तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। इसके अलावा उत्तर पश्चिमी हवाओं के भी चलने से तापमान में असर देखने को मिलेगा।

## डॉ. रवि सनवाल टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित



**लोहाघाट (चंपावत), एजेंसी।** राजकीय पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता डॉ. रवि सनवाल को उच्च शिक्षा के क्षेत्र मैं उल्लेखनीय कार्य करने के लिए टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रो. संगीता गुप्ता ने बताया कि दून में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ. सनवाल को पुरस्कार डीजीपी अभिनव कुमार ने दिया। बताया कि उत्तराखंड के प्रतिष्ठित पुरस्कार का आयोजन प्रतिवर्ष देहरादून इंटरनेशनल साइंस एंड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल के अंतर्गत किया जाता है। डॉ. सनवाल छात्र, छात्राओं की शिक्षा, शोध, खेल एवं सामाजिक गतिविधियों में भी अपना महत्वपूर्ण देते हैं। इस मौके पर उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति ओमकार सिंह, यूकॉस्ट के डायरेक्टर जनरल प्रो. दुर्गेश पंत, उत्तराखंड उच्च शिक्षा के संयुक्त निदेशक प्रो. एएस उनियाल आदि थे। डॉ. सनवाल की उपलब्धि प्राचार्य प्रो. संगीता गुप्ता, डॉ. रेखा जोशी, डॉ. बीपी ओली, डॉ दिनेश व्यास, डॉ. प्रकाश लखेड़ा, डॉ. कमलेश शक्टा आदि ने बधाई दी है। जिले के पाटी ब्लॉक के सुदूर ग्राम बड़ेत के डॉ. डीएन गहतोड़ी को देहरादून में आयोजित देहरादून अंतरराष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी महोत्सव में टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। 20 से 23 नवंबर तक आयोजित महोत्सव में रसायन विज्ञान विषय में उत्कृष्ट शोधकार्य और शिक्षण कार्य के लिए डॉ. गहतोड़ी को यह सम्मान डीजीपी उत्तराखंड अभिनव कुमार ने दिया। डॉ. गहतोडी वर्तमान में सरदार भगत सिंह डिग्री कॉलेज रुद्रपुर में रसायन विज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी उपलब्धि पर कई लोगों ने बधाई दी है।

## गाली देने पर टोका तो डंडा मारकर सिर फोड़ा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** एक व्यक्ति ने घर के आगे गाली देने का विरोध किया तो आरोपी ने उसके सिर पर डंडा मारकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। वार्ड नंबर दो शिवनगर निवासी संजय ने ट्रांजिट कैंप थाने में दी तहरीर में कहा कि 22 नवंबर को वह अपने कमरे में सो रहा था। सुबह साढ़े पांच बजे उसके कमरे के दरवाजे पर पड़ोस में किराये पर रहने वाला युवक अमित गालीगलौज कर रहा था। वह नींद से उठकर कमरे से बाहर आया और अमित को गाली देने से मना किया।आरोप है कि आवेश में आए अमित ने उसके सिर पर डंडा मार दिया। इससे वह जमीन पर गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे आरोपी से बचाया। इस दौरान आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस हमले में उसके सिर पर सात टांके आए और चेहरे पर गुम चोटें आई थी।

### बसों की आवाजाही नहीं होने से यात्री हो रहे परेशान

**गरमपानी (नैनीताल), एजेंसी।** भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब की पहाड़ी से गिरता मलबा यात्रियों के लिए मुसीबतें पैदा कर रहा है। क्वारब से नौवें दिन भी बसों की आवाजाही नहीं हो पाई। इससे यात्रियों को छोटे वाहनों में अतिरिक्त किराया देकर अल्मोड़ा तक आवाजाही करने को मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन सड़क पर मलबा गिरने और जमीन के धंसाव के चलते बड़े वाहनों की आवाजाही सुचारु नहीं हो पा रही है। वहीं अल्मोड़ा हाईवे किनारे होटल, रेस्टोरेंट संचालकों के साथ स्थानीय व्यापारियों का कारोबार प्रभावित होने से उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान पहुंच रहा है।

## फर्नीचर शोरूम का गेट तोड़कर अंदर घुसे बदमाश, 20 मिनट तक आराम से गिनी नकदी, फिर लेकर हुए फरार



**रुड़की , एजेंसी।** दो युवकों ने शोरूम के पुराने गेट को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद गल्ला उठा लिया और करीब 20 मिनट तक ही अंदर रहकर गल्ला किसी लोहे की वस्तु से तोड़ा।

रुड़की में चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर चोरों ने एक फर्नीचर शोरूम को निशाना बनाया है। चोर शोरूम के पीछे लगा पुराना गेट तोड़कर अंदर घुसे और गल्ला तोड़कर नकदी चोरी कर ली। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र स्थित शेखपुरी निवासी सुरेंद्र सिंह की बीएसएम कॉलेज के पास ही अमर फर्नीचर के नाम से शोरूम है। शोरूम का मेन गेट हाईवे की तरफ है, जबकि एक पुराना गेट पीछे की तरफ लगा है। घटना शनिवार रात करीब 11 बजे की है। दो युवकों ने पुराने गेट को तोड़कर शोरूम के अंदर प्रवेश किया। इसके बाद गल्ला उठा लिया और करीब 20 मिनट तक ही अंदर रहकर गल्ला किसी लोहे की वस्तु से तोड़ा। इतना ही नहीं चोरों ने शोरूम में ही बैठकर गल्ले से निकली नकदी की गिनती भी की। इसके बाद वह शोरूम से बाहर निकल गए। रविवार की सुबह सुरेंद्र ने शोरूम खोला तो देखा की गल्ला टूटा पड़ा है। जिसमें से कुछ नकदी, पुराने सिक्के और चाबियां गायब हैं। उन्होंने शोरूम के बाहर और अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो पूरी घटना दिखी।

शोरूम मालिक की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी उपलब्ध कराई गई है। कोतवाली प्रभारी ऐश्वर्य पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया जा रहा है। जबकि फुटेज के आधार पर युवकों की पहचान भी कराई जा रही है।

## पेंटिंग से परिवार का भरण पोषण कर रही अनसुईया

**ऋषिकेश, एजेंसी।** स्वर्गाश्रम क्षेत्र के गंगा लाइन मार्ग पर मध्यप्रदेश निवासी अनसुईया श्यामा सड़क किनारे बैठकर गोंड कलां को उकेर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही हैं। गोंड कला पेंटिंग एक लोकप्रिय आदिवासी कला है।

मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध गोंड पेंटिंग को भौगोलिक संकेत (जीआई) के रूप में भी नामित किया गया है। अनसुईया ने बताया कि उन्हें पेंटिंग बनाने की प्रेरणा उनके बड़े भाई से मिली। जिसके बाद उन्होंने मन में ठान लिया कि वह अपनी प्रदेश की इस कला को कभी खत्म नहीं होने देंगी।

उन्होंने गोवा, शिमला जैसे कई बड़े शहरों में अपनी पेंटिंग बनाई है, जो स्थानीय स्तर पर काफी पसंद की गई। उन्होंने बताया कि उनका 20 वर्षीय पुत्र सुजीत और 18 वर्षीय पुत्री रंजना भी उनके काम में हाथ बंटाते हैं। बीते 12 वर्ष पूर्व उनके पति लामू श्यामा की बिजली का करंट लगने से दिमागी हालत खराब हो गई थी। जिसके बाद से वह मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हुए हैं। जिसके कारण उनके दोनों बच्चों की पढ़ाई भी पूरी नहीं हो सकी।

वह चित्रकारी कर अपने परिवार की आजीविका चला रही हैं। अब दोनों बच्चे भी इस काम में उनका हाथ बंटाते लगे हैं। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण होता है। वह तीन साल से स्वर्गाश्रम क्षेत्र में सड़क किनारे बैठकर पेंटिंग बना रही हैं। यह पेंटिंग बाहरी राज्यों और विदेशी पर्यटकों को खूब भाती है और वह इसे खरीद कर ले जाते है। गोंड चित्रकारी को भी जीआई टैग मिलने से यह राज्य की धरोहर के रूप में पेटेंट कर दिया गया है।

## प्रादेशिक सेना भर्ती में दौड़े झारखंड के 1200 युवा



**पिथौरागढ़, एजेंसी।** झारखंड के युवाओं की भर्ती प्रक्रिया रविवार को हुई। सुबह से ही युवाओं का भर्ती स्थल देवकटिया मैदान पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। युवा तड़के मैदान के बाहर पहुंचे और भर्ती दौड़ के लिए नंबर लगाया। सेना में जाने का सपना पूरा करने के लिए झारखंड से पहले दिन 1200 युवाओं ने दौड़ लगाई। युवाओं की सुविधा के लिए परिवहन विभाग की ओर से रविवार को भी आठ अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया। सोमवार को भी झारखंड के युवा दौड़ लगाएंगे। 26 और 27 को नवंबर को दस्तावेजों की जांच, ट्रेड परीक्षण और मेडिकल होगा। अब युवाओं की भीड़ कम हो चुकी है। इससे प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। रविवार को भर्ती स्थल या बस स्टेशन कहीं भी भीड़ नजर नहीं आई। भर्ती के लिए आए युवाओं के लिए आठ अतिरिक्त बसों का संचालन होने से काफी राहत मिली। जिले में चल रही प्रादेशिक सेना भर्ती रैली में भीड़ सामान्य होने से सीमांत के यात्रियों को भी राहत मिल गई है। दिल्ली, देहरादून समेत सभी पुराने रूटों पर सीधी बस सेवा शुरू हो गई है। बीते दिनों तक 54 बसें युवाओं को लाने और वापस छोड़ने के लिए सिर्फ टनकपुर और हल्द्वानी को तक दौड़ाई गई थी। स्टेशन इंचार्ज रमेश प्रसाद ने बताया कि रविवार को सेना भर्ती में आए युवाओं को छोड़ने के लिए टनकपुर और हल्द्वानी रूट पर केवल आठ बसें भेजी गई हैं।

## राज्य में बुग्यालों के संरक्षण के लिए तैयार होगी एसओपी



**उत्तरकाशी , एजेंसी।** दयारा बुग्याल का भ्रमण कर लौटे राज्य के प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) डॉ. धनंजय मोहन और भागीरथी वृत्त के वन संरक्षक धर्म सिंह मीणा ने कहा कि दयारा बुग्याल के साथ अन्य बुग्यालों में भी आगे बढ़ाते हुए भूस्खलन और भू-धंसाव रूपी घाव पर जियो जूट रूपी मरहम पट्टी की जाएगी।

राज्य के बुग्यालों (हरे घास के मैदान) के संरक्षण के लिए वन विभाग एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार करेगा। दयारा बुग्याल सहित राज्य के अन्य बुग्यालों में प्राकृतिक और मानवीय कारण से बढ़ते भूस्खलन और भू-धंसाव को रोकने के लिए विभाग ने यह निर्णय लिया है।

साथ ही विभाग बुग्यालों के संरक्षण के संबंध में हाईकोर्ट की ओर से जारी निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित करेगा। यह जानकारी दयारा बुग्याल का भ्रमण कर लौटे राज्य के प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) डॉ. धनंजय मोहन और भागीरथी वृत्त के वन संरक्षक धर्म सिंह मीणा ने रविवार को पत्रकार वार्ता में दी।

पीसीसीएफ ने कहा, दयारा बुग्याल पारिस्थितिकी के लिहाज से महत्वपूर्ण संवेदनशील क्षेत्र है। इस बुग्याल पूर्व में जो पारिस्थितिकी पुनर्स्थापना का काम किया गया था, उसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्हें दयारा के साथ अन्य बुग्यालों में भी आगे बढ़ाते हुए भूस्खलन और भू-धंसाव रूपी घाव पर जियो जूट रूपी मरहम पट्टी की जाएगी।

उन्होंने दयारा के नीचे गोई नामक स्थान पर भूस्खलन की रोकथाम को भी उपचार कार्य शुरू करने की बात कही। वहीं, वन संरक्षक भागीरथी वृत्त धर्म सिंह मीणा ने कहा, बुग्याल संरक्षण योजना में अभी तक 22 बुग्यालों में करीब 83 हेक्टेयर क्षेत्र में काम हुआ है। सभी बुग्यालों में जो जैविक दबाव पड़ रहे, उसे कम करने को जल्द एक एसओपी तैयार की जाएगी।

पीसीसीएफ ने गंगोत्री के निकट लंका में निर्माणाधीन हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया। कहा, केंद्र के निर्माण के लिए नींव तैयार करने का काम पूरा कर लिया गया है। इसके बाद अन्य निर्माण कार्य अधिक गति से होंगे। एक साल में यह केंद्र बनकर तैयार हो जाएगा। यह क्षेत्र की अद्भुत प्राकृतिक वातारण से पर्यटकों का परिचय कराएगा। कहा, गंगोत्री नेशनल पार्क एक दशक में ट्रांस हिमालयन नेशनल पार्क के रूप में उभरा है। वन्य जीव संस्थान की ओर से किए गए आंकलन में यहां हिम तेंदुओं की भी अच्छी संख्या दर्ज की गई है।

# आप सांसद संजय सिंह ने अडानी के भ्रष्टाचार मामले पर चर्चा के लिए राज्यसभा में दिया नोटिस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में अडानी के भ्रष्टाचार को नोटिस दिया है। उन्होंने नोटिस में अमेरिकी अदालत में अडानी के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार की जांच पर विस्तृत चर्चा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों और केंद्र सरकार के बीच अनैतिक व प्रत्यक्ष गठजोड़ के कारण देश में पूंजीवाद बढ़ रहा है और अमीर-गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। यह भ्रष्टाचार सिर्फ एक उद्योगपति तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे देश की पूरी अर्थ व्यवस्था और संविधान पर गहरा संकट पैदा हो सकता है। कहा कि केंद्र सरकार इस मामले पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है और इन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सरकार अडानी समूह को लाभ पहुंचाने के लिए राज्य सरकारों पर दबाव बनाती रही है। इसलिए अमेरिका की तरह भारत में भी अडानी समूह के भ्रष्टाचार की जांच की जानी चाहिए। आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में यह नोटिस नियम 267 नियमों के निलंबन के तहत दिया गया। जिसमें सदन के और सभी मुद्दों पर चर्चा रोक कर उद्योगपति अडानी के भ्रष्टाचार के मामले पर चर्चा की मांग की है। देश के बड़े उद्योगपति गौतम अडानी, उनके उद्योगपति साथियों और सरकार की मिलीभगत से हुए भ्रष्टाचार के मामले को इंगित किया है। संजय सिंह ने इस मामले को अमेरिका की अदालत में उठाए गए एक बड़े भ्रष्टाचार मामले के रूप में बताया, जिसमें 2000 करोड़ से ज्यादा का घोटाला सामने आया है।

संजय सिंह ने आरोप लगाया कि इस मामले में सरकार और कारपोरेट क्षेत्र के कई लोग मिलकर देश की आर्थिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों और सरकार के बीच अनैतिक और प्रत्यक्ष गठजोड़ के कारण पूंजीवाद का प्रभाव बढ़ रहा है और अमीर-गरीब के बीच की खाई और चौड़ी हो रही है। अगर पूंजीपति सरकार से मिलीभगत करके नीतियों को प्रभावित करेंगे और आम आदमी के हक को छीनेंगे, तो यह संविधान की मूल आत्मा की हत्या होगी। संजय सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ऐसे मामलों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है और इन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने सदन से अपील की कि नियम 267 के तहत इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल चर्चा हो, ताकि इस पर सरकार का रवैया स्पष्ट किया जा सके और उचित कार्रवाई की जा सके।

आम आदमी पार्टी सांसद ने कहा कि यह भ्रष्टाचार केवल एक उद्योगपति के निजी मामले तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे देश की पूरी आर्थिक व्यवस्था और संविधान की मयार्दाओं पर गहरा संकट उत्पन्न हो सकता है। श्री सिंह ने यह भी कहा कि इस मामले पर चर्चा करने से पहले सदन की सभी कार्यवाहियों को रोक दिया जाए, ताकि इस पर गहरी और समुचित बहस हो सके। बता दें कि आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह सड़क से लेकर संसद तक हमेशा से अडानी विवाद पर हमलावर रहे हैं। इस बार जब उद्योगपति गौतम अडाणी का नाम अमेरिका के एक विवाद में सामने आया है, संजय सिंह दोबारा हमलावर हो गए हैं। वर्तमान विवाद सामने आने के बाद उन्होंने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार अडानी समूह को लाभ पहुंचाने के लिए राज्य सरकारों पर दबाव बनाती रही है। उन्होंने अमेरिका की तरह भारत में भी इस विवाद की जांच की मांग की है।

# न्याय यात्रा को तिमारपुर में कामयाब बनाने पर आभार जताया आदेश भारद्वाज ने

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली न्याय यात्रा को चरम पर पहुंचाने और यात्रा के उद्देश्य को जन जन तक पहुंचाने में कांग्रेसी कार्यकताओं का बहुत बड़ा योगदान है। करावल नगर जिले की सभी विधानसभाओं से यात्रा गुजर चुकी वहां अपने इन्हीं कार्यकताओं की हौसलाअफजई और धन्यवाद करने के लिए जिलाध्यक्ष द्वारा इन्हें चाय पर आमंत्रित कर अपने कार्यकताओं को आगे के लिए भी तैयार रहने के लिए आगाह किया जा रहा है। इसी तरह की एक धन्यवाद बैठक तिमारपुर विधानसभा में भी की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने की। इस बैठक में कांग्रेस सचिव जितेन्द्र सिंह बघेल, जिला आब्जर्वर डॉ पी के मिश्रा उपस्थित रहे। इस धन्यवाद बैठक का आयोजन जिला महासचिव वीर सिंह और जिला उपाध्यक्ष बलजीत शर्मा ने किया। कार्यकताओं में जोश भरते हुए इन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की बुनियाद उसके कार्यकर्ता होते हैं और अपने इन्हीं कार्यकताओं के बूते आज कांग्रेस देश की बड़ी और मजबूत पार्टी बनी हुई है। इन्हीं कार्यकताओं ने यात्रा के संदेश को लोगो तक पहुंचाया जिसके चलते लोग अपने घरों से निकल रहे है और अपनी समस्याओं को श्री देवेंद्र यादव जी के सामने रख रहे हैं। लोग आज भी शीला जी की कांग्रेस सरकार के कार्यों की सराहना कर रहे हैं। और लोग चाहते हैं कि फिर से कांग्रेस की सरकार आए और उनको परेशानियों से निजात मिले। क्योंकि झूठ और पाखंड के दम पर सत्ता हथियाने वाले लोगो ने दिल्ली की जनता को धोखे के अलावा कुछ नहीं दिया। ये लोग न ही ढंग की सड़कें दे पा रहे हैं, ना साफ पीने का पानी से प रहे हैं। जो दिल्ली कभी क्लीन दिल्ली ग्रीन दिल्ली की टैग लाइन के साथ चमकती थी उस दिल्ली को आज कूड़े के ढेर में तब्दील कर देश का सबसे प्रदूषित शहर बना दिया है। उन्होंने भाजपा के सातों सांसदों की कार्यशैली की घोर निंदा करते हुए कहा कि भाजपाई सांसद पोस्टरबाजी के अलावा कहीं दिखाई नहीं देते। जिन लोगों को यह लोग घोटाले में शामिल बताते हैं कुछ दिन बाद उन्हीं लोगों को अपनी पार्टी में शामिल कर लेते हैं। कैलाश गहलोत इसका ताजा उदाहरण है। आरोप प्रत्यारोप लगाने के अलावा इनको जनता के मुद्दे कभी नजर नहीं आते। लेकिन इस बार जनता ऐसे दोगले लोगों को उखाड़ फेंकने का मूड बना चुकी है। और इसबार दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इस धन्यवाद बैठक में जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, रेखा रानी, अंकित प्रधान, वीर सिंह प्रधान, भगत चौहान, रामकिशन चौहान, चुन्नी लाल, एस के अग्रवाल, सुंदर पाल, रवि कुमार, कुशल पाल चौहान, वीरेंद्र सिंह चौहान, सविता चौधरी, साधना शर्मा, जगमोहन चौहान, प्रेम सिंह चौहान, प्रदीप चौहान, युद्धवीर चौहान, शेखर चौहान, नरेंद्र चौहान, श्याम सिंह चौहान, ब्रह्म सिंह चौहान, अशोक चौहान, वरुण, राजेंद्र प्रजापति, दीपक ज्ञान सिंह के अलावा अन्य कार्यकर्ता और ग्राम समाज कल्याण से जुड़े लोगो ने शिरकत की।

# पूरी दिल्ली में मिल रहा है समर्थन दिल्ली कांग्रेस की न्याय यात्रा को : संजय गौड़



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

बाबरपुर विधानसभा के तहत कर्दम पुरी वार्ड से नगर निगम का व्हुनव लड़े अधिवक्ता संजय गौड़ का कहना है दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव द्वारा निकाली जा रही न्याय यात्रा को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस अपर सफलता को देखते हुए कहा जा सकता है दिल्ली अब बदलाव चाहती है और दिल्ली के लोग कांग्रेस को मौका देने का मन बना चुके हैं। संजय गौड़ कहते हैं ने कहा कि अन्याय के खिलाफ दिल्लीवालों को न्याय दिलाने के लिए दिल्ली की सड़कों पर 8 नवम्बर से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में निकाली जा रही दिल्ली न्याय यात्रा ने लगभग 45 विधानसभाओं में सफलता पूर्वक अपना सफर तय कर लिया है। संजय गौड़ कहते हैं कि जहां दिल्ली न्याय यात्रा को दिल्ली की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है वहीं देवेन्द्र यादव द्वारा यात्रा के दौरान हर वर्ग, गरीब, अमीर, मध्यम वर्ग, सड़क पर अजीविका चलाने वाला, रेहड़ी पटरी, खोमचा वाला, सब्जी वाला, मोची, नाई, धोबी, खाना बनाकर बेचनेवाला, समोसे, पकोड़े वाला हर किसी की समस्याओं की परेशानियों को संवेदनशीलता से सुन रहे है। श्री यादव लोगों को भरोसा जता रहे है कि हम आपके लिए काम करेंगे और कांग्रेस के साथ आश्वस्त दिखाई पड़ रहे है। संजय गौड़ कहते हैं कि पिछले 11 वर्षों के कुशासन, भ्रष्टाचार और जनता की अनदेखी के कारण जनता का भरोसा भाजपा और आम आदमी पार्टी से उठ चुका है। लोग बदलाव चाहते है, यही कारण है देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में चल रही दिल्ली न्याय यात्रा में हर दिन दिल्ली के लोगों की संख्या बढ़ रही है, जनता का भरपूर समर्थन और प्यार मिल रहा है। लोगों की परेशानियों और पीड़ा पर चर्चा करके आम आदमी पार्टी और भाजपा के झूठ, फरेब का पदार्फाश कर रहे है, जनता दोनो दलों को नकार चुकी है और 2025 में निश्चित ही बदलाव चाहती है।

# सांसद संजय सिंह ने अडानी के मामले पर चर्चा के लिए राज्यसभा में दिया नोटिस

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में अडानी के भ्रष्टाचार पर नोटिस दिया है। उन्होंने नोटिस में अमेरिकी अदालत में अडानी के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार की जांच पर विस्तृत चर्चा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों और केंद्र सरकार के बीच अनैतिक व प्रत्यक्ष गठजोड़ के कारण देश में पूंजीवाद बढ़ रहा है और अमीर-गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। संजय सिंह ने कहा कि यह भ्रष्टाचार सिर्फ एक उद्योगपति तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे देश की पूरी अर्थव्यवस्था और संविधान पर गहरा संकट पैदा हो सकता है। कहा कि केंद्र सरकार इस मामले पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। अमेरिका की तरह भारत में भी अडानी समूह के भ्रष्टाचार की जांच की जानी चाहिए। हालांकि राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित हो गई है।

अमेरिकी अदालत में अडानी के खिलाफ याचिकाः आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में यह नोटिस नियम 267 नियमों के निलंबन के तहत दिया है। जिसमें सदन के और सभी मुद्दों पर चर्चा रोक कर उद्योगपति अडानी के भ्रष्टाचार के मामले पर चर्चा की मांग की है। देश के बड़े उद्योगपति गौतम अडानी, उनके उद्योगपति साथियों और सरकार की मिलीभगत से हुए भ्रष्टाचार के मामले को इंगित किया है। संजय सिंह ने इस मामले को अमेरिका की अदालत में उठाए गए एक बड़े भ्रष्टाचार मामले के रूप में बताया गया, जिसमें 2000 करोड़ से ज्यादा का घोटाला सामने आया है।

संजय सिंह का आर्थिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का आरोपः संजय सिंह ने आरोप लगाया कि इस मामले में सरकार और कॉर्पोरेट क्षेत्र के कई लोग मिलकर देश की आर्थिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों और सरकार के बीच अनैतिक और प्रत्यक्ष गठजोड़ के कारण पूंजीवाद का प्रभाव बढ़ रहा है और अमीर-गरीब के बीच की खाई और चौड़ी हो रही है। अगर पूंजीपति सरकार से मिलीभगत करके नीतियों को प्रभावित करेंगे और आम आदमी के हक को छीनेंगे, तो यह संविधान की मूल आत्मा की हत्या होगी। संजय सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ऐसे मामलों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है, और इन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने सदन से अपील की है कि नियम 267 के तहत इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल चर्चा हो, ताकि इस पर सरकार का रवैया स्पष्ट किया जा सके और उचित कार्रवाई की जा सके। सबसे पहले अडानी मामले पर चर्चा की अपीलः आम आदमी पार्टी सांसद ने कहा कि यह भ्रष्टाचार केवल एक उद्योगपति के निजी मामले तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे देश की पूरी आर्थिक व्यवस्था और संविधान की मयार्दाओं पर गहरा संकट उत्पन्न हो सकता है। यह भी कहा कि इस मामले पर चर्चा करने से पहले सदन की सभी कार्यवाहियों को रोक दिया जाए, ताकि इस पर गहरी और समुचित बहस हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### काला जठेड़ी गैंग का शूटर हथियार के साथ गिरफ्तार

नई दिल्ली। काला जठेड़ी गैंग के एक शार्प शूटर को छावला थाना पुलिस टीम ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान इकबाल उर्फ मिक्कू के रूप में हुई है। इसके पास से चोरी की स्कूटी, जिंदा कारतूस और कंट्री मेड पिस्टल बरामद किया गया। पता चला कि यह दिल्ली पुलिस का घोषित बदमाश है और इसके ऊपर कई मामले चल रहे हैं। यह हत्या के प्रयास, एक्सटॉर्शन, आर्म्स एक्ट के मामलों में शामिल रहा है। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि एसीपी रिछपाल सिंह की देखरेख में एसएचओ राजेश शर्मा, हेड कांस्टेबल महेंद्र और हेतराम की टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर इसके बारे में जानकारी इकट्ठा की। इसे रविवार शाम पपरावट गांव के एक क्रिकेट ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार 2022 में इसने बाबा हरिदास नगर इलाके में एक्सटॉर्शन मनी डिमांड करने के लिए कारोबारी के यहां गोली चलाई थी। जब पुलिस टीम ने इसे ट्रैक किया तो उसने पुलिस टीम पर भी गोली चलाई थी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने मुठभेड़ में इसे गिरफ्तार किया था। यह इसी साल जनवरी में जेल से बाहर आया था।

### शाहदरा स्थित महामाया देवी मंदिर में भैरव जी की प्रतिमा स्थापित की

नई दिल्ली। शाहदरा जी.टी. रोड स्थित प्राचीन महामाया देवी मंदिर प्रांगण में त्रिदिवसीय श्री काल भैरव जी की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा, मूर्ति स्थापना, प्रतिमा की महास्थापना महोत्सव आयोजित हुआ जिसमें इक्कीस से तेईस नवंबर तक श्री महाकाल भैरव जी के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा में विभिन्न आध्यात्मिक उत्सव जैसे शुभ संस्कार यज्ञ, हवन, धार्मिक अनुष्ठान, महिला संकीर्तन मंडल द्वारा संकीर्तन, महाआरती सहित कई धार्मिक अनुष्ठान हुवे जिसमें मंदिर समिति कार्यकताओं सहित एवम् कई भक्तों गणों ने शामिल होकर अपनी उचित भूमिका निभाई आदि। त्रिदिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में महाआरती, यज्ञ, हवन, महिला मंडली द्वारा संकीर्तन, आयोजित हुआ जिसमें भक्तों ने उमंग, उत्साह से शामिल होकर अपनी उचित भूमिका निभाई। काल भैरव जिन्हें भगवान शिव का रौद्र अवतार माना जाता है उन्हें काशी का कोतवाल कहा जाता है स्कन्द पुराण के अंतर्गत काल भैरव एक पाप से मुक्ति पाने के लिए काशी आए थे यहां उन्हें इतनी शांति मिली कि उनका क्रोध शांत हो गया, भगवान शिव का स्वरूप ही है काल भैरव मान्यता है कि काल भैरव भगवान शिव के उग्र रूप है परंतु यह अपने भक्तों की सदैव रक्षा करते है। कार्यक्रम में शामिल मुख्य यजमानों के नाम आदि कृष्ण पंडित जी, अन्य यजमान पंडित जी, समिति प्रधान, नीतू लिलोठिया प्राचीन महामाया देवी मंदिर प्रबंधक समिति रजिस्टर जी. टी रोड शाहदरा, सामाजिक कार्यकर्ता ललित कपूर गोला सहित कई अन्य भक्तों ने शामिल होकर उचित भूमिका निभाई।

# प्रदूषण नियंत्रण करने में पूरी तरह नाकाम साबित रही है दिल्ली सरकार : परमानन्द शर्मा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी में शुद्ध पर्यावरण कायम रखने में लगातार असफल रही आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने प्रदूषण रोकथाम के लिए कोई ठोस कार्यवाही अभी तक नही कर पाई है। यह कहना है राम नगर वार्ड से कांग्रेस की ओर से नगर निगम का चुनाव लड़े परमानन्द शर्मा का। परमानन्द शर्मा ने कहा कि पटाखां के निर्माण, भंडारण, चलाने और बिक्री का आदेश एनसीटी दिल्ली में 01 जनवरी, 2025 तक तुरंत प्रभाव से जारी होगा। यह बेशक दिल्ली में प्रदूषण को रोकने लिए कारगर कदम है परंतु अरविन्द केजरीवाल सहित पर्यावरण मंत्री गोपाल राय दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए पंजाब में जलाई जा रही पराली को कारक क्यों नही मानते जबकि हरियाणा सहित एनसीटी क्षेत्रों को दिल्ली में प्रदूषण के लिए जिम्मेदार ठहराते है। उन्होंने कहा कि अभी सर्दियों के मौसम की शुरूआत भी नही हुई है और राजधानी में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुच गया है, जिससे साफ हो गया है कि दिल्ली सरकार द्वारा 27 सितम्बर को शुरू किए प्रदूषण नियंत्रण अभियान का राजधानी में कोई असर नही है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार ने अभी तक 13 प्रदूषण हॉट स्पॉट चिन्हित किए है जिनकी ड्रोन द्वारा निगरानी रखने की बात कही गई थी। परमानन्द शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगम चुनाव से पहले और निगम की सत्ता में आने के बाद दिल्ली में प्रदूषण के सबसे अधिक कारण तीन लैंड फिल को खत्म करने का वादा किया था और मंत्री कैलाश गहलोट ने विधानसभा में बयान दिया था दिसम्बर 2023 तक औखला लैंडफिल, मार्च 2024 तक भलस्वा लैंडफिल तथा दिसम्बर, 2024 तक गाजीपुर लैंडफिल को पूरी तरह खत्म करने का दावा किया था। परंतु अरविन्द केजरीवाल को बचाने की मुहिम में परिस्थितियों में कोई बदलाव नही हुआ। राजधानी में जल और वायु प्रदूषण चिंताजनक है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ रहे है। परमानन्द शर्मा ने कहा कि गोपाल राय ने प्रदूषण रोकथाम के लिए वाहन व सड़क के धूल कण, औद्योगिक अपशिष्ट, निर्माण कार्य, ओपन बर्निंग जैसी कार्यवाही पर कोई काम नही किया है। मंत्री बताए कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए कितने स्पेशल टास्क फोर्स बनाए गए है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में ऑड-इवन, रेडलाईट ऑन-गाडी ऑफ, स्मॉग टावर, सड़कों गाड़ियों द्वारा पानी छिड़काव जैसे अन्य उपाय करने के बावजूद दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण करने में नाकाम साबित रही है।

# अर्जुन राम मेघवाल ने किया विद्यार्थियों हेतु भारत का संविधान पुस्तक का लोकार्पण

नई दिल्ली। संविधान दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध लेखक एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाणा की पुस्तक विद्यार्थियों हेतु भारत का संविधान का लोकार्पण सोमवार को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया। इस मौके पर न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता (सेवानिवृत) भी मौजूद रहे। इस अवसर पर अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह पुस्तक हर उस विद्यार्थी के लिए जो सीखना चाहता है। हर उम्र के लिए लोग जो संविधान के बारे में जानना-समझना चाहते हैं, यह पुस्तक उनके लिए है। पुस्तक लोकार्पण के मौके पर किशोर मकवाणा ने कहा कि भारतीय संविधान लोकतंत्र की आत्मा है। लोकतंत्र में आस्था रखने वाले लोगों की आशा और श्रद्धा का केंद्र है। संविधान को जानना-समझना हर भारतीय, विशेषकर विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। संविधान को समझने से वे भारत के नागरिक के रूप में अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानेंगे। उनमें लोकतंत्र, समानता और न्याय के सिद्धांतों के प्रति गहरी समझ विकसित होगी। इस पुस्तक का एक ही उद्देश्य है स्कूल-कॉलेज के छात्र एवं किशोर-युवाओं को संविधान के प्रति जागृत करना। पुस्तक को भारतीय संविधान सरल और सुलभ तरीके से समझाने की दृष्टि से डिजाइन किया गया है। जटिल अवधारणाओं को आसान भाषा में समझाया गया है तथा संविधान की मूल प्रति के चित्रों का भरपूर उपयोग किया गया है। पुस्तक ह्यसंविधान की अवधारणा और यह महत्त्वपूर्ण क्यों है, ह्यइसका परिचय देकर शुरू होती है। यह बताती है कि संविधान देश के लिए एक नियमपुस्तिका की तरह है, जो नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों को बताती है और यह निर्धारित करती है कि सरकार को कैसे कार्य करना चाहिए।

# दिल्ली में 80 हजार और बुजुर्गों को मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को ऐलान किया कि दिल्ली में आज से 80 हजार और बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन मिलेगी। उन्होंने कहा कि साल 2015 में जब हमारी सरकार बनी थी तब दिल्ली में 3 लाख 32 हजार बुजुर्गों को पेंशन मिलती थी। इसमें पिछले 9 सालों में सवा लाख पेंशन और जोड़ी गई हैं। फिलहाल दिल्ली में करीब साढ़े चार लाख बुजुर्गों को पेंशन मिल रही है। केजरीवाल ने यहां एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि अब दिल्ली के 5 लाख 30 हजार बुजुर्गों को पेंशन दी जाएगी। कई साल से ये पेंशन बंद थी।

# सरस पवेलियन में सामानों पर बंपर डिस्कॉउंट, जमकर हो रही खरीदारी

नई दिल्ली। 43वें विश्व व्यापार मेले में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित सरस आजीविका मेला, जो राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित है, ने भारत मंडपम के हॉल नंबर 9 और 10 में अपनी छाप छोड़ दी है। यह मेला 27 नवंबर तक चलेगा, और इसमें 31 राज्यों की 300 से अधिक महिला शिल्प कलाकार अपने अद्भुत हस्तशिल्प का प्रदर्शन कर रही हैं। भारी छूट के कारण बंपर खरीदारीः सरस आजीविका मेला में 10 से 20 प्रतिशत तक की भारी छूट ने खरीदारी को और भी आकर्षक बना दिया है।

इस मेला में उपस्थित सभी स्टॉल्स पर ग्राहकों की भीड़ इकट्ठा हो रही है। विशेष रूप से सरस पवेलियन में 20 प्रतिशत तक का बंपर डिस्काउंट ग्राहकों को लुभा रहा है। लोगों ने जमकर खरीदारी की है, जिससे विक्रेताओं के चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिली है। गोवा का काजू और अन्य विशेषताएंः गोवा की नव दुर्गा स्वयं सहायता समूह की सदस्य निशा विष्णुदास गावकर ने अपने स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के काजू, बनाना चिप्स, कोकम, और गरम मसाले पेश किए हैं। उन्होंने बताया कि उनके स्टॉल पर सबसे ज्यादा बिक्री सॉल्टेड काजू और रोस्टेड काजू की हो रही है। निशा ने बताया कि अब तक लगभग पांच सौ किलो काजू की बिक्री हो चुकी है, और दिल्ली के ग्राहकों ने छिलके वाले काजू को विशेष पसंद किया है।

वहीं, केरला के स्वयं सहायता समूह की प्रमिला और भुवनेश्वरी ने अपने स्टॉल पर केरला साड़ी, ड्रेस मेटेरियल, लुंगी, धोती, और टूपिस साड़ी जैसे सामान की बिक्री की है। उनके स्टॉल पर कीमतें पांच सौ से लेकर पचपन सौ रुपये तक हैं। इसके साथ ही, तमिलनाडु का गोल्डेन कंगन महिलाओं को बहुत आकर्षित कर रहा है, जिससे इसकी बिक्री भी तेजी से बढ़ रही है।

# केजरीवाल की ओछी राजनीति का जीता जागता उदाहरण है पेंशन योजना : संदीप त्यागी

नई दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 9 साल की सरकार पूर्ण करने के बाद आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन के रजिस्ट्रेशन दिल्ली के वृद्धजनों के लिये आरम्भ किया है, लेकिन केजरीवाल की गंदी दिमागी उपज दिल्ली के वृद्धों से कही न कही बेईमानी सिद्ध होगी, क्योंकि केजरीवाल पश्त दिल्ली सरकार ने एक ऐसी घिनौनी कंडीशन लगा दी गई है जो दिल्ली सम्मानित वृद्धों के लिए बेईमानी होगी। यह कहना है भाजपा, जिला दक्षिणी दिल्ली, किसान मोर्चा प्रभारी संदीप त्यागी का। संदीप त्यागी कहते हैं कोई भी बुजुर्ग ए सेंटर से या कैफे से 200 खर्च करके पेंशन का आवेदन करेंगे, तो उनके विधायक को पास करने का एकाधिकार दे दिया गया है, क्या यह उचित है, क्या यह दिल्ली के वृद्धों के साथ बेईमानी नही है, क्या आम आदमी पार्टी के विधायक ईमानदारी से दिल्ली के बुजुर्गों की पेंशन पास करेंगे। दूसरा पक्ष यह है कि आगामी दिल्ली सरकार का शीतकालीन सत्र वर्तमान दिल्ली सरकार का अंतिम सत्र होगा, जो 10 जनवरी से पहले होना है,

# शहनाज हुसैन की ख्याति ने भारत इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2024 में मचाई हलचल

जीतेन्द्र शर्मा



नई दिल्लीः शहनाज हुसैन उत्पादो प्रशंसक और सौंदर्य उत्पाद प्रेमी, शहनाज हुसैन से मिलने और उनके साथ तस्वीर या ऑटोग्राफ प्राप्त करने के लिए अति उत्साहित दिखाई दिए। प्रगति मैदान, नई दिल्ली में लगे शहनाज हुसैन के स्टॉल नं. ल14क्ष्02-उ पर माहौल पूरी तरह से उमंग एवं उत्साह से भरपूर था, जहां शहनाज हुसैन को उनके प्रशंसकों के द्वारा घेर लिया गया था, जो सौंदर्य प्रतिमान के साथ मिलने एवं बातचीत करने के लिए आतुर थे। सार्वजनिक प्रतिक्रिया अभूतपूर्व थी, जहां आगंतुकों ने उत्साहित होकर तस्वीरें लीं, ऑटोग्राफ प्राप्त किए और व्यक्तिगत स्तर पर उनके साथ जुड़ने की कोशिश की। अपने नवीनतम मर्द उत्पादों की श्रृंखला का अनावरण करते /हुए, शहनाज हुसैन ने पुरुषों के लिए एक नवीन अलंकरण और स्किनकेयर श्रृंखला प्रस्तुत की, जो पुरुषों के अलंकरण बाजार में एक महत्वपूर्ण विस्तार को दशार्ता है। यह विशेष श्रृंखला प्रस्तुति शहनाज हुसैन की लगातार प्रतिबद्धता को उजागर करता है, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों की विविध सुंदरता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। उत्साह में वृद्धि करते हुए, शहनाज हुसैन ने व्यक्तिगत रूप से अपने प्रशंसकों को विशेष उपहार वितरित किए, जिससे उनके साथ जुड़ाव और भी मजबूत हुआ और उपस्थित दर्शकों के लिए यह एक विशेष क्षण बन गया। यह विचारशील उपहार उपस्थित लोगों द्वारा सराहा गया और फलस्वरूप इसने कार्यक्रम के उत्साह और जुड़ाव के अनुभव को और बढ़ा दिया। यह अभूतपूर्व हलचल तब भी जारी रही जब वह गोल्फ कार्ट मे प्रस्थान द्वार की ओर बढ़ी।

2024 में उनकी उपस्थिति ने मीडिया का भी ध्यान आकर्षित किया, जिसमें विभिन्न मीडिया संगठन उनके नवीनतम उत्पादों के प्रस्तुतीकरण को संदर्भित करने के लिए उत्सुक थे। यह कार्यक्रम मीडिया हाउसेस के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करता है, जो शहनाज हुसैन की सफलता के साथ जुड़ने और उन्हें वैश्विक ब्यूटी एंड वेलनेस क्षेत्र में अग्रणी होने के रूप में उनके प्रभाव को मजबूत करने का अवसर देता है।

शहनाज हुसैन के बारे में:

शहनाज हुसैन सौंदर्य और वेलनेस उद्योग की एक अग्रणी हस्ती हैं, जो आयुर्वेदिक उपचार और प्राकृतिक स्किनकेयर के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं। शहनाज हुसैन, न्यूयॉर्क टाइम्स मैगजीन में आने वाली पहली भारतीय महिला हैं। चार दशकों से भी अधिक समय के करियर में, उन्होंने सौंदर्य उद्योग में क्रांति ला दी, आयुर्वेदिक उत्पादों को पेश किया, जो अब दुनिया भर में लाखों लोग पसंद करते हैं। शहनाज हुसैन ग्रुप की संस्थापक के रूप में, वह उच्च गुणवत्ता वाले हर्बल सौंदर्य समाधान और वेलनेस नवाचारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ प्रेरित करती हैं।

2024 के बारे में:

भारत इंटरनेशनल ट्रेड फेयर जिसे भारत व्यापार संवर्धन संगठन द्वारा वार्षिक रूप से आयोजित किया जाता है, भारत के सबसे महत्वपूर्ण व्यापार आयोजनों में से एक है। 2024 का संस्करण, जो प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित हुआ, प्रौद्योगिकी से लेकर सौंदर्य तक विभिन्न उद्योगों में नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित करता है, जिसमें प्रदर्शक और आगंतुक दुनिया भर से आए हैं। ह्यविकसित भारत @2047ह्ल विषय के तहत, यह मेला भारत के आगामी दशकों में विकास और उन्नति की दृष्टि को भी उजागर करता है।

# पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर में एमसीडी हाईकोर्ट के आदेश के बाद की अतिक्रमण पर कार्रवाई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने सोमवार को न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन के पास से अतिक्रमण को हटाया। रेहड़ी और अस्थायी दुकानों को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। यहां पर अतिक्रमण को लेकर एक याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई थी। हाई कोर्ट के आदेश के बाद निगम ने सक्रियता दिखाते हुए कार्रवाई की है। न्यू अशोक मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-एक से ही यात्री आते जाते हैं। बाकी गेट पास में बन रहे आरआरटीएस स्टेशन से जोड़ने के लिए निर्माण कार्य के चलते बंद है। गेट नंबर-एक के पास फुटपाथ पर पटरी और रेहड़ी वालों ने कब्जा कर रखा था। शिकंजी, किताब से लेकर ईयरफोन तक बेचे जा रहे थे। इसी गेट के पास सड़क पर ऑटो और ई-रिक्शा चालकों का जमावड़ा रहता था। इस गेट के सामने ईस्टएंड अपार्टमेंट का गेट नंबर दो है, उसके पास रोड पर भी अवैध रूप से लोग रेहड़ी लगाकर खानेपीने का सामान बेच रहे थे। पान का खोखा भी था। यात्रियों को आने-जाने में होती थी परेशानी इस अतिक्रमण के कारण मेट्रो ट्रेन के यात्रियों और अपार्टमेंट के लोगों को आने-जाने में परेशानी होती थी। कोई रेहड़ी, पटरी व खोखे चलाने वालों को कुछ कहता था तो वह उलझने लगते थे। इस समस्या को लेकर याचिका डाली गई थी। इसपर निगम ने हाई कोर्ट के आदेश के बाद यहां कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया है। कोई दोबारा से रेहड़ी व खोखा न लगाए, इसलिए निगम ने बुलडोजर से उसको तोड़ दिया। निगम अधिकारियों ने बताया कि इतना सब होने के बावजूद कोई फिर से अतिक्रमण का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# 80,000 नये लोगों को मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन : केजरीवाल

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




दिल्ली में अब 5 लाख 30 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन मिलेगी। आप सरकार ने दिल्ली में वृद्धावस्था पेंशन को फिर से नई शुरू करा दी है। सोमवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यह एलान किया। इस दौरान दिल्ली की सीएम आतिशी और कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज भी मौजूद रहे। वृद्धावस्था पेंशन पाने के लिए समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर जाकर आवेदन करना होगा। 80 हजार पात्र नए आवेदन मिलने तक यह पोर्टल सक्रिय रहेगा। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि हमारी सरकार से पहले दिल्ली में 3.32 लाख बुजुर्गों को पेंशन मिलती थी। जब हम सरकार में आए तो इसे बढ़ाकर 5.30 लाख कर दी थी । इसमें 80 हजार नई पेंशन शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में बुजुर्गों को 500 से 1000 रुपए ही पेंशन मिलती है, जबकि आप की सिंगल इंजन की सरकार में 2500 तक पेंशन मिलती है। भाजपा की डबल इंजन सरकार से नुकसान ज्यादा है। दिल्ली के लोगों के लिए आप का इंजन ही सही है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर सीएम आतिशी और कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज के साथ साझा प्रेस कांफ्रेंस कर नई पेंशन खुलने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 80 हजार नई वृद्धावस्था पेंशन खोली जा रही हैं। जब हमारी सरकार बनी थी, उस समय दिल्ली में 3 लाख 32 हजार बुजुर्गों की पेंशन होती थी। पिछले नौ साल में हमने इसे बढ़ाकर सवा लाख पेंशन और शुरू की, जिससे आज की तारीख में लगभग 5.30 लाख बुजुर्गों को पेंशन मिल रही है। इसमें अब 80 हजार पेंशन नई मिलेगी। कई सालों से बुजुर्गों की पेंशन बंद पड़ी हुई थी। मैं दिल्ली में जब भी पदयात्रा करता था और लोगों से बातचीत करता था, तो बुजुर्ग मुझसे यही मांग करते थे कि उनकी पेंशन नहीं आ रही, पेंशन लगवा दो। तो आज हम दिल्ली के सभी बुजुर्गों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी लेकर आए हैं। इसे न केवल कैबिनेट ने पास कर दिया है, बल्कि दिल्ली सरकार ने इसे लागू भी कर दिया है और रविवार से पोर्टल चालू भी हो गया है। पिछले 24 घंटे में 10 हजार से ज्यादा एप्लीकेशन भी आ चुकी हैं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में 60 से 69 साल के बुजुर्गों को हर महीने दो हजार रुपए पेंशन मिलती है। हमारी सरकार बनने से पहले 2015 तक यह 1000 रुपए हुआ करती थी। हमने इसे एक हजार रुपए से बढ़ाकर दो हजार रुपए किया। और 70 साल और उससे ज्यादा उम्र वाले बुजुर्गों को हर महीने ढाई हजार रुपए पेंशन मिलती है। पहले यह डेढ़ हजार रुपए होती थी। हमने इसे डेढ़ हजार रुपए से बढ़ाकर ढाई हजार रुपए किया। आज दिल्ली में बुजुर्गों को जो पेंशन मिल रही है, वह देश में सभी राज्यों से सबसे ज्यादा है। राजस्थान में बुजुर्गों को 1150 रुपए महीना पेंशन मिलती है। उत्तर प्रदेश में हजार रुपए महीना मिलते हैं। गुजरात में 700 रुपए महीना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में 600 रुपए महीना, ओडिशा में 300 रुपए महीना, असम और गोवा में 500 रुपए महीना। यानी जहां डबल इंजन की सरकार है वहां बुजुर्गों को केवल 500-600 रुपए महीना पेंशन मिलती है, और जहां सिंगल इंजन है वहां ढाई हजार रुपए महीना मिलती है। तो डबल इंजन की सरकार चुनने में बहुत नुकसान है। इसलिए आम आदमी पार्टी के साथ ही जारी रखिए, यहां सब कुछ अच्छा चल रहा है। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि जब मैं जेल गया तो, इन्होंने बाकी जो काम रोके तो रोके, लेकिन बुजुर्गों की पेंशन रोकना तो पाप है। एक बूढ़े आदमी के पास महीने में मुश्किल से दो-ढाई हजार रुपए आ रहे हैं। वह उसका बड़ी बेसब्री से इंतजार करता है। इन्होंने उसके भी पैसे ये लोग रोक लिए! जब मैं जेल में था तो इन्होंने कई महीने तक बुजुर्गों की पेंशन रोक दी, मुझे बहुत तकलीफ हुई। लेकिन बाहर आने के बाद सबसे पहले मैंने उनकी रुकी हुई पेंशन चालू करवाई और अब हम लोगों ने ये नई पेंशन लगवाई है। ये सब वो बुजुर्ग हैं जिनके आशीर्वाद से मैं बाहर आया हूं। मैं इनका तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। मैं इन पर कोई एहसान नहीं कर रहा हूं, बल्कि मैं उनकी पेंशन लगवाकर एक तरीके से उनका शुक्रिया अदा कर रहा हूं। बुजुर्गों को देने से आशीर्वाद मिलता है और उस आशीर्वाद से और बरकत होती है। इससे दिल्ली सरकार का राजस्व और बढ़ेगा, घटेगा नहीं। इस दौरान दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा कि 2015 से, जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी और अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने, दिल्ली के हर तबके को, चाहे वो बुजुर्ग हों, महिलाएं हों, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे हों, या झुग्गी में रहने वाले हमारे भाई-बहन हों–जिस तबके के बारे में किसी ने नहीं सोचा, उनके बारे में दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल ने सोचा। खासकर, दिल्ली के बुजुर्गों के लिए। चाहे श्रवण कुमार की तरह बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करवानी हो, अरविंद केजरीवाल ने तकरीबन एक लाख बुजुर्गों को देश के अलग-अलग तीर्थस्थानों पर तीर्थयात्रा करवाई है। बुजुर्गों की पेंशन भी काफी समय से रुकी हुई थी। जैसा कि सबको पता है, दिल्ली के लोगों के कामों को रोकने के लिए केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया, क्योंकि जो काम अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लोगों के लिए कर रहे थे, वो काम भाजपा अपने किसी भी राज्य में नहीं कर पा रही थी। लेकिन दिल्ली के लोगों के प्यार और आशीर्वाद से भाजपा का षड्यंत्र फेल हुआ, अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आए हैं। अब एक के बाद एक दिल्ली के रुके हुए काम शुरू हो रहे हैं। मुझे खुशी है कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में 80 हजार बुजुर्गों के लिए पेंशन शुरू हो रही है। वहीं, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जिस दौरान एक झूठे मुकदमे में जेल में थे, दिल्ली के बुजुर्ग इस बात को जानते हैं कि उनके पीछे से इन लोगों ने कई महीनों तक बुजुर्गों को उनकी पेंशन के लिए तड़पाया है। उनकी पेंशन तक रोक दी गई थी।

# स्कूटी चुराई फिर महिलाओं से करने लगा लूट की वारदात

- नारायणा पुलिस ने कीर्ति नगर से दबोचा, कई मामले खुले

**प्रात: किरण संवाददाता**




स्कूटी चोरी की कई वारदात को अंजाम देकर फिर स्कूटी से महिलाओं के साथ स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को नारायणा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान साहिल उर्फ चीता के रूप में हुई है, इसके पास से पुलिस ने चोरी की तीन स्कूटी, मोबाइल, पर्स, डॉक्यूमेंट और कैश बरामद किया है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से 9 मामलों का खुलासा किया गया है। एक स्नैचिंग की वारदात नारायणा इलाके में 21 नवंबर को हुई थी। जब एक महिला शाम के समय रास्ते से जा रही थी। इस दौरान लाल/काले रंग की स्कूटी पर सवार एक बदमाश पहुंचा और महिला का पर्स लूटकर फरार हो गया। जिसमें कैश, डॉक्यूमेंट रखा हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। एसीपी अरुण शर्मा की देखरेख में एसएचओ सतीश कुमार, सब इंस्पेक्टर शुभम, हेड कांस्टेबल अजय, विनोद ढाका, अशोक, सागरमल और बिजेंदर की पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू किया। पुलिस टीम वारदात वाली जगह से लेकर जिस तरफ से बदमाश आया था और जिस तरफ भागा था, उस रूट पर लगे 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। उसके बाद उस स्कूटी का पता लगाने में कामयाब हुई जिससे वारदात को अंजाम दिया गया था। पता चला वह मोती नगर थाना इलाके से चोरी की गई थी। फिर आरोपी की पहचान करके छापा मारकर पुलिस ने उसे कीर्ति नगर अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। जिस स्कूटी से वह जा रहा था, वह चोरी की निकली। उसकी निशानदेही पर दो और स्कूटी चोरी की बरामद की गई। महिला से जो पर्स लूटा गया था, वह पर्स, कैश, डॉक्यूमेंट इत्यादि बरामद किया गया। पुलिस को पता चला कि वह पहले भी पांच अलग-अलग वारदात में शामिल रहा है। इसकी गिरफ्तारी से कीर्ति नगर, नारायणा, ओखला, इंद्रपुरी, मोती नगर और रंजीत नगर थाना के 9 मामलों का खुलासा पुलिस ने किया है।

# पहले कर चुका मर्डर, आधी रात निकला हथियार लेकर

## रघुवीर नगर पुलिस ने मस्जिद रोड के पास दबोचा

ख्याला थाना के रघुवीर नगर पुलिस चौकी की टीम ने मर्डर, लूट सहित कई मामलों में शामिल एक एक्टिव क्रिमिनल को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रवि उर्फ कालू के रूप में हुई है। इसके पास से कंट्री मेड पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार इसके ऊपर पहले से 26 मामले चल रहे हैं। यह दिल्ली के शिव विहार, विकास नगर का रहने वाला है। इसके बारे में पुलिस टीम को एक इनफार्मेशन मिली थी, की यह आर ब्लॉक मस्जिद रोड के पास किसी वारदात को अंजाम देने के लिए हथियार लेकर आने वाला है। उस सूचना पर एसीपी तिलक नगर की देखरेख में एसएचओ विनोद अहलावत, चौकी इंचार्ज सुदीप पूनिया की टीम ने उसके आसपास ट्रैप लगाया।

देर रात इस बदमाश को वहीं पर दबोच लिया गया, तलाशी में उसके पास से हथियार बरामद किया गया। पुलिस ने उसे जप्त कर लिया और इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज करके इसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि यह मर्डर और लूट सहित 26 मामलों में शामिल रहा है।

# आखरी सांस लेने से पहले कहा मेरा पार्थिव शरीर दान कर देना जोगिन्दर पाल नारंग ने




**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

गीता में भगवान श्री कृष्ण के उपदेश का जिक्र है जो पुण्य आत्मा होती है उसे शरीर त्यागने में कोई कष्ट नहीं होता तथा उसे अपनी मौत का समय से पूर्व ही एहसास हो जाता है। ऐसी आत्मा सीधे मेरे धाम यानी बैकुंठ में पहुंचती है और आवागमन के चक्र से उसे मुक्ति मिल जाती है। भगवान श्री कृष्ण ने कहा है जो जन कर्म करते हुए फल को उद्देश नहीं बनाते वे कर्मयोगी कहलाते हैं और वे निष्काम भाव से किये गए कर्मों के कारण मेरे धाम यानी बैकुंठ धाम को प्राप्त कर लेते हैं। ऐसे कई मामले सुनने को मिलते हैं अभी दो घंटे पहले तो मैंने उन्हें देखा था अरे क्या हो गया उन्हें अभी तो ठीक थे। कुछ ऐसा ही डिफेंस एन्क्लेव निवासी कर्मयोगी 91 वर्षीय जोगिन्द्र पाल नारंग के साथ हुआ। अपनी मौत से दो दिन पहले उन्होंने अपने परिजनों को बताया उनकी मौत के बाद उनके पार्थिव शरीर को शोध तथा जरुरतमन्द लोगो को अंगदान के लिए दधिची देह दान समिति के सुपुर्द कर देना ताकि उनका शरीर कुछ लोगो के काम आ सके। वैसे श्री नारंग ने करीब बीस साल पहले यह ईच्छा लिखित में जाहिर की थी लेकिन उन्हें अंतिम समय भी अपना किया वादा याद था। श्री नारंग के दामाद राजीव साहनी ने बताया श्री नारंग सरकारी विभाग में नौकरी करते थे, स्वभाव से मिलनसार तथा बेहद दयालु इन्सान और ईश्वर भक्ति में लीन रहते थे। अपनी मौत से एक दिन पहले उन्होंने अन्न त्याग दिया था तथा अपनी अंतिम ईच्छा बता दी थी। श्री नारंग अपने पीछे हर भरा परिवार छोड़ गए हैं उनकी धर्मपत्नी संतोष नारंग, पुत्री प्रीती.दामाद राजीव साहनी, पुत्र निर्भीक तथा प्रवीन नारंग पुत्रवधू धेनु तथा दीपा व अन्य परिजन प्रियंका, विकास, मल्लिका-राहुल, राधिका कर्ण अरोड़ा, लक्ष्य, ओजस आदि। दामाद राजीव साहनी राजधानी दिल्ली के प्रमुख ऑटो मोबाईल टी. आर.साहनी के प्रबंध निदेशक है तो पुत्र निर्भीक दूर संचार निगम टाटा कम्न्युकेशन में कार्यकारी निदेशक दूसरे पुत्र सुप्रसिद्ध मोटिवेटर प्रवीन नारंग हैं। राजीव साहनी ने बताया श्री नारंग की रस्म पगड़ी 26 नवम्बर को प्रीत विहार के दुर्गा मन्दिर में अपराह्न तीन बजे रखी गई है।

# विजेंद्र गुप्ता ने आप की सरकार की तथाकथित शिक्षा क्रांति की खोली पोल



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) नेता विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार के शिक्षा मॉडल पर सवाल करते हुए सोमवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता की। इस मौके पर उन्होंने दिल्ली की शिक्षा मॉडल का पोल खोलते हुए कहा कि यह सरकार बड़े जोर-जोर से घोषणाएं करती है, नए-नए स्कूल खोलने के लिए बिल्डिंगें बनवाती है और फिर निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार करके इन बिल्डिंगों को लावारिस हालत में छोड़ देती है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि बवाना विधानसभा के दरियापुर कला गांव में ह्यस्कूल आफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंसह्व का 7 जून 2023 को आम आदमी पार्टी ( आप ) संयोजक केजरीवाल और आतिशी ने उद्घाटन किया। इस नवनिर्मित बिल्डिंग पर 50 करोड़ रुपये लगाए गए थे। यह स्कूल की चार साल पहले बनी बिल्डिंग आज धूल चाट रही है और उसमें एक भी छात्र का न तो दाखिला हुआ और न ही स्कूल के लिए स्टाफ या शिक्षक रखा गया।

नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि दिल्ली सरकार ने 50 करोड़ की आलीशान बिल्डिंग बनाई और 4 साल में ये बिल्डिंग फाल्टेड कहकर खाली कर दी गई। 141 स्कूलों में चार हजार 26 क्लासरूम बनाए गई। उन्होंने कहा एसओएसई के नाम पर सिर्फ घोटाला किया गया। दिल्ली सरकार ने 29 प्रतिभा विद्यालय बंद करवा दिए। शिक्षकों को नौकरियां नही मिल रही हैं। गुप्ता ने बताया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना इस मामले की गहन जांच करने की बात किए हैं। उन्होंने कहा कि साल भर में इन बिल्डिंगों पर 10 हजार करोड़ का खर्चा होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) 28 नवंबर से दिल्ली सरकार के शिक्षा मॉडल के खिलाफ पोल खोल अभियान शुरू करने जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के कारण पूरी शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। इसलिए 28 नवंबर को दरियापुर कला में भाजपा विरोध प्रदर्शन करेगी। इस प्रदर्शन में दरियापुर काल के निवासियों के साथ दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद और सभी विधायक शामिल होंगे।

# स्वाति मालीवाल ने किया बुराड़ी का दौरा, उजागर की क्षेत्र की दयनीय स्थिति



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी ( आप ) की सांसद स्वाति मालीवाल ने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने स्थानीय निवासियों की दुर्दशा का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि लाखों पूर्वांचली परिवारों का बसेरा होने के बावजूद बुराड़ी की स्थिति दिल्ली सरकार के विकास के बड़े-बड़े दावों के बिलकुल विपरीत है।

स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो जारी किया और इस पोस्ट में उन्होंने लिखा कि दिल्ली के बुराड़ी का नर्क से बुरा हाल है। बुराड़ी इलाके के लोगों ने मुझे अपने इलाके का हाल दिखाने के लिए यहां बुलाया था। यहां लाखों पूर्वांचली लोग रहते हैं। आपको आकर यहां के हालात देखने चाहिए। सड़कों का बुरा हाल हो चुका है। अपने दौरे के दौरान स्वाति मालीवाल ने क्षेत्र की बदहाल स्थिति का प्रत्यक्ष अनुभव किया। उन्होंने जर्जर सड़कों को देखा, जो गड्ढों से भरी हुई थीं, गली-मोहल्लों में गंदे पानी और सीवर के ओवरफ्लो की समस्या को देखा। जगह-जगह कचरे के ढेर बिखरे हुए मिले। स्थानीय निवासियों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कई महिलाओं ने शिकायत की कि क्षेत्र में पानी तो भरा रहता है लेकिन उनके नलों में पानी नहीं आता। जब कभी पानी आता भी है तो वह पीने लायक नहीं होता। लोग मजबूर होकर दुकानों से पानी खरीद रहे हैं। यहां के निवासियों ने यह भी बताया कि बुराड़ी में एक भी बस स्टॉप नहीं है।

स्वाति मालीवाल ने कहा, बुराड़ी के लोग अमानवीय परिस्थितियों में रहने को मजबूर हैं जबकि दिल्ली सरकार दिल्ली के बदलाव को लेकर खोखले दावे कर रही है। बुराड़ी से लगातार तीन बार विधायक रहे संजीव झा बुनियादी सुविधाएं देने में पूरी तरह विफल रहे हैं। उन्होंने अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी से बुराड़ी क्षेत्र का दौरा करने और स्थानीय निवासियों की समस्याओं को हल करने की अपील की। मालीवाल ने आगे कहा, दिल्ली सरकार ने अनधिकृत कॉलोनियों को सुधारने के बड़े-बड़े वादे किए हैं लेकिन हकीकत इससे बिलकुल अलग है। विकास केवल कागजों तक सीमित है। ह्व बुराड़ी के निवासियों ने अपनी शिकायतों के समाधान के लिए तुरंत कार्रवाई की मांग की है और दिल्ली सरकार से प्रचार स्टंट के बजाय वास्तविक विकास को प्राथमिकता देने की अपील की है।

# अरुण जेटली के पुत्र और पत्नी लड़ेंगे डीडीसीए चुनाव, कीर्ति आजाद से मुकाबला

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली डिस्ट्रिक्ट एंड क्रिकेट एसोसिएशन ( डीडीसीए) के 13, 14 और 15 दिसंबर को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अभी तक करीब 129 लोगों ने अलग-अलग पदों के लिए नामांकन किया है। इनमें अगर अध्यक्ष पद के लिए बात करें तो तीन बड़े नाम अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं। इनमें पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री रहे अरुण जेटली के पुत्र रोहन जेटली और उनकी पत्नी संगीता जेटली ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है।

वहीं विरोधी गुट से पूर्व क्रिकेटर एवं टीएमसी के लोकसभा सांसद कीर्ति आजाद ने नामांकन किया है। अन्य बड़े नाम की बात करें तो पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सीके खन्ना की बेटी शिखा कुमार ने भी डीडीसीए उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। इसके साथ ही डीडीसीए के मौजूदा संयुक्त सचिव राजन मनचंदा ने भी उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। इतना ही नहीं राजन मनचंदा ने कोषाध्यक्ष पद के लिए भी नामांकन किया है।

इसके साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम के कोच और पूर्व भाजपा सांसद गौतम गंभीर के मामा पवन गुलाटी ने उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष तीन पदों के लिए नामांकन किया है। पवन गुलाटी मौजूदा समय में डीडीसीए के कोषाध्यक्ष हैं। इसके अलावा बार काउंसिल आफ दिल्ली (बीसीडी) के अध्यक्ष एडवोकेट सूर्य प्रकाश खत्री ने भी डीडीसीए सचिव, कोषाध्यक्ष और निदेशक पद के लिए नामांकन किया है।

वहीं, विरोधी गुट से संजय भारद्वाज ने उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। इसके अलावा साकेत बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष करनैल सिंह ने भी डीडीसीए सचिव पद के लिए नामांकन किया है। इसके साथ ही डीडीसीए के पूर्व सचिव विनोद तिहारा ने भी सचिव पद के लिए नामांकन किया है। हालांकि, नामांकन करने वाले अधिकतर लोग रोहन जेटली ग्रुप के ही हैं। नामांकन के बाद अब वोटों का गणित किसके पास कितना है, उसके आधार पर रोहन जेटली ग्रुप, सीके खन्ना ग्रुप, विनोद तिहारा ग्रुप और गौतम गंभीर ग्रुप यह सभी लोग मिलकर के अलग-अलग पदों के लिए अंतिम रूप से प्रत्याशी तय करेंगे। साथ ही अन्य लोग अपने नामांकन वापस लेंगे। डीडीसीए के सदस्य भारत गौड़ ने बताया कि सीके खन्ना ग्रुप, विनोद तिहरा ग्रुप और गौतम गंभीर ग्रुप इन सभी की तरफ से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रोहन जेटली और संगीता जेटली में से ही कोई एक होगा होगा। जबकि विरोधी गुट से टीएमसी सांसद और पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद का नाम तय है। कीर्ति आजाद को संजय भारद्वाज ग्रुप और डीडीसीए अध्यक्ष का पिछला चुनाव लड़ चुके सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट विकास सिंह का भी समर्थन हासिल है। इसलिए यह तय है कि जेटली ग्रुप से अध्यक्ष पद पर मुकाबला कीर्ति आजाद का ही होगा। डीडीसीए और बीसीसीआई चुनाव के जानकारों का कहना है कि रोहन जेटली का नाम बीसीसीआई सचिव पद की दौड़ में भी शामिल है। लेकिन, उस दौड़ में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिल पटेल जिनको अमित शाह का खास बताया जाता है उनका भी नाम शामिल है। बीसीसीआई सचिव पद एक दिसंबर को जय शाह के द्वारा आईसीसी अध्यक्ष पद संभालने के बाद खाली होना है। उसी दिन नए बीसीसीआई सचिव की नियुक्ति होनी है। रोहन जेटली और संगीता जेटली लड़ेंगी चुनाव जानकारों का कहना है कि डीडीसीए अध्यक्ष पद पर रोहन जेटली या संगीता जेटली दोनों के द्वारा नामांकन करने के पीछे की वजह यह है कि अगर रोहन जेटली को एक दिसंबर को बीसीसीआई सचिव चुना जीता है तो फिर वह अध्यक्ष पद से अपना नाम वापस ले लेंगे और संगीता जेटली डीडीसीए अध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगी। वहीं, अगर रोहन जेटली को बीसीसीआई सचिव नहीं बनाया जाता है तो फिर संगीता जेटली अपना नाम वापस लेंगी और रोहन जेटली ही अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली लंबे समय तक डीडीसीए के अध्यक्ष रहे थे। जब उन्होंने यह पद छोड़ा तो फिर अपने विश्वासपात्र रजत शर्मा को डीडीसीए अध्यक्ष का चुनाव लड़वाया और जिताया। जब रजत शर्मा ने बीच में ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था तो फिर रोहन जेटली चुनाव लड़कर अध्यक्ष बने। उसके बाद से रोहन जेटली ही अध्यक्ष हैं।

# शशि थरूर के खिलाफ मानहानि केस में सुनवाई आज

नई दिल्ली। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट आज कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ बीजेपी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर की ओर से दाखिल मानहानि याचिका पर सुनवाई करेगी। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट पारस दलाल सुनवाई करेंगे। कोर्ट ने 21 सितंबर को मानहानि याचिका पर संज्ञान लेते हुए गवाहों के बयान दर्ज करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से प्रस्तुत किए गए तर्कों और रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री के आधार पर पहली नजर में मानहानि का मामला बनता है। इस मामले में राजीव चंद्रशेखर ने अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 200 और भारतीय दंड संहिता की धारा 500 और 171जी के तहत दर्ज अर्जी दाखिल की थी। राजीव चंद्रशेखर ने शशि थरूर के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करा आरोप लगाया है कि थरूर की ओर से राष्ट्रीय टेलीविजन चैनलों पर झूठे और अपमानजनक आरोप लगाकर शिकायतकर्ता को ये कहकर बदनाम किया गया कि वो तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं को रिश्वत दे रहे थे।

# डाबड़ी में बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़, एक घायल

## सद्दाम गौरी गैंग का एक शूटर सहित दो बदमाश गिरफ्तार



**संवाददाता**

डाबड़ी थाना की पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान सद्दाम गोरी गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक बदमाश के पैर में गोली भी लगी है। जिसकी पहचान सूरज के रूप में हुई है। जबकि दूसरे की पहचान फैज उर्फ पठान के रूप में हुई है। इनके पास से पुलिस टीम ने दो सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और दो खाली खोखे बरामद किए गए हैं। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि सूरज मर्डर, डकैती, स्नैचिंग, आर्म्स एक्ट इत्यादि के कई मामलों में शामिल रहा है। पुलिस को इसकी द्वारका नॉर्थ और द्वारका साउथ थाना के चार मामलों में तलाश थी इसका साथ ही फैज भी पहले से दो मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने जब बदमाशों को सरेंडर करने को कहा तो सूरज ने पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाकर दबोचा। एसीपी ईशान भारद्वाज की देखरेख में एसएचओ वीरेंद्र सिंह यादव की टीम ने इन दोनों बदमाशों को ट्रैक किया था। यह दोनों अपने विरोधी गैंग के बदमाश की हत्या करने के लिए निकले थे। जैसे ही बिंदापुर जेजे कलोनी इलाके में पहुंचे पुलिस ने घेर लिया। मुठभेड़ में सूरज के बाएं पैर में गोली लगी है। उसे दिन दयाल उपाध्याय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यह अक्टूबर में जेल से बेल पर रिलीज होकर बाहर आया था। इसपर सभी 13 मामले डाबड़ी थाना में ही दर्ज हैं। इन्होंने 4500 में हथियार और कारतूस खरीदकर लाया था।

# काला जठेड़ी गैंग का शार्प शूटर हथियार के साथ दबोचा

## क्रिकेट ग्राउंड के पास फिल्मी स्टाइल में चेज करके दबोचा



**संवाददाता**

काला जठेड़ी गैंग के 1 शार्प शूटर को छावला थाना की पुलिस टीम ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान इकबाल उर्फ मिक्कू के रूप में हुई है। इसके पास से चोरी की स्कूटी, जिंदा कारतूस और कंट्री मेड पिस्टल बरामद किया गया। पता चला कि यह दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी भी है और इसके ऊपर कई मामले चल रहे हैं। यह हत्या के प्रयास, एक्सटॉर्शन, आर्म्स एक्ट के मामले में भी शामिल रहा है। डीसीपी अंकित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एसीपी रिछपाल सिंह की देखरेख में एसएचओ राजेश शर्मा, हेड कांस्टेबल महेंद्र और हेतराम की टीम ने एक इनफॉरमेशन के आधार पर इसके बारे में जानकारी इकट्ठा की। फिर इसे शाम के समय पपरावट गांव के एक क्रिकेट ग्राउंड के पास से दबोचा। जब यह स्कूटी से जा रहा था, पुलिस से बचने के लिए यह भागने की काफी दूर तक कोशिश किया। चेज करके इसे पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार 2022 में इसने बाबा हरिदास नगर इलाके में एक्सटॉर्शन मनी डिमांड करने के लिए बिजनेसमैन के यहां पर फायरिंग की थी। जब उसके बाद पुलिस टीम ने इसको ट्रैक किया तो उसने पुलिस टीम पर गोली चलाई थी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने मुठभेड़ में इसे गिरफ्तार किया था। यह इसी साल जनवरी महीने में जेल से बाहर आया था। बरामद स्कूटी रणजीत नगर इलाके से चुराई गई थी।

# विष्णु गार्डन से आकर सफदरजंग में महिला से किया वारदात

## एंटी स्नैचिंग सेल ने किया रिसीवर सहित चार को गिरफ्तार



**संवाददाता**

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के एंटी स्नेचिंग सेल की टीम ने महिला से गोल्ड चेन लूटने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद किया गया है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार गिरफ्तार बदमाशों की पहचान वैभव सिंह, सिमरनजीत सिंह और अनमोल सिंह के रूप में हुई है। यह तीनों विष्णु गार्डन और चांद नगर इलाके के रहने वाले हैं। इनकी निशानदेही पर इनके रिसीवर साथी दिव्यांश को भी पुलिस ने पकड़ा है। जो तिलक नगर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार इंस्पेक्टर हरि सिंह की देखरेख में सब इंस्पेक्टर मांगीलाल, हेड कांस्टेबल नरेंद्र और राकेश कुमार की टीम ने इन तीनों झपटमार और रिसीवर को गिरफ्तार किया है। गोल्ड चेन स्नेचिंग की एक वारदात 10 नवंबर को सफदरजंग एनक्लेव थाना इलाके में हुई थी। उस मामले की छानबीन के लिए एंटी स्नैचिंग सेल की टीम को लगाया गया था। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया था। कई दिनों की मशक्कत के बाद पुलिस वैभव सिंह के बारे में पता लगाना में कामयाब हुई और फिर इसके साथी सिमरनजीत सिंह के साथ पुलिस ने तिलक नगर इलाके के पास से पकड़ा। फिर इनकी निशानदेही पर ग्रुप के मास्टरमाइंड अनमोल सिंह को भी पुलिस बाद में पकड़ने में कामयाब हो गई। इनसे पूछताछ के बाद रिसीवर को भी पुलिस ने पकड़ लिया। आगे की कार्रवाई पुलिस टीम के द्वारा की जा रही है।

# पहले कर चुका मर्डर, आधी रात निकला हथियार लेकर

## रघुवीर नगर पुलिस ने मस्जिद रोड के पास दबोचा




ख्याला थाना के रघुवीर नगर पुलिस चौकी की टीम ने मर्डर, लूट सहित कई मामलों में शामिल एक एक्टिव क्रिमिनल को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रवि उर्फ कालू के रूप में हुई है। इसके पास से कंट्री मेड पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार इसके ऊपर पहले से 26 मामले चल रहे हैं। यह दिल्ली के शिव विहार, विकास नगर का रहने वाला है। इसके बारे में पुलिस टीम को एक इनफार्मेशन मिली थी, की यह आर ब्लॉक मस्जिद रोड के पास किसी वारदात को अंजाम देने के लिए हथियार लेकर आने वाला है। उस सूचना पर एसीपी तिलक नगर की देखरेख में एसएचओ विनोद अहलावत, चौकी इंचार्ज सुदीप पूनिया की टीम ने उसके आसपास ट्रैप लगाया। देर रात इस बदमाश को वहीं पर दबोच लिया गया, तलाशी में उसके पास से हथियार बरामद किया गया। पुलिस ने उसे जप्त कर लिया और इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज करके इसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि यह मर्डर और लूट सहित 26 मामलों में शामिल रहा है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 26 नवंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### कृषक गोष्ठी का आयोजन

मुंगेर। ज़िला कृषि विज्ञान केंद्र सफियाबाद मुंगेर में शनिवार को कृषक गोष्ठी शाह इनपुट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मॉडल दलहन गांव योजना के तहत चयनित जमालपुर प्रखंड के इंद्र गांव के किसानों के लिए आयोजित की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि सुल्तानगंज विधायक डॉक्टर ललित प्रसाद ने की केंद्र के 65 किसानों ने भाग लिया वहीं कार्यक्रम के अतिथि के रूप में कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर से आए प्रशिक्षण विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर अभय कुमार मानकर वैज्ञानिकता प्रधान प्रधान मुकेश कुमार कृषि वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार कृषि अभियंत्रण वैज्ञानिक की अशोक कुमार एवं प्रसार शिक्षा वैज्ञानिक डॉ बी सिंह सहित अन्य कई मौजूद थे।

### केस किये जाने को लेकर मां बेटी के साथ कि गई मारपीट

जमुई [ झाझा ] पुराने मामले को लेकर घटना स्थल पर जांच करवाने के दौरान एक युवक के घर पर गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा मारपीट करते हुए युवक की मां और बहन को घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र रामडीह गांव की है। घायल की पहचान नुसरत और उसकी मां जमीला खातून के रूप में हुई है। अस्पताल में घायल मां बेटी का इलाज किया गया। घायल जमीला खातून के पुत्र मोहम्मद मुबारक ने बताया कि बीते 21 नवंबर को गांव के ही एक युवक ने धक्का मार दिया जिसके बाद थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाया। जिसको लेकर पुलिस जांच करने के लिये घर पहुंचा और घटना स्थल पर फिर मेरे साथ जांच के लिए गया तभी गांव के जउली, फिरोज, इरशाद, असफाक, साहिल, नबाब सहित अन्य लोग घर मे घुसकर घरवालों के साथ मारपीट कर रहा था जब मैं घर आया तो देखा कि मेरी मां, बहन घायल है। मोहम्मद मुबारक ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करवाये जाने की रंजिश को लेकर उक्त सभी लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित ने मारपीट की घटना की जानकारी पुलिस को दिया।

### दो बाइक की टक्कर में एक बाइक चालक हुआ घायल

जमुई [ झाझा ] सोमवार की सुबह झाझा बसस्टैंड मुख्य मार्ग के पास एक बाइक में दूसरे बाइक की टक्कर होने से एक बाइक चालक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए लोगों की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा घायल का इलाज किया गया। घायल की पहचान सोनो थानाक्षेत्र के पेलवाजन गांव के रहने वाले मैनुअल कुमार के रूप में हुई है। घायल ने बताया कि जरूरी कार्य से मैं बाइक से अपने घर से झाझा मुख्य बाजार जा रहा था कि बस स्टैंड के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दिया और मुझे घायल अवस्था मे देखकर फिर मौके स्थल से फरार हो गया।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पैक्स चुनाव 2024 की समीक्षात्मक बैठक की

**जिले में तीन चरणों में होंगे चुनाव, विधि व्यवस्था और स्वच्छ, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण वातावरण में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान**

प्रात : किरण, संवाददाता




जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में सोमवार 25 नवम्बर को पैक्स निर्वाचन 2024 अंतर्गत मंगलवार 26 नवंबर को प्रथम चरण चुनाव के मद्देनजर बैठक आहूत की गई ' जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने बताया कि जमुई जिले के तीन प्रखंडों यथा जमुई, सिकंदरा तथा अलीगंज में पहले चरण में 26 नवंबर को पैक्स के चुनाव होंगे। इन प्रखंडों में बनाए गए मतगणना केंद्र में काउंटिंग की जाएगी। पैक्स निर्वाचन 2024 के अवसर पर विधि व्यवस्था और स्वच्छ, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित अधिकारियों की बैठक में ये जानकारी दी गई। जिलाधिकारी महोदया द्वारा यह निर्देश दिया गया कि सभी जोनल, सुपर जोनल लगातार अपने क्षेत्र में गतिशील रहेंगे तथा संवेदनशील बूथ पर निगरानी रखेंगे ' किसी भी तरह का विधि व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे नियंत्रण में लाने हेतु कार्रवाई करेंगे' जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश के द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थानाध्यक्षों को कई आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि जमुई जिले में तीन चरणों में पैक्स निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा। पैक्स चुनाव काफी संवेदनशील है। हर जगह हर बूथ पर सख्ती के साथ विधि व्यवस्था संधारित करवायी जाएगी। सुबह 7:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक चुनाव होंगे। जिलाधिकारी महोदया ने बताया कि जिला में कंट्रोल रूम आज 12:00 बजे मध्य से क्रियाशील रहेगा ' इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम विहित प्रपत्र में मतदान के सभी प्रक्रियाओं का समय-समय अधतन प्रतिवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने बताया कि निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए हर स्तर पर व सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके अलावा कंट्रोल रूम प्रभारी को 1:00 बजे अपराह्न तक कितने लोग मतदान हेतु लाइन में खड़े है, इसकी सूचना प्राप्त करने का निदेश दिया गया । जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि पैक्स चुनाव के दौरान संवेदनशील जगहों को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। हर मतदान केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहेंगे और प्रत्येक प्रखंड में कंट्रोल रूम का निर्माण करवाया गया है। मतदान के दिन सेक्टर, जोनल व सुपर जोनल पदाधिकारी नियमित रूप से भ्रमणशील रहेंगे। साथ ही विधि व्यवस्था संधारित रखेंगे। चुनाव कार्य हेतु प्रतिनियुक्त कर्मचारी के अनुपस्थित होने पर उसके विरुद्ध विधिझसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पीठासीन पदाधिकारी को निदेशित किया कि मतदाता वोट देने के लिए वोटर आईडी कार्ड के साथ अनुमान्य सरकारी आईडी बैंक खाता,आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि भी अपने साथ लाएंगे। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया कि पैक्स चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपने क्षेत्र में पूरी आसूचनाओं का संग्रहण करते रहें। जहां भी संवेदनशील बूथ हैं, उन पर विशेष नजर रखें। बाइक पेट्रोलिंग की अलग से व्यवस्था रखने को कहा गया, जो हर बूथ पर लगातार पेट्रोलिंग करता रहे। साथ ही आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित करके उसे गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जमुई के अलावा अपर समाहर्ता जमुई, अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी जमुई, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जमुई एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## छात्रा के घायल होने से पॉलिटेक्निक कॉलेज की व्यवस्था की पोल खुली

प्रात : किरण, संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रमणकाबाद मुंगेर के कॉलेज प्रबंधन का यह दावा खोखला साबित हो रहा है कि सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है अनुशासन में सभी बच्चे और कर्मचारी हैं कोई गलत काम या गैर कानूनी काम नहीं करते हैं । कालेज छात्रावास की छात्रा रितु कुमारी 18 वर्षी गत शनिवार को कालेज के सामने खड़गपुर जमुई मुख्य मार्ग पर बाइक के धक्के से घायल होना कॉलेज प्रबंधन और अनुशासन की दुहाई देने वाली प्राचार्या की पोल खुल गई है। सूत्रों ने बताया कि इस कॉलेज छात्रावास में प्राचार्य का राज या आदेश नहीं चलता अपितु कॉलेज का एक कर्मचारी का राज चलता है छात्रावास की छात्रा मुख्य सड़क पर घूमने क्यों गई थी और छात्रावास से बाहर जाने की अनुमति किसने दिया जो जांच का विषय है घायल छात्र के पति ने बताया की कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही खासकर लापरवाह प्राचार्य के कारण छात्रा का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया है अगर प्राचार्य कॉलेज की छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया होता तो यह घटना नहीं होती और रितु कुमारी का दाहिना पैर नहीं टूटता आगे कई छात्रों ने बताया कि मेष का रसोईया और एक चपरासी का कॉलेज में गैर कानूनी धंधा चलता है कई छात्रों को नशे का लत लगा दिया है इतना ही नहीं कार्यस्थल पर महिलाओं को डरा धमकाकर घिनौना कार्य भी कराए जाते हैं जिसकी शिकायत पॉलिटेक्निक विभाग बिहार को किया गया लेकिन शिकायत पॉलिटेक्निक बिहार ने पर भी और पैसे पर ठंडा बस्ते में बंद कर दिया। विभागीय अधिकारियों का विशेष लगाव प्राचार्य और कर्मचारियों से रहने के कारण गलतियों पर पर्दा डालने से छात्र-छात्राओं को परेशानी होती है वहीं अभिभावकों को बच्चे किसी घटना का शिकार होने पर माता-पिता भी परेशान हो जाते हैं और खर्च बढ़ जाता है नया गाड़ी का एक छात्रा ने बताया कि छात्रावास में भोजन ठीक नहीं दिए जाने के कारण एक साल बाद रोज मैं घर से ही आता जाता हूं ऐसे सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने छात्रावास छोड़ दिया है पुलिस सूत्र ने बताया की ट्रैफिक डीएसपी प्रभात रंजन ने इलाज के लिए रितु कुमारी को स्वास्थ्य केंद्र खड़गपुर में भर्ती कराया । जानकारी के अनुसार भागलपुर के रजनपुर निवासी पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्रा रितु कुमारी अपनी सहेली के साथ किसी काम से खड़गपुर बाजार आ रही थी तभी सड़क किनारे के दौड़ते सामने आ गई तेज रफ्तार बाइक सवार ने छात्रा को ठोकर मार दिया जिसे दाहिने पैर में चोट आई प्रभात रंजन ने बताया की छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है डॉक्टरों ने प्राथमिक की उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज भागलपुर रेफर किया है पुलिस ने बाइक को कब्जे में कर लिया है और प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है ।

## मुंगेर में साइबर अपराधी 78 हजार रुपए खाते से उड़ाए

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । मुंगेर पुलिस सूत्रों ने बताया कि बासुदेवपुर थाना अंतर्गत नयागांव निवासी गोल ताकता व्यवसाय मुकेश शाह के खाते से साइबर अपराधियों द्वारा 78000 की अवैध निकासी किये जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। निकासी में बैंक कर्मियों की संलिप्त का भी आरोप लगाया गया है शिकायत में मुकेश शाह ने बताया कि वासुदेवपुर एसबीआई में बैंक खाता है दिनांक 16 से 20 नंबर के बीच उसके खाते से चार बार 78989 रुपए की निकासी हो गई लेकिन मोबाइल पर मैसेज नहीं आया जबकि सभी मैसेज मोबाइल पर आता है इस दरमियान 22 नवंबर को जब खाता अपडेट करवा लिया गया तो पता चला कि 16 नंबर को 2700 एक बार में और दूसरी बार में 1499 रुपए 17 नवंबर को 4790 रुपए और 20 नवंबर को 70000 रुपए की निकासी हो गई है साइबर थाना में आवेदन देकर पीड़ित ने साइबर अपराधियों द्वारा निकासी की गई राशि को बैंक खाते में वापस दिलाने की गुहार लगाई है इधर साइबर क्राइम थाना अध्यक्ष शहर ट्रैफिक डीएसपी प्रभात रंजन ने बताया कि आवेदन मिला है आवेदन के आलोक में जांच के पश्चात प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

## आतंकियों और अपराध से जुड़े अपराधियों का राष्ट्रीय स्तर पर बनेगा डाटाबेस

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत इसे बिहार के सभी जिला के एसपी को नेशनल मेमोरी बैंक तैयार करने को कहा जा रहा है। अपराधियों और अपराध से जुड़े अपराधियों आतंकियों का राष्ट्रीय स्तर पर डाटाबेस तैयार किया जा रहा है इसके लिए एनएम नेशनल मेमोरी बैंक तैयार हो रहा है केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश इसे शुरू किया गया है इसे तैयार करने के लिए इंटेलिजेंसी ब्यूरो ने बिहार सहित सभी राज्यों से अपराधियों एवं आतंकियों का रेकॉर्ड मांगा गया है। उनसे संबंधित जो भी कांड दर्ज हुए हैं उन सभी कांडों की जानकारी तलब की है गई है। गृह मंत्रालय के निर्देश के आलोक में पुलिस मुख्यालय ने मुंगेर सहित राज्य के सभी एसपी को पत्र भेजकर सूची की मांग किया है। इसके पहले यह डेटाबेस मुख्यालय स्तर पर तैयार किया जाना है। इसके बाद देश के सभी जिलों को भी इससे जोड़ा जाएगा। आतंकी गतिविधियों में शामिल होने और उन बदमाशों को मदद पहुंचाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है है। गृही मंत्रालय के निर्देश पर मादक पदार्थों से जुड़े तस्कर और जाली नोट के अवैध कारोबारी से संबंधित मामलों पर विशेष नजर रखी जा रही है। बिहार सहित अन्य राज्यों में भी पहले से इस तरह की कांडों में शामिल होने वाले अपराधियों का ब्यौरा मांगा गया है उनके अन्य कनेक्शन को भी खंगाल जा रहा है पहले भी मादक पदार्थ के तस्करों और जाली नोट के धंधेबाज और आतंकी संगठनों का कनेक्शन सहित उनके के मददगार की बात गृह मंत्रालय के सामने आ जाएगा। नेशनल मेमोरी बैंक तैयार करने का मकसद यह है कि देशभर में आतंकियों का एक जगह डेटाबेस हो एक क्लिक करते ही उनके बारे में पूरी जानकारी सामने आ जाएगा । इससे खुफिया एजेंसी को कम समय गिरफ्तार करने में मदद मिलेगा। इस तरह की सिस्टम में बस एक आतंकी का संदिग्ध होने उनका नाम टाइप करते ही मेमोरी बैंक दिखाएगा कि उसके खिलाफ देश में कई मामला दर्ज है या नहीं। डेटाबेस में वामपंथी चरमपंथियों उत्तर पूर्व विद्रोही समूह सहित अन्य गिरोह से जुड़े अपराधियों का भी ब्यौरा उपलब्ध हो जाएगा

## निर्माण कार्य का बोर्ड लगाए बिना धड़ल्ले से करा रहे सरकारी काम

**अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी नियम का उल्लंघन : ग्रामीण**

प्रात : किरण, संवाददाता



गिद्धौर। स्थानीय गिद्धौर प्रखंड में चल रहे सरकार प्रायोजित योजनाओं पर बिना योजना का बोर्ड लगाए ही काम कराया जा रहा है। एन एच333 सरसा मोड जाने वाली गली में घटिया ईट का प्रयोग किया जा रहा है। आहार सफाई,करहा उड़ाही, सड़क निर्माण और अन्य कार्य शामिल है। लेकिन इन योजनाओं को शुरू होने से पहले निर्माण स्थल पर निर्माण कार्य के संबंध में किसी प्रकार का बोर्ड नहीं लगाया जाता है। जिसके कारण ग्रामीणों को यह नहीं पता चल पाता है कि निर्माण कार्य किस योजना के तहत कराया जा रहा है। यह सवाल बना रहता है कि योजना का प्राक्कलन क्या है और प्राक्कलित राशि कितनी है। यह पता नहीं रहने के कारण स्थानीय लोग योजना के बारे में जानकारी नहीं होती है और इसी बीच योजना के अभिकर्ता अधिकारी के मिली भगत से जैसे तैसे योजना को पूर्ण दिखा कर राशि का बंदरबांट कर लेते जिसका नतीजा यह होता है और धरातल पर योजनाओं का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता और लोगों की समस्या जस का तस बना रह जाता है। खास तौर पर मनरेगा के अंतर्गत होने वाली योजनाओं पर बोर्ड नहीं लगाया जाता है। जो आम लोग के बीच सरकारी योजनाओं में लूट खसोट का चर्चा करने के लिए काफी होता है। पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव कुमार मंडल उर्फ बूच्चू मंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से प्रखंड में संचालित होने वाले सभी योजनाओं को कार्य लगने से पूर्व योजनाओं से जुड़ी बोर्ड लगाए जाने का अनुरोध किया है।

## रील्स बनाने के लिए गिद्धौर थानाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठा लड़का, वीडियो वायरल



● वीडियो वायरल होते ही लड़का बोला, गलती हो गई

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। इन दिनों सोशल मीडिया पर रिल्स बनाने ओर हथियार रखने का सौंख युवाओं में सर चढ़कर बोल रहा है।गिद्धौर में भी एक युवक ने कुछ ऐसा ही कारनामा थाने में घुसकर किया है जिसकी चर्चा जोरों पर है और लोग वीडियो वायरल होने के बाद तरह-तरह की चर्चा भी कर रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जमुई पुलिस की किरकिरी हो रही है। दरअसल हम बात कर रहे हैं गिद्धौर थाना की जिसमें सोशल मीडिया पर एक रिल्स तेजी से इन दोनों वायरल हो रहा है जो की जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ। सोशल मीडिया पर रिल्स वायरल होने के बाद गिद्धौर थाना की पुलिस की काफी फर्जीयत हो रही है। लोगों में अब यह चर्चा होने लगी है कि जो पुलिस दूसरे को सुरक्षा देने की बात करती है उसकी कुर्सी खुद से खतरे में है खुलेआम एक मनचला युवक थाना में घुसकर थानेदार के कुर्सी पर बैठकर भोजपुरी अश्लील गानों पर रिल्स बना रहा है। और खुलेआम सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है जिससे जमुई पुलिस और गिद्धौर थाने की पुलिस की सुरक्षा के दावे की हकीकत साफ दिख रही है। वही वीडियो वायरल होने के बाद जमुई एसपी चंद्रप्रकाश ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है। वायरल वीडियो के बारे में बताया जाता है कि युवक गिद्धौर बाजार का ही रहने वाला है और उसका नाम गोलू कुमार है,उसकी मां गिद्धौर के ही दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्स का काम करती है। अब देखना लाजिमी होगा कि इस पूरे मामले को लेकर जमुई पुलिस कप्तान क्या कार्रवाई करते है या मामले की लीपा पोती करके छोड़ दिया जाएगा।

## अस्पताल में मरीजों के बीच चलाया गया आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए जागरूकता अभियान



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ने की पहल तेजी से किया जा रहा। इसको लेकर सोमवार को रेफरल अस्पताल से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रचार प्रसार करवाया कर जागरूक किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र, अस्पताल प्रबंधक नवनीत कुमार अस्पताल में इलाज करवाने पहुंचे लोगों को आयुष्मान कार्ड के फायदों के बारे में बताता। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान प्रधानमंत्री जन आरोग्य एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य के तहत पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड पर 5 लाख रुपये का निशुल्क इलाज प्रदान किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि अब भी कई लोग आयुष्मान कार्ड से वंचित हैं। इसलिए आयुष्मान कार्ड का लाभ लेना अब और भी आसान हो चुका है राशन कार्डधारकों के परिवार को प्रखंड एवं जिला स्तरीय सरकारी अस्पताल के ओपीडी काउंटर के नजदीक डिजिटल काउंटर से अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड के लिए आधार कार्ड एवं पारिवारिक पहचान के लिए राशनकार्ड अवश्य लाना होगा। आगे उन्होंने बताया कि 70 वर्ष से अधिक उम्र वालों को बिना राशनकार्ड के ही आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगों के बीच प्रचार प्रसार किया जा रहा है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार वाहन घूम घूम कर लोगों को जानकारी दिया जा रहा है।

## एबीवीपी का मूल उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र का पुनर्निर्माण : हरिनंदन प्रजापति

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई झाझा के तत्वाधान में नगर कार्यकारिणी सदस्य अमरेंद्र कुमार के जन्मदिन के अवसर पर सलम क्षेत्र में जाकर बच्चों के बीच पाठ सामग्री का वितरण किया। मौके पर नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने रचनात्मक कार्यों के लिए जाने जाते हैं इस प्रकार के कार्य कार्यकर्ता विभिन्न केंपसों में करते आ रहे हैं जन्मदिन के अवसर पर दो पौधारोपण कार्यक्रम पिछले 5 वर्षों से झाझा नगर इकाई में चल रहा है, आज कार्यकर्ता के जन्मदिन के अवसर पर सलम क्षेत्र में पाठ सामग्री वितरण कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक व स्कूल जाने को लेकर प्रेरित किया। शिक्षा से ही समाज को बदला जा सकता है, शिक्षा वह ताकत है जो पिछड़े वर्गों को अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है,एबीवीपी का मूल उद्देश्य ही है व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र का पुनर्निर्माण।इस कार्य को उपस्थित ग्रामीणों ने एबीवीपी टीम की सराहना की। मौके पर नगर कार्यकारिणी सदस्य संतोष कुशवाहा, गुड्डू कुमार, संजीत कुमार,दिवाकर ठाकुर, राजेश यादव ने भी शुभकामना भेंट की।

## गैंगरेप की हुई घटना का जमुई पुलिस ने 12 घंटे में किया उद्भेदन, तीन आरोपी गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पतौना गांव में 55 वर्षीय महिला के साथ हुई गैंगरेप और मारपीट की जघन्य घटना का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर उद्भेदन कर दिया। इस मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचानः माधव मांझी उर्फ वाल्मीकि मांझी (पिता दरोगी मांझी), दिवाकर मांझी (पिता नरसिंह मांझी) हीरा मांझी (पिता रामदेव मांझी) तीनों आरोपी मलयपुर थाना क्षेत्र के पतौना मुसहरी टोला के निवासी हैं। घटना का विवरण : पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश ने बताया कि महिला खाना लाने के लिए अपने भगना (भतीजे) के घर गई थी। लौटते समय माधव मांझी ने उसे रास्ते में रोक लिया और तीनों आरोपी उसे जबरन नदी किनारे ले गए। वहां उन्होंने सामूहिक दुष्कर्म किया। पहचान उजागर होने के डर से आरोपियों ने महिला के चेहरे और शरीर पर पत्थर से वार किया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई और बेहोश हो गई। आरोपियों ने महिला को मृत समझकर घटनास्थल से फरार हो गए। पुलिस की कार्रवाई : घटना की सूचना मिलते ही मलयपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश सुमन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में अंचल निरीक्षक प्रताप सिंह, मलयपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार, एसआई महेश सिंह, धर्मेंद्र कुमार, बीणा कुमारी, सुजाता कुमारी और डीआईयू टीम शामिल थी।

## लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की स्थापना दिवस को लेकर लोजपा ने किया बैठक




प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। रविवार को तारापुर लोजपा रामविलास के प्रधान कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता कर झारखण्ड विधानसभा चुनाव में पार्टी का सौ प्रतिशत स्ट्राइक रेट रहने पर एवं बिहार विधानसभा उपचुनाव में सभी चार सीटों पर एनडीए की शानदार जीत को लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के कुशल नेतृत्व एवं चुनाव प्रबंधन पर आभार जताते हुए मतदाता मालिकों के प्रति लोगों ने दिल की गहराई बधाई दिया है । वहीं दूसरी ओर 28 नवंबर को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने को लेकर अधिक से अधिक संख्या में पटना चलने को लेकर कार्यकताओं से आह्वान किया गया । इस मौके पर तारापुर विधानसभा प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी आईटी सेल के जिला अध्यक्ष रोहित सिंह कैलाश भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## जिलाधिकारी ने धान फसल के क्रोप कटिंग में शामिल होकर कृषक का किया हौसला अफजाई



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के द्वारा जिले के सदर प्रखंड जमुई अंतर्गत इंदपे ग्राम में जिला सांख्यिकी कार्यालय जमुई से प्राप्त संभावित संख्या के आधार पर कृषक इंद्रदेव सिंह पिता मुंशी यादव के खेत में खरीफ मौसम के पंचायत स्तरीय धान फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण किया गया ' जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जमुई द्वारा बताया गया कि वैज्ञानिक संभावित पद्धति को अपनाते हुए प्रयोग संपन्न किया गया है जिसमें कृषक इंद्रदेव गोप 1075 मी आयताकार के प्लांट क्षेत्र में कटनी कर धान का वजन 31.520 किलोग्राम प्राप्त हुआ, जो 63.04 क्विंटल प्रति हेक्टेयर को दशार्ता है । जिलाधिकारी महोदया द्वारा अनुमानित दर पर चना का बीज चयनित किसानों को उपलब्ध करावाया गया । मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जिला कृषि ब्रजेश कुमार पदाधिकारी, मुखिया समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे ।

## जन सुराज पार्टी द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान, सैकड़ो लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। रविवार को मुंगेर नगर निगम के वार्ड नंबर 22 में बड़ी काली अस्थान के प्रांगण दिलावरपुर में जन सुराज पार्टी की तरफ से एकदिवसीय बैठक सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामसारो देवी ने किया एवं संचालन दिनेश कुमार गुप्ता ने किया। इस बैठक में जन सुराज के सदस्य सह प्रसिद्ध ज्योतिषी भानू प्रियदर्शी मुख्य अतिथी मौजूद थे।राज्य कार्यवाहक समिति बिहार के सदस्य मो शहाब मलिक ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनु सुराज के संस्थापक श्री प्रशांत किशोर के इस फैसले को सराहा कि बिहार विधानसभा उपचुनाव में जनसुराज के तरफ से चारों विधान सभा में उम्मीदवार देकर बड़ा ही साहस का परिचय दिया है। चारों विधानसभा की जनता ले यह मैसेज दिया है कि आने वाले समय में वाले समय में 2025 के विधान सभा चुनाव में जन सुराज 243 सीटों पर बड़ी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगा और बड़ी बड़ी पार्टियों को धूल चटा देगी।आज की बैठक में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रशांत किशोर की प्रशंसा करते हुए इस अभियान का हिस्सा बने और जन सुराज की सदस्यता ग्रहण किया।

## चुनाव परिणाम : सत्ता पक्ष को फिर मिला जनादेश

देश के दो राज्यों के साथ कुछ राज्यों के उपचुनाव के परिणाम ने सत्ता पक्ष के प्रति अपना जनादेश दिया है। हर चुनाव में सत्ता के प्रति जनता में किसी न किसी बात पर आक्रोश रहता है, लेकिन महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव में ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं दिया। जनता ने फिर से उन्हीं सरकारों को फिर से सत्ता संभालने की जिम्मेदारी दी है, जो सत्ता में थी। खास बात यह है कि महाराष्ट्र और झारखण्ड में सत्ता धारी गठबंधन को पहले से ज्यादा सीटें मिली हैं। यह जनादेश न तो किसी के उछलने का मार्ग तैयार करता है और न ही किसी को नकारने की स्थिति पैदा करता है। जहां तक खुशियाँ मनाने की बात है तो महाराष्ट्र में भाजपा नीत गठबंधन जीत की खुशी मना रहा है तो झारखण्ड में इंडी गठबंधन के गले में विजयी माला पहनाई गई है। वहीं उपचुनाव में सबको खुशी और सबक दोनों ही दिए हैं। महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद अपने हिसाब से राजनीतिक विश्लेषण किए जा रहे हैं। राजनीतिक दलों के लिए इन चुनावों में प्रादेशिक रूप से जय और पराजय दोनों ही सन्देश प्रवाहित हो रहे हैं। किसी के लिए खुशी तो किसी के लिए गम की स्थिति पैदा करने वाले परिणाम ने यह तो साबित कर दिया है कि देश में किसी एक राजनीतिक दल का न तो व्यापक प्रभाव है और न ही कम सीट प्राप्त करने वाले को कमतर आँका जा सकता है। इस चुनाव की सबसे खास बात यह मानी जा सकती है कि कोई भी पार्टी अकेले दम पर बहुमत का आंकड़ा प्राप्त नहीं कर सकी, जिससे यह सन्देश निकल रहा है कि अब भविष्य की राजनीति की दिशा और दशा गठबंधन के सहारे ही तय होगी। वर्तमान में राजनीति दो विचार धाराओं के बीच है, जिसमें एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के साथ समन्वय बनाकर चलने वाले राजनीतिक दलों का विचार है तो दूसरी तरफ कांग्रेस के विचारों से तालमेल रखने वाले दलों की बानगी है। इतना ही नहीं इन चुनावों एक दूसरे के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया गया, वह राजनीतिक हिसाब से भले ही जायज ठहराया जा सकता है, लेकिन आम नागरिकों के समक्ष भ्रम जैसी स्थिति को ही प्रादुर्भित करती हैं। महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम भाजपा के लिए निश्चित ही अच्छे कहे जा सकते हैं, लेकिन झारखण्ड में सरकार बनाने का सपना लेकर मैदान में उतरी भाजपा को फिर से तैयारी करनी होगी। झारखण्ड के परिणाम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति उपजी सहानुभूति को आधार बताया जा रहा है। पिछले दिनों झारखण्ड में हुए भ्रष्टाचार के आरोप में हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से अलग होना पड़ा था। जिसके बाद हेमंत सोरेन ने चुनाव में इसी को अपना राजनीतिक हथियार बनाया था और चुनाव में अपने पक्ष में वातावरण बनाया। ऐसा लगता है कि झारखंड में भाजपा अपनी ताकत और कमजोरी को भाँपने में विफल हो गई। झारखण्ड में भाजपा इतनी अप्रभावी नहीं कही जा सकती, जैसा उसका इस चुनाव में प्रदर्शन रहा है। पिछले विधानसभा के चुनाव में भाजपा के प्रादेशिक नेताओं की तनातनी जगजाहिर थी, जिसका परिणाम भाजपा के लिए ठीक नहीं था। हालाँकि इस चुनाव में भाजपा ने पिछली गलती को सुधारने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वह सत्ता के सीढ़ी का निर्माण कर पाने में असफल रही। अब झारखण्ड में फिर से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनेगी और मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन फिर मुख्यमंत्री होंगे, यह भी तय लगता है। परिणाम के बाद अब महाराष्ट्र के चुनावों के बारे में जो राजनीतिक निष्कर्ष निकाले जा रहे हैं, उसके अनुसार यही कहा जा रहा है कि झारखंड और महाराष्ट्र में राजनीतिक हवा अलग अलग दिशा में बह रही थी। जिसने हवा का रुख भांप लिया, वह हवा के साथ ही चला और सत्ता प्राप्त करने में सफलता हासिल की। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विभाजन के बाद हुए चुनावों में कांग्रेस के साथ रहने वाले शिव सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को जनता ने नकार कर शायद यही सन्देश दिया है कि यह सत्ता के लिए किया गया बेमेल गठबंधन ही था।

## विश्व में भारत की साख बढ़ाने की मोदी प्रतिबद्धता

दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी श्रृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी श्रृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर और गुयाना ने ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस से नवाजा। भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दशार्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है। अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी किसी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हो। भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। मोदी की हर देश की यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनी है। बात चाहे अमेरिका यात्रा की हो, वहां राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि आप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। मुझे तो आपके आटोग्राफ लेने चाहिए। आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा।

## क्या टेलरिंग शॉप और सैलून में पुरुषों पर रोक से महिलाएँ सुरक्षित हो पायेगी?

ऐसी प्रथाओं से पुरुष नाइयों के लिए नौकरी के अवसर कम हो सकते हैं। उत्पीड़न की जड़ से निपटने के लिए सम्मान, सहमति और कार्यस्थल नैतिकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएँ। पॉश अधिनियम, 2013 प्रशिक्षण सत्रों को अनिवार्य बनाता है, जिसे टेलरिंग और सैलून जैसे अनौपचारिक क्षेत्रों में विस्तारित किया जाना चाहिए। आपसी समझ विकसित करने और रूढ़िवादिता को कम करने के लिए व्यवसायों में मिश्रित-लिंग स्टाफिंग को बढ़ावा दें। संयुक्त राष्ट्र महिला के ही फॉर शी अभियान जैसी पहल पुरुषों और महिलाओं को विविध सेटिंग्स में समान रूप से सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है।





प्रियंका सौरभ
लेखक

लिंग भेद का अर्थ है कि महिलाओं को निरंतर सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी एजेंसी और व्यावसायिकता कमजोर होती है। पुरुष दर्जियों को महिलाओं के माप लेने से रोकना सुरक्षा के लिए महिलाओं की निर्भरता की धारणा को मजबूत करता है। ऐसी नीतियाँ पुरुषों को संभावित खतरे के रूप में सामान्यीकृत करती हैं, अविश्वास पैदा करती हैं और कार्यस्थल की गतिशीलता को नुकसान पहुँचाती हैं। उत्पीड़न को सम्बोधित करने के बजाय अलगाव रूढ़िवादिता को मजबूत करता है विश्लेषण करें कि लिंग के आधार पर व्यवसायों का अलगाव उत्पीड़न के अंतर्निहित मुद्दों को सम्बोधित करने के बजाय रूढ़िवादिता को कैसे मजबूत करता है। यद्यपि अक्सर उत्पीड़न के खिलाफ निवारक उपाय के रूप में लिंग के आधार पर व्यवसायों का अलगाव प्रस्तावित किया जाता है, लेकिन इससे रूढ़िवादिता और लिंग आधारित भूमिकाओं को मजबूत करने का जोखिम होता है। हाल के नियम, जैसे कि टेलरिंग शॉप और यूनिसेक्स सैलून में लिंग-विशिष्ट स्टाफिंग, उत्पीड़न के मूल कारणों, जैसे कि सामाजिक दृष्टिकोण, असमानता और जागरूकता की कमी को सम्बोधित करने में विफल रहे हैं। लैंगिक समानता और सुरक्षा प्राप्त करने के लिए प्रणालीगत परिवर्तनों पर केंद्रित एक अधिक समग्र दृष्टिकोण आवश्यक है। सामाजिक मान्यताएँ अक्सर महिलाओं को कमजोर और पुरुषों को आक्रामक के रूप में चित्रित करती हैं, जो असमान लिंग गतिशीलता को बढ़ावा देती हैं जो उत्पीड़न को बनाए रखती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि कार्यस्थल पर उत्पीड़न महिलाओं को असंगत रूप से प्रभावित करता है क्योंकि पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण जड़ जमाए हुए हैं। नियोक्ताओं और कर्मचारियों सहित कई लोगों को कार्यस्थल पर उत्पीड़न कानूनों के बारे में जानकारी नहीं है, जिसके कारण अनियंत्रित कदाचार होता है। केवल 35% भारतीय महिला कर्मचारी ही यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम, 2013 के बारे में जानती हैं। कानूनों का अकुशल क्रियान्वयन और जवाबदेही की कमी उत्पीड़कों को बढ़ावा देती है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए आवंटित निर्भया फंड (2013) खराब प्रशासन के कारण कम उपयोग में आता है। कुछ व्यवसायों में महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व पुरुष-प्रधान वातावरण बनाता है, जिसमें सत्ता का दुरुपयोग होने की संभावना होती है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 के अनुसार, महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर में वृद्धि हुई है, लेकिन यह लगभग 37% पर बनी हुई है। न्याय, पीड़ित को दोषी ठहराने या प्रतिशोध का डर पीड़ितों को उत्पीड़न की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करता है, जिससे चुप्पी की संस्कृति बनी रहती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, यौन उत्पीड़न सहित महिलाओं के खिलाफ अपराध, नतीजों के डर, अपर्याप्त जागरूकता और सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण बहुत कम रिपोर्ट किए जाते हैं। लिंग भेद का अर्थ है कि महिलाओं को निरंतर सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी एजेंसी और व्यावसायिकता कमजोर होती है। पुरुष दर्जियों को महिलाओं के माप लेने से रोकना सुरक्षा के लिए महिलाओं की निर्भरता की धारणा को मजबूत करता है। ऐसी नीतियाँ पुरुषों को संभावित खतरे के रूप में सामान्यीकृत करती हैं, अविश्वास पैदा करती हैं और कार्यस्थल की गतिशीलता को नुकसान पहुँचाती हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि समावेशी कार्य वातावरण लिंगों के बीच अधिक सम्मान और सहयोग को बढ़ावा देते हैं।

अलगाव असमान अवसरों को बनाए रखता है, एक लिंग के वर्चस्व वाले व्यवसायों में भागीदारी को प्रतिबंधित करता है। भारत के सशस्त्र बलों ने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को लड़ाकू भूमिकाओं से प्रतिबंधित किया है, जो पेशेवर अवसरों पर अलगाव के प्रभाव को दशार्ता है। एनडीए प्रेरण जैसे सुधार प्रगति को दशार्ते हैं, लेकिन पूर्वाग्रह बने रहते हैं। सामाजिक दृष्टिकोण को सम्बोधित करने के बजाय, अलगाव लक्षणों को लक्षित करता है जबकि शक्ति असंतुलन और खराब शिक्षा जैसे मूल कारणों को अछूता छोड़ देता है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो रिपोर्ट (2023) ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आईपीसी के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराधों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात ह्यपति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरताह्व से जुड़ा था। अलगाव पुरुष पेशेवरों के लिए ग्राहक आधार को कम करता है, जो निम्न-आय वर्ग के लोगों को असमान रूप से प्रभावित करता है। छोटे शहरों या गांवों में जहाँ यूनिसेक्स सैलून उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, ऐसी प्रथाओं से पुरुष नाइयों के लिए नौकरी के अवसर कम हो सकते हैं। उत्पीड़न की जड़ से निपटने के लिए सम्मान, सहमति और कार्यस्थल नैतिकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएँ। पॉश अधिनियम, 2013 प्रशिक्षण सत्रों को अनिवार्य बनाता है, जिसे टेलरिंग और सैलून जैसे अनौपचारिक क्षेत्रों में विस्तारित किया जाना चाहिए। आपसी समझ विकसित करने और रूढ़िवादिता को कम करने के लिए व्यवसायों में मिश्रित-लिंग स्टाफिंग को बढ़ावा दें। संयुक्त राष्ट्र महिला के ही फॉर शी अभियान जैसी पहल पुरुषों और महिलाओं को विविध सेटिंग्स में समान रूप से सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उत्पीड़न विरोधी कानूनों के सख्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें और शिकायत समाधान के लिए मजबूत तंत्र बनाएँ। अनौपचारिक क्षेत्रों में आंतरिक शिकायत समितियों का विस्तार करने से कमजोर श्रमिकों की रक्षा हो सकती है। निगरानी के बजाय, निजी फिटिंग रूम और ग्राहक-अनुकूल लेआउट जैसे सुरक्षित बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दें। प्रतिबंधात्मक विनियमों से प्रभावित पेशेवरों को वित्तीय और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करें, जिससे उनकी आजीविका सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम, 2013) के तहत सरकार द्वारा वित्तपोषित कौशल संवर्धन कार्यक्रम नाई और दर्जी को अपने ग्राहकों में विविधता लाने में मदद कर सकते हैं। लिंग के आधार पर व्यवसायों का पृथक्करण एक सतही प्रतिक्रिया है जो रूढ़िवादिता को मजबूत करती है जबकि उत्पीड़न के प्रणालीगत मुद्दों को सम्बोधित करने में विफल रहती है। समावेशी कार्यस्थलों को बढ़ावा देकर, कानूनी सुरक्षा को मजबूत करके और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देकर, भारत समानता और सम्मान में निहित समाज का निर्माण कर सकता है।

## संभल से इम्फाल तक हिंसा की एक ही बीमारी

कभी ज्ञानवापी के रूप में तो कभी संभल के रूप में। ये घृणित कोशिश उत्तराखंड में भी हुई और देश के दूसरे हिस्सों में भी। देश में लोगों के पास महंगाई के खिलाफ लड़ने का माद्दा नहीं है। लोग बेरोजगारी के खिलाफ नहीं लड़ सकते, महिला हिंसा के खिलाफ खड़े नहीं हो सकते। भूख-गरीबी के खिलाफ एकजुट होकर अदालतों के चक्कर नहीं काट सकते, लेकिन जामा मस्जिद की जामा तलाशी के लिए अदालतों के चक्कर काटने की फुरसत उन्हें है। क्या उनकी नीवों को सर्वे के नाम पर खोदा जाएगा?





राकेश अचल
लेखक

उत्तर प्रदेश में संभल हिंसा की आग में जल रहा है। हिंसा में 4 लोग मारे जा चुके हैं। मणिपुर में हिंसा का जघन्य रूप सामने है लेकिन सरकार महाराष्ट्र में जीत का जश्न मना रही है। उत्तर प्रदेश में सरकार और सरकारी पार्टी के लोग मस्जिदों के नीचे दबे मंदिरों को खोजने की सनक में गड़े मुर्दे उखाड़ने से पीछे नहीं हट रहे। वैसे भी उसका नारा है बटोगे तो कटोगे का है। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव ने समाज को एक नहीं किया बल्कि बाँट दिया है। ये बँटवारा मणिपुर में पूरी तरह हो चुका है और उत्तर प्रदेश में जारी है। उत्तर प्रदेश बहराइच से होता हुआ साम्भल तक आ पहुंचा है। मणिपुर और संभल की बीमारी एक जैसी है, लेकिन उसका इलाज अलग-अलग तरीके से किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में सरकार और सरकार संरक्षित लोग / संस्थाएं जामा मस्जिद की जामा तलाशी लेने के लिए अदालती आदेशों और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण महकमे का सहारा ले रही है। ये काम अयोध्या की बाबरी मस्जिद से शुरू हुआ था और आज तक जारी है। कभी ज्ञानवापी के रूप में तो कभी संभल के रूप में। ये घृणित कोशिश उत्तराखंड में भी हुई और देश के दूसरे हिस्सों में भी। देश में लोगों के पास महंगाई के खिलाफ लड़ने का माद्दा नहीं है। लोग बेरोजगारी के खिलाफ नहीं लड़ सकते, महिला हिंसा के खिलाफ खड़े नहीं हो सकते। भूख-गरीबी के खिलाफ एकजुट होकर अदालतों के चक्कर नहीं काट सकते, लेकिन जामा मस्जिद की जामा तलाशी के लिए अदालतों के चक्कर काटने की फुरसत उन्हें है। देश में स्पष्ट कानून है कि आजादी के बाद जिन पूजा स्थलों की जो स्थिति है उसमें कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, किन्तु देश की अदालतों को इस कानून से शायद कोई लेना-देना नहीं है। वे कभी भी, किसी को भी किसी भी मस्जिद का सर्वे करने का आदेश दे सकतीं हैं। अदालतों को भी सियासत और सत्ता की तरह गड़े मुर्दे उखाड़ने में मजा आता है शायद। अन्यथा क्या जरूरत है किसी मस्जिद की जड़ें खोदने की? माना कि अतीत में किसी मस्जिद को, किसी मंदिर को जमीदोज कर बनाया गया होगा, लेकिन क्या आज फिर वो ही गलती जानबूझकर दोहराये जाने की जरूरत है? महाराष्ट्र विधान सभाचुनावों में मिली प्रचंड जीत ने भाजपा और उसके अनुसांगिक संगठनों का हौसला और बढ़ा दिया है। वे हर कीमत पर अल्पससंख्यक समाज को सबक सिखाना चाहते हैं और इसी का नतीजा बहराइच और संभल की हिंसा है। सरकार और सरकारी लोगों को रोज-रोज ये नाटक करने के बजाय एक बार में देश की तमाम मस्जिदों के सर्वेक्षण का आदेश अदालत से हासिल कर लेना चाहिए। आपको शायद पता न हो इसलिए मै बता दूँ कि देश में एक-दो नहीं कोई 6 लाख छोटी-बड़ी मस्जिदें है। इनमें से अधिकांश के नाम जामा मस्जिद हैं। क्या सरकार इन सबका सर्वे करा सकती ही? मेरे ख्याल से सरकार को वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन करने के इन लाखों मस्जिदों का सर्वेक्षण करने के लिए एक विधेयक लाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश में जो काम 5 -6 दिसंबर 1992 को अयोध्या से शुरू हुआ था वो काम आज भी जारी है। कभी ज्ञानवापी के रूप में कभी संभल के रूप में तो कभी उत्तराखंड की किसी मस्जिद को तोड़ने के रूप में। सरकार देश को धर्मनिरपेक्ष नहीं देखना चाहती। सरकार का एजेंडा देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने का है, इसलिए बेहतर हो कि केंद्र सरकार एक कानून लेकर पहले देश को मस्जिद विहीन करे, बाद में देश को हिन्दू राष्ट्र बनाये। न रहेगा बांस और न बजेगी बांसुरी। देश के 20 करोड़ से ज्यादा मुसलमानों को भी हिंदुस्तान से बेदखल कर दुनिया के तमाम मुस्लिम राष्ट्रों में तकसीम कर देना चाहिए। सरकार ये कर सकती है। सरकार के तमाम मुस्लिम देशों से मैत्रीपूर्ण रिश्ते भी हैं। लेकिन सरकार ऐसा कर नहीं पायेगी। इस समय देश एक कठिन दौर से गुजर रहा है। डेढ़ साल से मणिपुर यदि जल रहा है तो केवल केंद्र और राज्य सरकार की नाकामी की वजह से। मणिपुर में धार्मिक स्थलों को जिस तरह से तबाह किया गया है उसकी कोई मिसाल हमारे इतिहास में नहीं मिलती। क्या भविष्य में मणिपुर की तरह उत्तर प्रदेश या दूसरे सूबों में दूसरे धर्म के पूजा स्थलों को आग के हवाले किया जाएगा? क्या उनकी नीवों को सर्वे के नाम पर खोदा जाएगा? क्या जानबूझकर वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन की कोशिश की जाएगी? ये ऐसे तमाम सवाल हैं जिनके उत्तर इस देश के अल्पसंख्यक ही बल्कि बहुसंख्यक समाज को भी चाहिए।

संसद का शीत सत्र शुरू हो चुका है। देखना ये है कि संसद में देश की भलाई के लिए कोई काम होता है या फिर संसद हिन्दू-मुसलमान करती रह जाएगी। ये देश इस मामले में बदनसीब है कि इसे आजादी के पहले भी साम्प्रदायिक हिंसा की आएग में जलना पड़ा और आजादी के 77 साल बाद भी यहां बहराइच और संभल काण्ड हो रहे हैं। सांप्रादियक हिंसा से ग्रस्त इलाकों में शान्ति स्थापना केलिए हमारे पास सशस्त्र बल हैं, बंदूकें हैं, आंसू गैस के गोले हैं, लाठियां हैं लेकिन कोई गांधी नहीं है जो वहां जाकर उपवास कर सके। लोगों से शांति की अपील कर सके। हमारे पास आज गांधी जी नहीं, मोदी जी हैं और मोदी जी संभल जाने से रहे, उन्हें उपवास करना आता ही कहाँ है / वे तो हिमालय की कंदराओं में ध्यान लगा सकते हैं । उन्हें तो डेढ़ साल से धधक रहे मणिपुर जाने की फुरसत नहीं है। हे भगवान इस देश की रक्षा कीजिये।

## वैश्विक संघर्ष से भारत की आर्थिक चिंताएं

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

यकीनन इस समय बढ़ते हुए रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-ईरान संघर्ष के कारण भारत की भी आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। ये चिंताएं बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढे, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा युद्ध में उलझे हुए देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं। स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पडा शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढे के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्टूबर और नवंबर 2024 दो साल की बड़ी गिरावट के महीनों के रूप में दिखाई दे रहे हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रुख कर रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमतें बढ़ी हैं। एक चिंताजनक बात यह है कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक-तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढे लगेंगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और इजरायल के बीच युद्ध का अप्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग पर भी पड़ सकता है, क्योंकि भारत अभी भी ज्यादातर दवाओं के लिए कच्चे माल का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका होगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बढे पर भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई वृद्धि का दौर निर्मित होते हुए दिखाई दे रहा है। लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं हो सकेगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना हुआ है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 21 नवंबर तक भारत के पास 650 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे भारत किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है। यदि दुनिया के युद्धग्रस्त देशों में युद्ध और तेजी से बढ़ेगा, तो कच्चे तेल के वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढे का सिलसिला शुरू हो सकता है और अब यदि कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी, तो दुनियाभर में कई वस्तुओं के दाम बढे के साथ-साथ भारत में भी कीमतें बढे का सिलसिला शुरू हो सकता है। चूंकि ईरान दुनिया के सबसे बड़े कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है, ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढे पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। यह भी चिंताजनक है कि अभी देश में महंगाई बढे का रुझान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। 14 नवंबर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में थोक महंगाई दर बढकर 2.36 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो 4 महीने का उच्चतम स्तर है। बीते महीने खाद्य पदार्थों, विशेष रूप से सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें महंगी हो गई हैं। सितंबर 2024 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 1.84 प्रतिशत थी। ज्ञातव्य है कि 12 नवंबर को प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर 2024 में खुदरा महंगाई दर बढकर 6.21 प्रतिशत हो गई। यह महंगाई का 14 महीने का उच्चतम स्तर है। इससे पिछले महीने सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई थी तथा अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी। आलू, प्याज के साथ अन्य सभी प्रकार की सब्जियों की कीमतों में तेज वृद्धि तथा महंगे हुए अनाज व फलों के कारण अक्टूबर माह में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर भी बढकर 10.87 प्रतिशत हो गई, जबकि सितंबर माह में यह 9.24 प्रतिशत तथा माह अगस्त में 5.66 प्रतिशत थी।

## संक्षिप्त खबरें

### दौड़ में भैसरौली की मीनाक्षी, पिपलौती कलां की अंजना चैंपियन

हसनपुर। न्याय पंचायत रुखालू की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को चौधरी कासिम मेमोरियल पब्लिक स्कूल पिपलौती खुर्द के खेल मैदान पर हुआ। बीईओ अनिल कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, ब्लाक अध्यक्ष रामवीर सिंह एवं जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार ने शुभारंभ कराया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में शादान प्रथम, हितेश द्वितीय रहे। 100 मीटर दौड़ में कासिम प्रथम और हर्षदीप द्वितीय रहे।200 मीटर दौड़ में सूफियान सैफ प्रथम व जयंत द्वितीय रहे। कबड्डी बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय पिपलौती खुर्द व बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर की टीम प्रथम रहीं। खो-खो में प्राथमिक विद्यालय पिपलौती खुर्द की टीम प्रथम जबकि, श्यामपुरी की टीम द्वितीय स्थान पर रहीं। बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में मीनाक्षी व गौरी क्रमशः पहले व दूसरे स्थान पर रहीं। 100 मीटर दौड़ में आरती प्रथम एवं पिंकी द्वितीय रहीं।200 मीटर दौड़ में मीनाक्षी प्रथम व आरती द्वितीय स्थान पर रहीं। उच्च प्राथमिक स्तर बालक व बालिका वर्ग की प्रतियोगिता भी हुईं।

### मिशन 2027 के लिए जुट जाएं कार्यकर्ता

गजरौला।सपा यूथ ब्रिगेड के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय सचिव साजिद चौधरी का स्थानीय कार्यकताओं ने स्वागत किया। साजिद चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता मिशन 2027 की तैयारी में जुट जाएं। संभल के लोगों से शांति व अमन बनाए रखने की अपील की। कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की सरकार है। इसे आम आदमी से कोई सरोकार नहीं है। भाजपा में जवान, किसान, नौजवान, बेहद दुखी है। जनता महंगाई की मार से मरी जा रही है। इस दौरान पूर्व चेयरमैन एडवोकेट जाहिद हुसैन, सजर अली, बाबू प्रधान, सुमित कुमार, सतेंद्र, आकाश जाटव, अंकुर, मकबूल आदि मौजूद रहे।

### जाम से निजात को एसडीएम से मिले व्यापारी, मिला आशवासन

हसनपुर।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने सोमवार को एसडीएम सुनीता कुमारी से मुलाकात की। नगर की समस्याओं से अवगत कराया। जाम की समस्या को विकराल बताते हुए जल्द निजात दिलाने की मांग की। संगठन जिलाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि नगर में नो एंट्री में वाहन बेरोकटोक आ-जा रहे हैं। दिन में भी डीसीएम सरीखे वाहन शहर में घुस जाते हैं, जिससे जाम लग जाता है। ई-रिक्शा शहर में जाम की प्रमुख वजह बने हैं। दिनभर शहर में जाम की वजह से आवागमन खासा मुश्किल भरा होता है। जाम से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। कहा कि गजरौला अड्डे से अमरोहा या रहरा अड्डा जाने वाले ई-रिक्शा बाईपास से जाने की बजाए मुख्य शहर से होकर गुजरते हैं। जिसके चलते तमाम ग्राहक जाम की वजह से शहर के मुख्य बाजार में खरीदारी करने से कतराते हैं। सर्दी बढ़ने के साथ ही दुकानों में चोरी की घटनाएं बढ़ने की आशंका जताते हुए शहर में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। अमन कमेटी की बैठक की सूचना समय रहते नहीं देने का दर्द भी व्यापारियों ने एसडीएम से साझा किया। एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा। इस दौरान मनोज गोयल, संजय टाटा, अमित अग्रवाल निक्कू, संदीप गुप्ता, विवेक शर्मा आदि व्यापारी रहे।

### अनियंत्रित पिकअप, मोटरसाइकिल के बीच टक्कर में दंपती की मौत

प्रतापगढ़ । उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के अन्तू थाना क्षेत्र में अनियंत्रित पिकअप और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक दंपती की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अन्तू थाना के प्रभारी निरीक्षक आनंद पाल सिंह ने बताया कि रविवार रात अमेठी की तरफ से आ रहा अनियंत्रित वाहन सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद पलट गया। इसके बाद, पिकअप के पीछे से आ रही एक मोटरसाइकिल उससे टकरा गई। उन्होंने बताया कि पिकअप से पीछे से टकराने वाली मोटरसाइकिल पर सवार दंपति को घटना के बाद स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने आशीष सोनी (32) और उनकी पत्नी अंजली उर्फ ज्योति सोनी (28) निवासी काशी राम कालोनी प्रतापगढ़ को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि वहीं, जिस मोटरसाइकिल को पिकअप ने सामने से टक्कर मारी थी, उस पर सवार अमन वर्मा और प्रिंस वर्मा का प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# शिक्षा जगत का सितारा है यूपी कॉलेज : सीएम योगी

● वाराणसी के उदय प्रताप कॉलेज के 115वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

● प्रत्येक क्षेत्र में मिलते हैं उदय प्रताप कॉलेज के विद्यार्थी : सीएम




वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी कॉलेज शिक्षा जगत का सितारा है। कॉलेज ने एक सदी में शिक्षा और जीवन के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में जो कार्य किए, उसके प्रति केवल वाराणसी, पूर्वी यूपी व बिहार ही नहीं, बल्कि यूपी व देश विनम्र भाव से कृतज्ञता ज्ञापित करता है। राजर्षि उदय प्रताप सिंह जूदेव ने 1909 में बाबा विश्वनाथ की पावन स्थली पर जो नींव रखी थी, वह उनके विराट व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है। उनके मन में यह भाव रहा होगा कि राष्ट्रीयता से ओतप्रोत भावी भारत के निर्माण के लिए ऐसा शिक्षण-प्रशिक्षण संस्था देना है, जो आजादी के आंदोलन को गति और आवश्यकता पड़ने पर प्रत्येक क्षेत्र में देश को योग्य नागरिक भी दे सके। यहां से शिक्षित-प्रशिक्षित स्नातक, परास्नातक, खिलाड़ी, कृषि, डेयरी समेत प्रत्येक क्षेत्र में मिलते हैं। शिक्षा जगत का सितारा है यूपी कॉलेज : सीएम योगी सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उदय प्रताप कॉलेज के 115वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। सीएम ने राजर्षि उदय प्रताप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। कॉलेज के बच्चों ने कुलगीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सीएम ने आश्वासन दिया कि सचिव से मिले प्रतिवेदन को बढ़ाने में सरकार मदद करेगी। युवा शक्ति की भावना को कैद करके नहीं रख सकते सीएम योगी ने कहा कि युवा शक्ति की उपेक्षा कर कोई देश कभी आगे नहीं बढ़ सकता। हमें उनकी भावनाओं को सम्मान और उचित अवसर देना होगा। जिस देश की युवाशक्ति कुंठित, अपराधबोध से ग्रसित और दिग्भ्रमित हो, वह देश कभी आगे नहीं बढ़ सकता। जब भी परिवर्तन हुआ या होगा, युवा शक्ति ही करेगी। युवा शक्ति को केंद्र बिंदु के रूप में रखकर संस्थानों को खुद को तैयार करना होगा। सीएम योगी ने युवावस्था में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम, भगवान बुद्ध, आदि शंकराचार्य, श्रीकृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, उनके चार-चार साहिबजादों, स्वामी विवेकानंद, वीर सावरकर, राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र प्रसाद लाहिड़ी के कृतित्व व व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि युवाओं की लंबी फौज ने जब भी अंगड़ाई ली है, भारत ने नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय व उदय कॉलेज ने देश व समाज के लिए बहुत कुछ किया सीएम योगी ने कहा कि राजर्षि की 175वीं वर्षगांठ के कारण यह वर्ष उदय प्रताप कॉलेज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजर्षि उदय प्रताप सिंह भिनगा स्टेट (श्रावस्ती) के राजा थे, लेकिन विद्या का केंद्र होने के कारण उन्होंने काशी को ही सबसे उपयुक्त माना। 1909 में यूपी कॉलेज और 1916 में मदन मोहन मालवीय द्वारा काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। इन संस्थानों ने देश व समाज के लिए बहुत कुछ किया। काल का चक्र किसी का इंतजार नहीं करता सीएम ने कहा कि जीवन में कार्य की सुगमता हो। उन्होंने आह्वान किया कि व्यवस्था ऑनलाइन व सरलीकरण होने चाहिए। किसी भी शिक्षण संस्थान को मान्यता के लिए मोटे पोथे की बजाय एक पेज का कागज भरकर एफिडेविट लगा देना चाहिए। उदय प्रताप कॉलेज के पास क्षमता है कि ऑटोनमस सेंटर-कैंपस बने। इस संस्था ने चेतनारायण सिंह जैसे अच्छे शिक्षक भी दिए हैं।

# समितियों पर किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराया जाए: आकाश चौधरी

प्रात : किरण, संवाददाता



अमरोहा। किसानों की एक बैठक अतरासी रोड़ स्थित युवा नेता आकाश चौधरी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए युवा नेता आकाश चौधरी ने कहा कि जिले में समितियों पर किसानों को खाद बीज नहीं मिल पा रहा है किसान समितियों पर धक्के खा रहे हैं जगह-जगह चक्कर काट रहे हैं। खाद बीज लेने के लिए घंटों लाइन में लग रहे है फिर भी खाद बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। खाद बीज गोदामों पर किसान पहुंचते हैं लेकिन उन्हें खाली हाथ बिना खाद लिए मायूस होकर वापस लौटना पड़ता है अनेकों जगह ना खाद मिलता है और न बीज मिलता है। कहीं पर खाद नहीं है तो कहीं कम खाद होने से एक एक कट्टा खाद पाने के लिए मारामारी मची है। किसानों की मांगों के अनुरूप सहकारी समितियों पर खाद नहीं मिल रही है। किसान जाए तो कहां जाए। इस समय किसान चना,मटर,सरसों, गेहूं आदि फसलों की बुआई के काम में लगा हुआ है। किसानों को खाद की अत्यधिक आवश्यकता है। समितियों से खाद न मिलने के कारण किसानों को बाजार से अधिक दामों में खाद लेनी पड़ रही है किसानों का कीमती समय भी बर्बाद हो रहा है। खाद किल्लत की वजह से किसान अपनी फसल समय पर बुवाई नहीं कर पा रहा है। किसानों की जिला प्रशासन से मांग है कि समितियों पर किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराया जाए और जहां कहीं भी खाद बीज की कालाबाजारी हो रही है वहां खाद बीज की कालाबाजारी को रोका जाए। किसानों को समय पर खाद बीज की आपूर्ति की जाए। जिससे किसान समय पर अपनी फसल की बुवाई कर सकें किसानों की फसल अच्छी हो। बैठक में मनदीप नौरंगी, सौरभ चौधरी, गौरव चौधरी, राजेन्द्र सिंह, रंजीत सिंह, राहुल सैनी, कमल सैनी, गोविन्द चौधरी, कमल प्रजापति, राहुल सिंह, मुनेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार कपिल चौधरी, सुशील कुमार, रवि कुमार, सुरेन्द्र सिंह, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# भुने चने खाने के बाद एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत



प्रात : किरण, संवाददाता

बुलंदशहर,। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के नरसेना क्षेत्र में भुने हुए चने खाने के बाद एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत हो गयी तथा दो अन्य बीमार हो गये। एक खाद्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। सहायक खाद्य आयुक्त विनीत कुमार ने सोमवार को बताया कि नरसेना थानाक्षेत्र के बरवाला में एक परिवार के लोगों ने रविवार शाम भुने चने खाए थे जिसके बाद उन्हें उल्टियां होने लगीं। कुमार ने बताया कि कुछ देर बाद उनमें से कलुआ (45) और गोलू (आठ) की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि चने खाने के बाद बीमार हुए दो अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार से ताल्लुक रखने वाले लवकुश ने बताया कि रविवार शाम को दौलतपुर बाजार से चने लाये गये थे जिन्हें खाने के बाद परिवार के सदस्यों को उल्टियां होने लगीं। सहायक आयुक्त कुमार ने बताया कि खाद्य विभाग की टीम को तत्काल मौके पर भेज दिया गया है। उसने जांच शुरू कर दी है।

# चंद्रशेखर आजाद ने संभल हिंसा को बताया निंदनीय

प्रातः किरण संवाददाता



लखनऊ,। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से सांसद और आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने संभल हिंसा की निंदा करते हुए मांग की।

इसमें शामलि उपद्रवियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि फिर कोई इस तरह की करतूत करने की हिम्मत न जुटा सके।

उन्होंने कहा कि इस बीच सदन में हमने सबसे पहले संभल हिंसा के मामले को उठाया। लेकिन, सदन को स्थगित कर दिया। इस पर चर्चा नहीं की गई।

इससे साफ जाहिर होता है।

कि सरकार इस बात को सुनना नहीं चाहती है।

चार लोगों की जान गई है।

हम प्रदेश में इस तरह की हिंसा को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, पुलिस की गोली से लोगों की जान गई है।

सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए। इस तरह की हिंसा में निर्दोष लोगों की जान जाना निंदनीय है।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब गोली से देश चलेगा।

मेरा सीधा सवाल है कि क्या गोली चलाकर लोगों की आवाज बंद की जा सकती है।

जब वर्शिप एक्ट के मुताबिक, जो धार्मिक स्थल जिस अवस्था में हैं, उसी अवस्था में रहने की बात कही गई है, तो उसके साथ छेड़छाड़ कर देश का माहौल खराब करने की कोशिश क्यों की जा रही है।

मुझे लगता है कि सरकार को इसका जवाब देना चाहिए।

देश में संविधान के मयार्दा के अंतर्गत सभी काम होने चाहिए। गोली से कोई भी काम नहीं होना चाहिए।

अगर आप गोली के दम पर देश को चलाने की कोशिश करेंगे, तो इससे स्थिति बिगड़ेगी।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही मस्जिद में सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई।

सर्वे की टीम जब मस्जिद के अंदर दाखिल हुई, तो मुस्लिम पक्ष के लोगों ने उनका विरोध शुरू कर दिया।

इस दौरान, मुस्लिम पक्ष के लोग उग्र हो गए और सर्वे टीम पर पथराव करने लगे।

मुस्लिम पक्ष के तीन युवकों की हिंसा की जद में आकर मौत हो गई।

इस हिंसा पर जमकर राजनीतिक बयानबाजी चल रही है।

# आजाद समाज पार्टी मे अपना राजनीति भविष्य तलाश रहा जाटव समाज: नेता होरी सिंह

प्रातः किरण संवाददाता



गजरौला।जाटव समाज के व्योवृद्ध नेता होरी सिंह पुराने मिशनरी व्यक्ति है जिन्हें राजनीतिक, सामाजिक एवं मिशन में काम करने का लंबा अनुभव है। आपने बसपा संस्थापक काशीराम के साथ मिशन का काम किया। बसपा सुप्रीमो बहन मायावती के साथ मिशन का काम किया। वर्तमान में वे बिखरते मिशन से चिंतित है। व्योवृद्ध नेता होरी सिंह कहते है कि बिखरते मिशन के लिए बसपा प्रमुख मायावती की खुद जिम्मेदार है। समाज के मिशनरी लोगों से दूरियां तथा धनलोलुपता बड़ा कारण है। नेता होरी सिंह कहते है कि अब मैं किसी पार्टी के साथ न होकर अपने समाज के लोगों के साथ हूं।आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी मिशन का काम कर रहे है। अब समाज के युवा उनके विचारों से प्रभावित है।इसलिए आने वाला समय भाई चंद्रशेखर आजाद को मजबूती प्रदान करेगा। क्योंकि वो मिशन का काम कर रहे है जबकि बसपा मिशन से भटक गई है। नेता होरी सिंह कहते है हालांकि अब मैं किसी पार्टी का सदस्य नहीं हूं। लेकिन अपने समाज के साथ हूं आने वाला चंद्रशेखर आजाद को मजबूती प्रदान करेगा। क्योंकि समाज के लोगों का बसपा से मोह भंग हो चुका है अब वो आजाद समाज पार्टी की और अग्रसर है। चंद्रशेखर समाज में जगह जगह जाकर मजबूती से दबे कुचले सताए गए लोगों की आवाज बनते जा रहे है। समाज के लोग अब इस बात को अच्छी तरह समझ चुके है कि उनका भविष्य कहां सुरक्षित है।इसका उदाहरण हाल ही में उप चुनाव में मिल चुका है। कुंदरकी विधान सभा सीट पर उप चुनाव में आजाद समाज पार्टी तीसरे नंबर पर रही जबकि बसपा पांचवे नंबर पर खिसक गई। अब जाटव समाज बसपा को छोड़ आजाद समाज पार्टी के साथ खड़ा है।

# हाशमी कालेज मे आयोजित फूड प्रदर्शनी में छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा

● प्रतियोगिता ही सीखने का सबसे अच्छा माध्यम है: डा0 जमशेद कमाल

● तालीम के साथ-साथ छात्राओं को प्रतियोगिताओं में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए : हाशमी

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। हाशमी गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज में गृहविज्ञान विभाग की ओर से फूड एक्जीबिशन एवं हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक व्यंजन एवं हस्तकला आईटम तैयार कर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में होम मैनेजमेंट की टीम प्रथम, पकौड़ी स्टॉल दूसरे व राजमा चावल को तीसरा स्थान मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन आईएम इंटर कालेज अमरोहा के प्रधानाचार्य डा0 जमशेद कमाल एवं हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन व कालेज प्रबंधक डा0 सिराज उद्दीन हाशमी एडवोकेट द्वारा फीता काटकर किया गया। छात्राओं की हौंसला अफजाई करते हुए डा0 जमशेद कमाल ने कहा कि प्रतियोगिता ही सीखने का सबसे अच्छा माध्यम है जो हमें जीवन में कुछ नया करने की सीख देता है। प्रदर्शनी में विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई थी। इन स्टॉलों पर छात्राओं ने अपने प्रोजेक्ट्स और प्रदर्शनियों का प्रदर्शन किया।जिनमें पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई थी। उन्होंने कहा कि छात्राओं द्वारा किये गये प्रयास की जितनी भी सराहना की जाये वह कम है। आज छात्राएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है। छात्राओं ने जिस मेहनत व लगनें के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है वह काबिले तारीफ है।हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन एवं कालेज प्रबंधक डा0 सिराज उद्दीन हाशमी एडवोकेट ने कहा कि पोषण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए यह प्रतियोगी काफी उपयोगी साबित होगी। छात्राओं को पोषण अपने जीवन में पोषण व स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देना चाहिए। आज का दौर प्रतिस्पर्धा का दौर है। उन्होंने बताया कि तालीम के साथ-साथ छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए जिसके उनके व्यक्तित्व का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्राओं में छिपी प्रतिभा उजागर होती है तथा उनमे प्रतिस्पर्धा की भावना भी जागृत होती है। पोषण विषय पर जागरूक न होने के कारण युवा कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है।प्रतियोगिता ही वह माध्यम होता है जो हमे कुछ नया करने के लिए प्रेरित करते हैं और हमे इसके माध्यम से बहुत कुछ सीखने का अवसर भी प्राप्त होता है। कार्यक्रम में छात्राओं की ओर से पोषाहार पर एक लघु प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। जिसमें छात्राओ ने हस्त कला का प्रदर्शन करते हुए एक से एक बढ़कर एक माडल तैयार किये। कालेज प्राचार्या डा0 रिजवाना कुलसुम ने पोषाहार प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्राएं ही आने वाले कल का भविष्य हैं। आज इस प्रदर्शनी के माध्यम से छात्राओं ने जो कुछ भी सीखा है उसे अपने जीवन में उतारें। इंसुलिन प्रतिरोध शुगर आम तौर पर इंसुलिन प्रतिरोध से शुरू होता है। ये ऐसी स्थिति होती है जिसमें मांसपेशियों, यकृत और वसा कोशिकाओं में इंसुलिन अच्छी तरह से प्रयोग नहीं हो पाता है। हमें अपने खान पान पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। हमें अपनी डाइट में ऐसे आहार प्रयोग करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन एम0एस0सी0 की छात्रा जोया व एम0ए0 गृहविज्ञान की छात्रा शारिया दानिश ने किया। इस अवसर पर गृहविज्ञान विभाग डा0 दीपिका शर्मा, रूखसार व कालेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# लखनऊ विवि और पुलिस ने पिंक स्कूटी रैली से दिया महिला सुरक्षा का संदेश

प्रातः किरण संवाददाता



लखनऊ,। योगी सरकार प्रदेशभर में महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेशभर में लगातार ह्यमिशन शक्तिह्न अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्राओं और लखनऊ पुलिस की ओर से पिंक स्कूटी रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से प्रदेशभर में महिला सुरक्षा के प्रति जागरुकता फैलाने का संदेश दिया गया। रैली को वीसी और मिशन शक्ति नोडल अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में 250 से अधिक पिंक स्कूटी शामिल हुईं। लखनऊ विश्वविद्यालय के वीसी आलोक राय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्थापक दिवस पर मिशन शक्ति फेज-5 के तहत विवि के गेट नंबर 3 से लखनऊ पुलिस के सहयोग से 250 से अधिक पिंक स्कूटी रैली को रवाना किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में बेटियां और महिला आरक्षी शामिल हुईं। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेशभर में महिला सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरुकता फैलाना है। विवि मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के ह्यमिशन शक्ति अभियान से आज प्रदेश की महिलाएं स्वयं को सशक्त और सुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने बताया कि रैली को सुबह 9 बजे रवाना किया गया, जो हनुमान सेतु स्थित हनुमान मंदिर, हजरतगंज चौराहा, गवर्नर हाउस, लोरेटो चौराहा होते हुए 1090 चौराहे पर 10:30 बजे समाप्त हुई। वीसी ने कहा कि पिंक स्कूटी रैली मिशन शक्ति अभियान का हिस्सा है, जो महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। वीसी ने महिला सशक्तीकरण के लिए शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस विभाग और समुदाय के बीच सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। मिशन शक्ति पिंक स्कूटी रैली में बड़ी संख्या में छात्रों, डीन, विभागाध्यक्षों और संकाय सदस्यों ने बाइक और कार से भाग लिया। महिला पुलिसकर्मियों ने पिंक स्कूटी और एसयूवी पर भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर जागरूकता बढ़ाने और मिशन शक्ति के उद्देश्यों को सशक्त करने का संदेश दिया।

# मेरठ में मामूली बात पर दो समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष : महिला समेत चार घायल, एक गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

मेरठ,। उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के सरधना क्षेत्र में उपले तोड़े जाने की मामूली बात को लेकर दो समुदायों के लोगों के बीच संघर्ष हो गया। इस घटना में एक महिला समेत चार लोग जख्मी हो गये। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) राकेश कुमार मिश्रा ने सोमवार को बताया कि सरधना थाना क्षेत्र के मेहरमती गणेशपुर गांव में रविवार को बच्चों द्वारा उपले तोड़े जाने की बात को लेकर दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गये। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पथराव हुआ, जिसमें एक महिला समेत चार लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि घटना से संबंधित कई कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। इनमें दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव हो रहा है। कई युवक हाथों में लाठी-डंडे, तमंचे व धारदार हथियार लिए दिखाई दे रहे हैं। मिश्रा ने बताया कि हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपद्रव कर रहे लोगों को खदेड़ा। पुलिस ने दोनों ही पक्षों के कुल नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गयासुद्दीन नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

# शिक्षा और शायरी की दुनिया में अमरोहा की अलग पहचान है: प्रोफेसर नाशिर नकवी

● आई एम इण्टर कालेज ओल्ड बॉयज एसोसिएशन ने मनाया वार्षिकोत्सव

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। शहर के प्रख्यात शिक्षण संस्थान आई एम इंटर कॉलेज की ओल्ड बॉयज का वार्षिक उत्सव जज्बात शीर्षक से कालेज के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए हुए छात्रों ने अपनी पुरानी यादों को भावुक होकर याद करते हुए अपने जज्बात को पेश की।कालेज के प्रबंधक सैय्यद वसीम हैदर नकवी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यापकों और प्रधानाध्यापक का सम्मान भी ओल्ड बॉयज १९९६/९७ की जानिब से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के तराने के साथ ओल्ड बॉयज ने किया, जिसके बाद छात्रों ने अपने विचार रखे। प्रोफेसर नाशिर नकवी ने कहा कि इस संस्थान ने पूरी दुनियां में एक अलग पहचान बनाई है।यहां के छात्र पूरी दुनियां मे इस शहर के नाम अलग अलग तरह से रोशन कर रहे है। इस दौरान पूर्व छात्रों ने अपने 30 वर्ष पूर्व के किस्सों को याद किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाध्यापक हसन मुज्तबा, कासिम आगा, हसन अब्बास काजमी, पूर्व प्रबंधक रजा कमाल नकवी के साथ साथ मिर्जा साजिद हुसैन, समर मुज्तबा और मुख्य अतिथि सैय्यद जाफर नकवी ने विचार व्यक्त किए और कलाम भी पेश किया। अध्यक्षता भाषण में सैय्यद वसीम हैदर नकवी ने कहा कि आज भी यह विद्यालय अपनी गुणवत्ता को बरकरार रखे हुए है इसी कारण से यहां बड़ी संख्या में छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे है। उन्होंने १९९७ के बैच द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी प्रशंसा की। विशेष रूप से कार्यक्रम में संजय जौहरी, विवेक मधुकर, विलायत अली नकवी, डा लाडले रहबर, इकबाल खान, शाहरुख खान, मरगूब सिद्दीकी, खालिद सिद्दीकी, खलील मुज्तबा, कमर नकवी आदि व अन्य लोग उपस्थित थे।

# पिता ने जुड़वां बच्चियों को जहर देकर मारने के बाद खुदकुशी की

प्रात : किरण संवाददाता

भदोही । पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति के साथ घर छोड़कर चले जाने से क्षुब्ध पति ने कथित रूप से अपनी जुड़वां बच्चियों को जहर मिला दूध पिलाकर मारने के बाद फांसी लगाकर सोमवार सुबह आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना औराई थाना के उगापुर क्षेत्र की है जहां सोमवार सुबह गणेश चंद्र लाऊधर इंटर कालेज में पेड़ पर ओम प्रकाश यादव (27) की लाश लटकी मिली। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया की ओम प्रकाश यादव ने 21 नवंबर को अपनी पत्नी संगम यादव के घर छोड़कर चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पत्नी के जाने से 14 माह की जुड़वां बच्चियों आशी और प्रियाशी की देखभाल करने वाला कोई और नहीं होने से ओम प्रकाश मानसिक रूप से काफी परेशान हो गया था। श्रीवास्तव ने बताया की संभवतः उसने दोनों बेटियों को घर में दूध में जहर मिला कर पिला दिया जिससे दोनों की मौत हो गई। पास पड़ोस के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने बताया कि पहले ओम प्रकाश ने संभवतः घर में फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। इसके बाद वह घर से सुबह 7 बजे निकल गया। उन्होंने बताया कि आज कुछ लोगों ने ओम प्रकाश को उसके घर से 500 मीटर दूरी पर गणेश इंटर कॉलेज के गेट पर देखा पर था। कॉलेज में फांसी के फंदे पर लटके ओम प्रकाश का शव देखने के बाद लोग इसकी सूचना देने उसके घर गए जहां का नजारा देख लोगों में हड़कंप मच गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और मौके पर फॉरेंसिक टीम ने जांच के लिए दूध का नमूना ले लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सेक्टर-50 में आज 12 घंटे बिजली कटौती

नोएडा, । सेक्टर-50 के पुराने बिजलीघर में मंगलवार को तार बदले जाएंगे। इसके कारण इस सेक्टर और सोसाइटी में 12 घंटे यानि सुबह 10 से रात 10 बजे तक बिजली कटौती होगी। अवर अभियंता राम आसने ने बताया कि सेक्टर-50 के ए, बी, सी, डी, ई, एफ ब्लॉक के अलावा सोसाइटी और अपार्टमेंट में कटौती का असर रहेगा।

### धोखाधड़ी का मामला: दिल्ली में होगी रेमो डिसूजा के मामले की सुनवाई

गाजियाबाद, । सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रेमो डिसूजा पर पांच करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा अब दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट में चलेगा। शिकायतकर्ता के अधिवक्ता मोहनीश जयंत ने बताया कि कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा ने सिहानी गेट थाने में आठ साल पहले धोखाधड़ी के मुकदमे में राहत पाने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। रेमो ने हाईकोर्ट से निचली अदालत की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की थी लेकिन अदालत ने राहत देने से इन्कार कर दिया था। रेमो डिसूजा पर आरोप है कि उन्होंने शिकायतकर्ता सत्येंद्र त्यागी से फिल्म के निर्माण के लिए पांच लाख रुपये की मांग की। यह भी कहा कि बहुत बड़ी फिल्म है, जिसमें काफी लाभ होगा। पांच करोड़ लगाओगे तो 10 करोड़ रुपये दूंगा।

### मुख्य न्यायाधीश से बातचीत के बाद आज शाम तक गाजियाबाद बार एसोसिएशन बनाएंगा आगे की रणनीति

गाजियाबाद, । प्रयागराज में प्रतिनिधिमंडल से मुख्य न्यायाधीश से हुई वार्ता के बाद आज सोमवार को 22 जिलों के अधिवक्ताओं से वर्चुअल बैठक की गई है। इसके बाद अन्य जनपदों के अधिवक्ताओं की सलाह से हड़ताल पर फैसला लिया जाएगा। कचहरी के बाहर अधिवक्ताओं का धरना जारी रहेगा और 12 वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से हुई वार्ता की जानकारी समन्वय समिति एवं अधिवक्ताओं को दी गई है। तय हुआ है कि अन्य जनपदों की बार एसोसिएशन को भी इसकी जानकारी दी जाए। सभी से विचार करने के बाद ही आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शबनम खान ने बताया कि वर्चुअल बैठक रविवार को होनी थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई। सोमवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी रहेगी और वर्चुअल बैठक कर सभी जनपदों की बार एसोसिएशन के सुझाव पर हड़ताल पर फैसला लिया जाएगा।

### गाजियाबाद में पति ने सुहागरात का बनाया वीडियो, ननदोई ने की अश्लील हरकत

गाजियाबाद, । विजयनगर थाना क्षेत्र की महिला ने अपने पति पर सुहागरात का वीडियो बनाने और ननदोई पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि उनका निकाह जून 2024 में शाहदरा निवासी युवक से हुआ। निकाह के बाद पति ने सुहागरात का वीडियो बनाया। विरोध करने पर पति ने यादगार के रूप में संरक्षित करने की बात कही। करीब एक माह बाद ननदोई पीड़िता के कमरे में घुस आया और अश्लील हरकत की। महिला का आरोप है कि विरोध पर ननदोई ने धमकी दी कि उसकी आपत्तिजनक वीडियो उनके पास है और ससुराल में उसकी पत्नी के अनुसार ही रहना होगा। दहेज में मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये को मांग कर पीड़िता का मानसिक उत्पीड़न करने लगे। इस दौरान वह गर्भवती हुई लेकिन उपचार के अभाव के चलते गर्भपात हो गया। पीड़िता ने महिला थाने और पिंक बूथ पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

### लोनी में पीसीपीएनडीटी टीम का डायग्नोस्टिक सेंटर पर छापा

गाजियाबाद, । लोनी में हरियाणा गुरुग्राम से गर्भवती महिलाओं के लिंग परीक्षण कराने की सूचना के बाद गुरुग्राम और गाजियाबाद की पीसीपीएनडीटी टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारा। लोनी के देव डायग्नोस्टिक सेंटर पर चिकित्सक की गैरहाजिरी में लिंग परीक्षण किया जा रहा था। टीम ने अल्ट्रासाउंड मशीन सील कर दी है और पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है। इसके साथ ही चिकित्सक को नोटिस जारी किया गया है। सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि अगर इस मामले में चिकित्सक की भागीदारी हुई तो उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल को पंजीकरण रद्द करने के लिए पत्र लिखा जाएगा। सीएमओ ने बताया कि कुछ समय से शिकायत मिल रही थी कि गुरुग्राम क्षेत्र से कुछ महिलाएं लोनी क्षेत्र में आकर लिंग परीक्षण करा रही हैं।

# हर पीड़ित की समस्या का हो समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण: योगी

प्रात: किरण, संवाददाता



गोरखपुर, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। आज सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर योगी ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। सोमवार प्रातःकाल शिवावतारगुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने गोवंश के बीच समय बिताया और गोसेवा की। गोसेवा के दौरान उन्होंने सितंबर माह में आंध्र प्रदेश के येलेश्वरम स्थित गोशाला से गोरखनाथ मंदिर लाए गए नादिपथि मिनिएचर नस्ल (पुंगनूर नस्ल की नवोन्नत ब्रीड) के दो गोवंश भवानी और भोलू को खूब दुलारा तथा अपने हाथों से उन्हें चारा (बरसीम) खिलाया। मुख्यमंत्री ने अन्य गोवंश को भी खूब दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और गोशाला के भी कार्यकताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए। मंदिर परिसर का भ्रमण करने के दौरान सीएम योगी जब भीम सरोवर पर पहुंचे तो वहां बतखों का समूह विचरण कर रहा था। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से चारा खिलाकर बतखों पर भी स्नेह बरसाया।

# संभल में हिंसा के बाद गाजियाबाद में अलर्ट जारी, पुलिस अधिकारी भ्रमण पर

प्रात: किरण, संवाददाता



गाजियाबाद, । संभल में हिंसा के बाद गाजियाबाद में अलर्ट जारी किया गया है। बता दें संभल में जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची टीम पर असमाजिक तत्वों ने हमला और बवाल कर दिया था। इसके बाद से गाजियाबाद में भी अलर्ट जारी किया गया है। डीसीपी प्रभारी कानून व्यवस्था ने तमाम डीसीपी, एसीपी और थाना निरीक्षकों को भ्रमणशील रहने के निर्देश जारी किए हैं। नगरीय और देहात क्षेत्र के सभी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने और सुबह-शाम फ्लैग मार्च निकालने के भी निर्देश जारी किए हैं। आगामी 48 घंटों में तमाम सूचनाओं पर थाना निरीक्षकों को पहुंचने और संबंधित एसीपी व डीसीपी को जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। संभल की जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची टीम पर विशेष समुदाय के लोगों ने पथराव कर दिया। भीड़ ने वाहन फूंक किए और पुलिस पर हमला बोल दिया। इसके बाद जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है। नगरीय क्षेत्र के कैला भट्ठा, हिंडन विहार, सद्दीकनगर, सिहानीगेट, शहीदनगर, पसौंडा, इस्लामनगर, मिजार्पुर में पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं जबकि देहात क्षेत्र में लोनी, डासना, भोजपुर और मसूरी थाना पुलिस को अतिरिक्त चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं। रात में पुलिस पेट्रोलिंग करेगी और चौराहों पर तैनात रहेगी। रात में पुलिस गश्त बढ़ा दी जाएगी और देहात क्षेत्र में ग्राम पंचायतवार तैनात चौकीदारों को अलर्ट रहने की नसीहत संबंधित थाना निरीक्षकों ने दी है। संभल की घटना को लेकर एहतियातन अलर्ट है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, प्रभारी कानून एवं व्यवस्था नगर दिनेश कुमार पी.ने बताया कि नगर और देहात क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। तमाम डीसीपी, एडीसीपी और थाना निरीक्षकों को गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

# उत्तर प्रदेश के रायबरेली में ट्रक से टकरायी कार, दो किशोरियों की मौत



प्रात: किरण, संवाददाता

रायबरेली, । उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में रायबरेली-सुलतानपुर मार्ग पर कार और ट्रक के बीच टक्कर में दो किशोरियों की मौत हो गई तथा चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अमेठी जिले के कीरियावां के निवासी हरिहर सिंह (55), काव्या सिंह (15), धाव्या सिंह (16), किशन सिंह(15), प्रतापगढ़ के सांगीपुर लखरा निवासी अनुज सिंह (49) और साक्षी सिंह (15) रविवार को किसी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। उसने बताया कि रास्ते में मालिन का पुरवा गांव के पास उनकी कार के चालक ने आगे जा रही बस से आगे निकलने की कोशिश की तभी उनकी कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला। उसने बताया कि हादसे में साक्षी और काव्या की मौत हो गई और घायल चार अन्य लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रेफर कर दिया गया। किशोरियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने लखनऊ से दुधवा नेशनल पार्क के लिए हवाई सेवा का किया शुभारंभ

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ, । उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने लखनऊ से दुधवा नेशनल पार्क के लिए हवाई सेवा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई स्थलों को वन विभाग से जोड़ा गया है। हर कोई प्रकृति से जुड़ना चाहता है और हमारा काम उनके लिए पर्यटन को आसान बनाना है। ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए हम लखनऊ से दुधवा तक हवाई सेवा शुरू कर रहे हैं। यह पर्यटकों को सुलभ है। आज हमने लखनऊ से दुधवा नेशनल पार्क के लिए पहली हवाई सेवा का शुभारंभ किया है। मात्र पांच हजार रुपये में पर्यटक एक घंटे में दुधवा नेशनल पार्क पहुंचकर आंनद ले सकते है। मैं मानता हूं कि पर्यटकों को प्रकृति के साथ जुड़ने का एक बेहतर मौका है। प्रदेश के तमाम पर्यटन स्थलों का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि यूपी उपचुनाव के नतीजों से सपा और अखिलेश यादव काफी बौखला गए है। अखिलेश यादव लगातार ऐसी बयानबाजी कर रहे है, जिससे उपद्रवी ताकतों को बढ़ावा मिल रहा है। संभल मामले में राजनीतिक साजिश की चाल नजर आ रही है। दरअसल उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण टूरिज्म स्थल दुधवा नेशनल पार्क में पर्यटकों को भ्रमण करने के साथ-साथ रोचक कहानियां सुनने का भी मौका मिलेगा। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बीते दिनों कहा था कि उत्तर प्रदेश का नैसर्गिक सौंदर्य अद्भुत है। सीएम योगी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड का गठन किया गया है। बोर्ड ईको टूरिज्म की संभावनाओं को धरातल पर उतार रहा है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर दुधवा, कतर्निया घाट और पीलीभीत टाइगर रिजर्व आदि स्थलों पर नेचर गाइड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके तीन महत्वपूर्ण लाभ हैं। पहला स्थानीय युवाओं की स्किल डेवलप होगी। दूसरा पर्यटकों को प्रशिक्षित गाइड की सुविधा मिलेगी और तीसरा स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। नेचर गाइड के लिए उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष और न्यूनतम शिक्षा इंटर निर्धारित की गई है। नेचर गाइड पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे ज्ञानवर्धक जानकारी, रोचक कहानी और व्यक्तिगत बातचीत के माध्यम से पर्यटकों को गंतव्य के इतिहास, पर्यावरण और स्थानीय परंपराओं से गहराई से जोड़ते हैं।

# प्रयागराज कुम्भ में विहिप करेगी कई बड़े कार्यक्रम




प्रात: किरण, संवाददाता

अयोध्या, । विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने अपने सभी सांगठनिक कार्यक्रम और बैठकें और सम्मेलन प्रयागराज में आयोजित कुंभ में करने का निर्णय लिया है। विहिप महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा की ओर से इस सिलसिले में विस्तृत कार्य योजना जारी कर दी गई है। इसके अनुसार पूरे कुंभ भर संगठन का वहीं पर जमावड़ा रहेगा। बजरंग लाल बागड़ा की ओर से सितम्बर में ही जारी पत्र के अनुसार 19 जनवरी को मेरठ, लखनऊ, पटना क्षेत्र का मातृशक्ति सम्मेलन, 24 को केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक, अगले दिन 25 को प्रथम बेला में साध्वी सम्मेलन, द्वितीय बेला में संत सम्मेलन होगा। 27 जनवरी को युवा संत सम्मेलन, छह फरवरी को मंत्रियों एवं संगठन मंत्रियों की बैठक, सात से नौ फरवरी तक प्रन्यास मंडल की बैठक, 10 फरवरी को विमर्श कार्यशाला, 10-11 फरवरी को विभाग मंत्री और संगठन मंत्रियों का अभ्यास वर्ग होगा। 11-12 फरवरी को बजरंग दल की अखिल भारतीय बैठक, 12 फरवरी को विभाग संगठन मंत्री अभ्यास वर्ग, 15-16 फरवरी को धर्म प्रसार अखिल भारतीय बैठक, 15-16-17 फरवरी मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी की अखिल भारतीय बैठक, सत्रह को धर्म प्रसार संत बैठक, 19 फरवरी को गोरक्षा अखिल भारतीय बैठक और बीस फरवरी को गोरक्षा सम्मेलन होगा।

# पौराणिक कथाओं से राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रधर्म को मजबूती : योगी आदित्यनाथ

- वाराणसी के सतुआ बाबा गोशाला डोमरी में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- **जाति, क्षेत्र व भाषा के नाम पर बांटने वालों की आंखों को खोलने के लिए पर्याप्त है यह विहंगम दृश्य : गोरक्षपीठाधीश्वर**

प्रात: किरण, संवाददाता



वाराणसी, । सीएम योगी ने कहा कि पावन कथाओं ने साबित किया है कि देश धर्म की बात को सुन रहा है और भगवान वेदव्यास का सम्मान कर रहा है। व्यास पीठ सुनाने को तैयार है तो भक्त सुनने को भी तैयार हैं। इन पावन कथाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को संबल व राष्ट्रधर्म को मजबूती मिलती है। हमारा ध्येय अपने ईष्ट, देवी-देवताओं, समाज के प्रति होना ही चाहिए, लेकिन हम सबका लक्ष्य होना चाहिए कि राष्ट्र की एकता व अखंडता को कोई चुनौती न देने पाए, क्योंकि उसी में देश, धर्म, समाज, कथाओं की पावन परंपरा बची हुई है। पौराणिक कथाओं से राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रधर्म को मजबूती : योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को वाराणसी के सतुआ बाबा गोशाला डोमरी में चल रहे श्रीशिव महापुराण कथा में शामिल हुए। इस कथा के व्यासपीठ पर पूज्य संत पं. प्रदीप मिश्र भक्तों को कथा का श्रवण करा रहे हैं। सीएम ने पं. प्रदीप मिश्र से कहा कि यह यात्रा सनातन धर्म व भारत के लिए इसी वृहद रूप में बढ़ती रहे। समूचे उत्तर प्रदेश की शुभकामना आपके साथ है। प्रयागराज कुंभ के पहले काशी की धरती पर कथा के माध्यम से हो रहा कुंभ का दर्शन गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरती पर 13 जनवरी से 26 फरवरी (पौष पूर्णिमा से महाशिवरात्रि) तक दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक व सामाजिक समागम ह्यमहाकुंभ-2025ह्ल का आयोजन होने जा रहा है। इससे ठीक पहले काशी की धरती पर इस पावन कथा के माध्यम से इस कुंभ का दर्शन हो रहा है। यहां हर कोई अनुशासन व श्रद्धाभाव के साथ पावन कथा का श्रवण कर रहा है। मैं भगवान शिव का भक्त, सनातन धर्मावलंबी होने के कारण सबका अभिनंदन करता हूं। परमभक्त की सबसे बड़ी पहचान कि वह अनुशासित होता है सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पावन कथा का यह दृश्य देखकर अभिभूत हूं। सीएम ने कहा कि गत माह पं. प्रदीप मिश्र जी की कथा हापुड़ में होने वाली थी, लेकिन प्रशासन ने अचानक आयोजन को निरस्त कर दिया। शाम को जानकारी मिलने पर मैंने पूछा कि ऐसा क्यों किया गया, बताया गया कि भीड़ ज्यादा हो सकती है। मैंने कहा कि उनकी कथा की चर्चा ही इस बात के लिए होती है कि वहां हजारों में नहीं, बल्कि लाखों में गिनती होती है और वे सभी श्रद्धालु-परमभक्त होते हैं। परमभक्त की सबसे बड़ी पहचान होती है कि वह अनुशासित होता है। जिसका आत्मानुशासन है, उसका भौतिक द्रव्यों पर भी अनुशासन होता है।

# नोएडा की मेट्रो पार्किंग में लगेंगे ईवी स्टेशन, खोले जाएंगे टेंडर, कार्बन उत्सर्जन में आएगी कमी

प्रात: किरण, संवाददाता



नोएडा, । नोएडा-ग्रेनो मेट्रो लाइन के 16 स्टेशनों पर पार्किंग शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए जल्द कंपनी का चयन किया जाएगा। इसके अलावा इन सभी पार्किंग में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। प्रत्येक पार्किंग में तीन सेट ईवी चार्जिंग स्टेशन होंगे। इससे यहां आने वाले वाहन चालकों को परेशानी नहीं होगी। एनएमआरसी के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर महेंद्र प्रसाद ने बताया कि इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए ऐसा किया जा रहा है। दरअसल प्राधिकरण का प्लान है शहर में कार्बन उत्सर्जन की मात्रा को कम किया जाए। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण के साथ नोएडा मेट्रो भी पार्किंग में ईवी लगाने जा रहा है। जिससे सालाना प्रति ई कार 4.04 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। पार्किंग में ईवी चार्जिंग स्टेशन लगने से मुसाफिरों को फायदा होगा। वे यहां कार पार्क करके चार्जिंग करवा सकेंगे। साथ ही मेट्रो से सफर को पूरा कर सकते हैं। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि 21 में से 16 स्टेशन पर ही पार्किंग की जगह उपलब्ध है। बाकी 5 पर जगह नहीं है। ऐसे में 16 स्टेशन पर पार्किंग के लिए टेंडर जारी कर दिया गया थ। 25 नवंबर को आवेदन करने की आखिरी तारीख थी। ऐसे में एक या दो दिन में टेंडर खोले जाएंगे। जिसके बाद कंपनी का चयन किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि 16 में से सेक्टर-51, परी चौक समेत तीन-चार स्टेशन पर ही अभी पार्किंग चल रही हैं। जो एजेंसियां इन पार्किंग को संचालित कर रही थीं, उनके एग्रीमेंट का समय पूरा हो गया है। ऐसे में इन जगह भी नए सिरे से पार्किंग शुरू की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस लाइन पर रोजाना करीब 54 हजार लोग सफर कर रहे हैं। बढ़ती सवारियों को देखते हुए स्टेशनों पर पार्किंग की जरूरत पड़ने लगी है। सबसे ज्यादा पार्किंग सेक्टर-51 स्टेशन पर फुल रहती है। दरअसल नोएडा में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। जिसको लेकर 16 पार्किंग में ईवी की व्यवस्था होगी। यहां लोग अपने व्हीकल लाकर खड़े करके चार्ज कर सकते है। चार्जिंग के लिए अलग कंपनी का चयन किया जाएगा। चार्जिंग के लिए प्रतियूनिट के हिसाब से पेमेंट करना होगा। एनएमआरसी मेट्रो की अगर बात करें तो लगातार इसमें मुसाफिरों की संख्या बढ़ती जा रही है।

# युवक को निर्वस्त्र कर पीटने और जबरन नारा लगवाने का आरोप, पुलिस का इनकार

प्रात: किरण, संवाददाता



मेरठ, । उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में एक निजी शूटिंग रेंज में अभ्यास करने के बाद घर लौट रहे एक युवक को कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर निर्वस्त्र कर पीटने और जबरन जय श्री राम का नारा लगवाने के लिए मजबूर किए जाने का मामला सामने आया है, हालांकि पुलिस ने इसका खंडन करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया यह रंजिश का मामला प्रतीत होता है। पल्लवपुरम के सोफीपुर गांव का निवासी आफताब ने बताया कि उनके बेटे गुलफाम के साथ यह घटना शनिवार रात करीब आठ बजे हुई जब वह मंगल पांडे नगर में एक निजी शूटिंग रेंज में अभ्यास करने के बाद वह घर लौट रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन युवक गुलफाम को मोटरसाइकिल पर विक्टोरिया पार्क ले गए और उसे निर्वस्त्र का पीटा तथा उसका मोबाइल भी छीन लिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने गुलफाम से जबरन ह्यजय श्री रामह्ल का नारा भी लगवाया। पीड़ित के परिवार के सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि गुलफाम बुरी तरह से पीटे जाने और कपड़े उतारे जाने के बाद बेहोश हो गया। उसका एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि आफताब की शिकायत पर सिविल लाइंस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि गुलफाम को ह्यजय श्री रामह्ल का नारा लगाने के लिए मजबूर किया गया। सिविल लाइंस थाने के प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 351 (2) (आपराधिक धमकी), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना), 324 (शरारत) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और आरोपी को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, प्राथमिकी में पीड़ित को जय श्रीराम का नारा लगाने के लिए मजबूर करने का कोई उल्लेख नहीं है। कपड़े उतारने की बात भी गलत है। यह प्रथम दृष्टया युवकों के बीच रंजिश का मामला है।

# उत्तर प्रदेश : संभल में मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा के बाद बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक, इंटरनेट बंद

प्रात: किरण, संवाददाता

संभल, । उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन हुआ। बवाल के बाद कई तरह की पाबंदियां लगा दी गई हैं। संभल में एक दिसंबर तक बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। आदेश के मुताबिक जिले में बाहरी व्यक्ति, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि के प्रवेश पर लगाई रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने अतिसंवेदनशील स्थिति को देखते हुए ये कदम उठाया है। जानकारी के मुताबिक हिंसा और पथराव के बाद हिरासत में लिए गए लोगों के घरों से हथियार बरामद हुए हैं। उपद्रवियों पर एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी। हिंसा में चार युवकों की मौत हो गई है और पत्थरबाजी की घटना में 20 पुलिसकर्मी घायल हैं। जिले में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है और साथ ही सभी स्कूल बंद भी किए गए हैं। दो महिलाओं सहित 21 लोग हिरासत में लिए गए हैं। सीसीटीवी के जरिए आरोपियों की पहचान की जा रही है। संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दरअसल 23 नवंबर को रविवार सुबह संभल जिले में शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने पहुंची टीम पर कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव किया। सर्वे की टीम को दूसरे पक्ष के लोगों ने पुलिस के साथ घेर लिया था और फिर पत्थरबाजी शुरू हो गई थी। इस घटना के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

स्थिति को काबू करने के लिए आंसू गैसे के गोले छोड़े गए।

यह सर्वेक्षण अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा संभल के सिविल जज की अदालत में याचिका दायर करने के कुछ दिनों बाद किया गया है, जिसमें दावा किया गया था कि शाही जामा मस्जिद एक मंदिर की जगह पर खड़ी है।

हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही जामा मस्जिद हरिहर मंदिर है। इसी को लेकर रविवार सुबह साढ़े सात बजे से सर्वे का काम किया जा रहा था।

इसी बीच मस्जिद के बाहर भीड़ जमा होने लगी और सर्वे के विरोध में हंगामा शुरू हो गया।

अधिकारियों ने भीड़ को शांत कराने की कोशिश जरूर की लेकिन कुछ लोगों ने पुलिस की टीम को निशाना बनाते हुए पथराव शुरू कर दिया।

हिंदू पक्ष की ओर से जामा मस्जिद को अदालत में हरिहर मंदिर का दावा किए जाने के बाद कोर्ट ने सर्वे के आदेश दिए थे।

मस्जिद में 19 नवंबर की रात को सर्वे हुआ था और रविवार को फिर सर्वे करने के लिए टीम मस्जिद पहुंची थी।

इस सर्वे के लिए मस्जिद कमेटी ने भी अपनी सहमति दी है और दोनों पक्ष की मौजूदगी में मस्जिद का सर्वे किया जा रहा है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 26 नवंबर, 2024




# इफ्फी 2024 में अनुपम खेर की नई फिल्म का एलान, तन्वी द ग्रेट के बाद फिर संभालेंगे निर्देशन की कमान

गोवा में चल रहे 55वें अतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में अनुपम खेर की अगली फिल्म से पर्दा उठ गया है। अभिनेता इस फिल्म का निर्देशन करेंगे और इसका निर्माण भारत और ऑस्ट्रेलिया के सह-सहयोग से होगा। अनुपम खेर की नई फिल्म का नाम है द रिटर्न। इस फिल्म को भारत और ऑस्ट्रेलिया की निर्माता कंपनियां मिलकर बनाएंगी। फिल्म द रिटर्न को लेकर तब जानकारी सामने आई है, जब अनुपम खेर के स्टूडियो द्वारा निर्मित फिल्म तन्वी द ग्रेट की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अनुपम खेर इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। यह फिल्म अगले साल यानी 2025 में दुनियाभर में रिलीज होगी।

## ऑस्ट्रेलिया में होगी शूटिंग

द रिटर्न का निर्माण ऑस्ट्रेलियाई फिल्म कंपनी टेम्पल के साथ साझेदारी में किया जाएगा। इस फिल्म की 90 फीसदी शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में पूरी किए जाने की योजना है। इसमें लीड भूमिका के लिए ऑस्ट्रेलियाई कलाकार को कास्ट किया जाएगा। इसके अलावा फिल्म की मेकिंग के दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्रतिभाओं को मौका दिया जाएगा। हालांकि, फिल्म की कहानी क्या होगी, इसे लेकर अभी जानकारी सामने नहीं आई हैं।

## क्या बोले अनुपम खेर?

अनपुम खेर ने अपनी नई फिल्म को लेकर कहना है, मैंने जब 1998 में पहली बार ऑस्ट्रेलिया में शूटिंग की, तभी से मुझे ऑस्ट्रेलिया से प्यार है। मैंने अपना नाटक पेश किया और रसेल क्रो के साथ AACTA (ऑस्ट्रेलियाई अकादमी ऑफ सिनेमा एंड टेलीविजन आर्ट्स) अंतर्राष्ट्रीय जूरी का हिस्सा रहा हूं। अब जब फिल्म के सह-निर्माण पर साझेदारी हुई है, तो निर्देशक के तौर पर अपनी अगली फिल्म ऑस्ट्रेलिया में बनाना मेरे लिए कोई मुश्किल काम नहीं है।

## अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स में कर चुके हैं काम

अनुपम खेर ने एंग ली, डेविड ओ. रसेल और वुडी एलन सहित कई निर्देशकों के साथ काम किया है। सिल्वर लाइनिंग्स प्लेबुक, होटल मुंबई और सीरीज न्यू एम्स्टर्डम में उन्हें बाकायदा क्रेडिट दिया गया है। अनुपम खेर के वर्क फ्रंट की बात करें तो बीते दिनों उनकी फिल्म विजय 69 रिलीज हुई। यह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई। क्रिटिक्स से इसे काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली।



# जल्द ही तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं धनश्री वर्मा

युजवेंद्र चहल क्रिकेट की दुनिया में एक उल्लेखनीय नाम हैं। इसी बीच उनकी पत्नी-डेंटिस्ट, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और डांस कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो धनश्री जल्द ही तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं।

## तेलुगु डेब्यू के लिए तैयार धनश्री!

रिपोर्ट के अनुसार, धनश्री दिल राजू के बैनर तले निर्मित आकाशम दाति वास्तव नाम के तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करेंगी। इस प्रोजेक्ट में कोरियोग्राफर यश मुख्य भूमिका में होंगे। जानकारी तो यह भी है कि इस फिल्म में प्रसिद्ध मलयालम अभिनेत्री कार्तिका मुरलीधरन भी अभिनय करेंगी, जो सबा नयागन और सीआईए में अपने अभिनय से प्रसिद्ध हुईं।

## फिल्म में निभाएंगी महत्वपूर्ण किरदार

धनश्री के डेब्यू की बात करें तो कथित तौर पर वह फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हालांकि, इस नवीनतम चर्चा पर अधिक विवरण और आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। रिपोर्ट के अनुसार, यह एक डांस बेस्ड फिल्म है और एक कोरियोग्राफर होने के नाते निर्माताओं को धनश्री इस फिल्म के लिए परफेक्ट लगी हैं। आकाशम दाति वास्तव की शूटिंग जारी हालांकि, निर्माताओं ने इस भूमिका के लिए धनश्री को चुनने से पहले कई अभिनेत्रियों के ऑडिशन लिए। रिपोर्ट के अनुसार, धनश्री फिल्म में अपनी भूमिका की गहराई और पूरी कहानी पर विचार करने के बाद ही फिल्म में शामिल होने के लिए सहमत हुईं। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने पहले ही फिल्म के कुछ सीन मुंबई में ही शूट कर लिए हैं। इसका बाकी हिस्सा हैदराबाद में पूरा होने की संभावना है।

## कौन हैं धनश्री वर्मा

धनश्री और कार्तिका मुरलीधरन के अलावा आकाशम दाति वास्तव ससी कुमार मुथुलुरी के निर्देशन की पहली फिल्म भी है। उल्लेखनीय गायक कार्तिक ने फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर तैयार किया है। खैर, एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और प्रतिभाशाली कोरियोग्राफर के रूप में अपनी उपस्थिति के कारण धनश्री पहले ही दर्शकों के बीच अपनी पहचान बना चुकी हैं। जाहिर है, वह बचपन से ही एक प्रशिक्षित शास्त्रीय भरतनाट्यम डांसर भी रही हैं। धनश्री 2020 में युजवेंद्र चहल के साथ शादी के बंधन में बंधी। यह जोड़ी पहले अलग होने की अफवाहों से सुर्खियों में आई थी। हालांकि, वे केवल निराधार अनुमान थे।



# शादी की तैयारियों में हैं विजय-तमन्ना?

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा बॉलीवुड के चर्चित कपल हैं, जो अक्सर अपने रिश्ते को लेकर बेहद मुखर रहते हैं। दोनों को उनके फैंस काफी ज्यादा पसंद भी करते हैं। इन दिनों दोनों के रिश्ते को लेकर एक बार फिर से काफी ज्यादा चर्चा हो रही है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों जल्द ही अपने रिश्ते को एक अलग मुकाम पर ले जाने वाले हैं, जिसके तहत दोनों जल्द ही शादी रचा सकते हैं।

## विजय और तमन्ना की शादी के हैं चर्चे

अभिनेता तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली जोड़ियों में से एक बन गए हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट्स के अनुसार, वे जल्द ही शादी करके अपने रिश्ते को अगले स्तर पर ले जाने वाले हैं। बीते दिनों कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये बताया गया कि कथित तौर पर यह जोड़ा अपने लिए नए घर की तलाश भी कर रहा है, क्योंकि वे अपने जीवन के रोमांचक नए अध्याय की तैयारी कर रहे हैं। कई रिपोर्ट्स में बताया गया है कि इस कपल ने आने वाले साल में शादी करने का फैसला किया है, जिसके लिए दोनों तैयारियां भी शुरू कर चुके हैं। हालांकि, अभी तक कपल के तरफ से इस तरह की कोई भी बात सार्वजनिक रूप से नहीं की गई है, लेकिन ये चर्चा है कि दोनों अपने रिश्ते को अगले पड़ाव तक ले जाने के काफी गंभीर हैं।

## कपल ने नहीं की है आधिकारिक घोषणा

123 तेलुगु की एक रिपोर्ट के अनुसार, तमन्ना और विजय वर्मा कथित तौर पर 2025 में शादी करने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह कपल अपनी शादी के बाद रहने के लिए एक आलीशान अपार्टमेंट की तलाश कर रहा है। हालांकि, उनकी ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन इस खबर ने फैंस और इंडस्ट्री में उत्साह भर दिया है। फैंस अब इन दोनों से इसकी आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। बताते चलें कि इस कपल ने साल 2023 में लस्ट स्टोरीज 2 की रिलीज के आसपास अपने रिश्ते की पुष्टि की, जो उनका साथ में पहला काम था। हाल ही में, शुभंकर मिश्रा के साथ भी अभिनेता ने तमन्ना के साथ अपने बंधन के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया था कि वो अपने रिश्ते को गुप्त रखने में विश्वास नहीं रखते। हालांकि, फिर भी वो कुछ निजी पलों को निजी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कि उनके पास दोनों की पांच हजार से भी ज्यादा तस्वीरें हैं, लेकिन वो उन्हें सोशल मीडिया पर साझा नहीं करना चाहते, केवल दोनों के बीच ही संजो कर रखना चाहते हैं।

# नागा चैतन्य ने पहली बार की दूसरी शादी पर बात





नागा चैतन्य बीते दिन 37 साल के हो गए। नागा ने सगाई के बाद शोभिता के साथ पहला जन्मदिन गोवा में मनाया। नागा और शोभिता आने वाले दिनों को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि यह जोड़ा 4 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधने जा रहा है। यह नागा चैतन्य की दूसरी और शोभिता धुलिपाला की पहली शादी होगी। नागा चैतन्य की पहली शादी साउथ स्टार सामंथा रुथ प्रभु से हुई थी। अब, अपनी शादी से ठीक 10 दिन पहले नागा चैतन्य ने एक नई यात्रा शुरू करने के बारे में खुलकर बात की और अपना उत्साह साझा किया है। एक हालिया इंटरव्यू में नागा चैतन्य ने शोभिता के साथ अपनी शादी के बारे में बात करते हुए कहा, निश्चित रूप से बहुत उत्साह है। मैं उनके साथ बहुत ही गहराई से जुड़ता हूं। वह मेरे अंदर की कमी को पूरा करती हैं और मुझे काफी समझती हैं। आगे का सफर शानदार होने वाला है। जब नागा चैतन्य से पूछा गया कि क्या शोभिता ने उनके जन्मदिन के लिए कुछ खास योजना बनाई तो अभिनेता ने कहा, वह सारी योजना मुझ पर छोड़ देती हैं। और वह मेरे साथ होती हैं मेरे लिए यही बहुत स्पेशल होता है। वहीं शादी की प्लानिंग को लेकर नागा ने साफ किया कि उन्हें इसे लेकर कोई घबराहट नहीं है बल्कि वो बेहद खुश हैं। उनके पेट में तितलियां उड़ रही हैं। शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य ने इस साल अगस्त में सगाई की और 4 दिसंबर को शादी करने वाले हैं।

# एमटीवी रोडीज के लिए तैयार नेहा धूपिया



एमटीवी रोडीज के 20वें सीजन में एक मेंटर के तौर नजर आने वाली हैं। नेहा धूपिया ने आज शनिवार को इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं। नेहा धूपिया खूबसूरत लुक में नजर आ रही हैं। नेहा के साथ तस्वीरों में रणविजय और प्रिंस नरूला भी नजर आ रहे हैं। नेहा धूपिया ने जो तस्वीरें साझा की हैं वो हैदराबाद की हैं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, आपके प्यार में बहुत ताकत है, इस प्यार के लिए बहुत शुक्रिया हैदराबाद।



# तेलुगु फिल्म बेबी के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे बाबिल खान

**कला और फ्राइडे नाइट प्लान जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से सुर्खियां बटोरने वाले अभिनेता बाबिल खान अब बॉलीवुड में बड़ा धमाल मचाने को तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बाबिल जल्द ही हिट तेलुगु फिल्म बेबी के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे। वह इस फिल्म में आनंद देवरकोंडा वाले किरदार को निभाते दिखेंगे।**

सूत्रों के अनुसार फिल्म के लिए मुख्य अभिनेत्री की तलाश अभी जारी है। तेलुगु संस्करण में वैष्णवी चैतन्य की अदाकारी को दर्शकों ने खूब सराहा था। वहीं, हिंदी संस्करण के लिए दक्षिण भारतीय अभिनेत्री कृति शेट्टी के नाम की चर्चा जोरों पर है। बाबिल और कृति के फिल्म में नजर आने की फिलहाल कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि, दोनों ही कलाकारों के एक साथ नजर आने की चर्चा से फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं।

## सुपर 30 में दिख चुकी हैं कृति

माना जा रहा है कि बॉलीवुड में कदम जमाने के लिए यह फिल्म बाबिल खान के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। कृति शेट्टी के लिए भी यह फिल्म बॉलीवुड रास्ते खोलने में कारगर साबित हो सकती है। इससे पहले कृति को सुपर 30 में एक छात्रा की भूमिका में देखा गया था।

## द रेलवे मेन से बाबिल ने बटोरी थी सुर्खिया

वर्क फ्रंट की बात करें तो पिछले साल बाबिल को वेब सीरीज द रेलवे मेन में देखा गया था। इस शो में दिग्गज कलाकारों की मौजूदगी के बीच बाबिल ने अपने अभिनय से दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। भोपाल गैस त्रासदी पर आधारित इस शो में उन्होंने इमाद रियाज नाम के शख्स की भूमिका निभाई थी। वहीं, कृति को हाल ही में मलयालम फिल्म एआरएम में देखा गया था। यह इस इडस्ट्री में उनकी पहली फिल्म थी।

# श्रद्धा कपूर ने बताया क्यों नहीं करती बैक-टू-बैक फिल्में



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर को आखिरी बार अमर कौशिक की स्त्री 2में राजकुमार राव के साथ देखा गया। यह फिल्म 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों में से एक बन गई। एक हालिया साक्षात्कार में श्रद्धा कपूर ने बताया कि वह क्यों बैक-टू-बैक फिल्में नहीं करतीं। अभिनेत्री ने कहा कि वह वही करती हैं जो, उन्हें पसंद है और उन्हें एक के बाद एक फिल्में साइन करने की कोई जल्दी नहीं है। अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए श्रद्धा कहा कि असफलताओं ने उन्हें फिल्मों को अधिक समझदारी से चुनना सिखाया है। उन्होंने कहा, मैंने अपने करियर की शुरुआत में अनगिनत ऑडिशन दिए, मुझे कुछ फिल्मों के लिए फाइनल भी किया गया और फिर रिप्लेस कर दिया गया।




## संक्षिप्त समाचार

### शिव नाडर विश्वविद्यालय, दिल्ली-एनसीआर शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित

**ग्रेटर नोएडा।** शिव नाडर विश्वविद्यालय, दिल्ली-एनसीआर, एक अग्रणी बहु-विषयक और शोध-केंद्रित संस्थान, ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके चार स्कूलों नामतः इंजीनियरिंग, प्राकृतिक विज्ञान, प्रबंधन एवं उद्यमशीलता, और मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। 2025-26 के लिए, विश्वविद्यालय अकादमिक प्रतिभाओं को समर्थन और पुरस्कृत करने के लिए कई छात्रवृत्तियां प्रदान करना जारी रखता है। एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए के साथ मिलकर इसके प्रोग्राम में एक नया प्रोग्राम के रुप में कंप्यूटर साइंस एंड बिजनेस डेटा एनालिटिक्स में दोहरी डिग्री स्नातक प्रोग्राम शुरु किया गया है। ये प्रोग्राम शिक्षा और उद्योग की नई मांगों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं।

### स्नैपचैट ने 'पुष्पा 2' के साथ साझेदारी की

**मुंबई, एजेंसी।** स्नैपचैट अपने फैन्स को पुष्पा 2: द रूल का एक्सक्लूसिव इनसाइड लुक देखने का मौका दे रहा है। यह इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित भारतीय फिल्मों में से एक है और 5 दिसंबर, 2024 को रिलीज होने वाली है। 17 नवंबर से स्नैपचैटर्स इस फिल्म के बिहाइंड द सीन्स मोमेंट्स और झलकियां देख पाएंगे और उन्हें पुष्पा द मूवी और मैत्रीमूवीमेकर्स के आधिकारिक हैंडल्स से अपडेट रहने का भी मौका मिलेगा। सबसे पहले फैन्स को ही स्नैपचैट पर इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च, गानों के रिलीज की तारीख और रियल टाइम पर अन्य रोचक अपडेट मिल पाएंगे। भला और क्या चाहिए, आइकन और स्टाइलिश स्टार अल्लू अर्जुन स्नैपचैट में शामिल हो गए हैं और अब उनके फैन्स को उनका वास्तविक और अलग पहलू देखने को मिलेगा। और अधिक जानने के लिए उनके पेज को फॉलो करें।

### नवंबर में भारत की व्यावसायिक गतिविधि 3 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची - रिपोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एचएसबीसी के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार नवंबर 2024 में भारत की व्यावसायिक गतिविधि 3 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इस वृद्धि का मुख्य कारण सेवा क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन और रोजगार सृजन में बढ़ोतरी है। सर्वे में यह भी सामने आया कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार विस्तार की दिशा में है और अगले वर्ष के लिए व्यावसायिक दृष्टिकोण भी सुधार की ओर बढ़ रहा है। एचएसबीसी के फ्लैश इंडिया कंपोजिट परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स के आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में यह 59.5 तक पहुंच गया जो अक्टूबर के 59.1 के मुकाबले अधिक था। पीएमआई 50 के ऊपर होने का मतलब है कि अर्थव्यवस्था में वृद्धि हो रही है। इस सूचकांक के अनुसार भारत की आर्थिक गतिविधि में लगातार विस्तार हो रहा है जो आगामी समय के लिए सकारात्मक संकेत है। सर्वे के अनुसार सेवा क्षेत्र में नवंबर में 59.2 का पीएमआई दर्ज किया गया जो अगस्त के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। इसके अलावा विनिर्माण क्षेत्र में भी हल्की वृद्धि दर्ज की गई हालांकि इसके गति में थोड़ी कमी आई। विनिर्माण पीएमआई 57.3 पर था, जो अक्टूबर में 57.5 था।

# मस्क की कंपनी से अंबानी और मित्तल को खतरा?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस देने वाली कंपनी स्टारलिंक भारत में एंट्री के लिए पूरी तरह तैयार है। इस कंपनी के आने से मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो और सुनील भारती मित्तल की कंपनी भारती एयरटेल को बड़ी चुनौती मिलेगी। हालांकि जानकारों के मुताबिक फिलहाल इन दोनों भारतीय कंपनियों पर मस्क की कंपनी से कोई खतरा दिखाई नहीं दे रहा है। इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक विश्लेषकों और इंडस्ट्री एक्सपर्ट ने कहा है कि अगर स्टारलिंक भारतीय बाजार में प्रवेश करती है तो यह कंपनी रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के लिए तत्काल खतरा नहीं बनेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि स्टारलिंक का इस्तेमाल दोनों भारतीय कंपनियों की तुलना में यूजर्स को काफी महंगा पड़ सकता है। जानकारों के मुताबिक




स्टारलिंक का ग्लोबल एवरेज मंथली टैरिफ भारत की इन दोनों कंपनियों के फिक्स्ड ब्रॉडबैंड के मुकाबले चार गुना ज्यादा महंगा है।

एक्सिस कैपिटल ने एक रिसर्च नोट में कहा है कि जियो और एयरटेल का एवरेज मंथली टैरिफ 10 से 13 डॉलर (करीब 843 से 1096 रुपये के बीच) है। वहीं बात अगर स्टारलिंक की करें तो इसका एवरेज मंथली टैरिफ 40 से 50 डॉलर (करीब 3373 से 4217 रुपये के बीच) है। ऐसे में देखा जाए तो स्टारलिंक का खर्च जियो और एयरटेल के ब्रॉडबैंड के मुकाबले 4 गुना ज्यादा है।

## स्पेक्ट्रम को लेकर जारी है जंग

सैटेलाइट ब्रॉडबैंड को लेकर इस समय देश-दुनिया की कई कंपनियों में जंग जारी है। देश में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस के लिए सरकार जहां आवंटन प्रक्रिया पर जोर दे रही तो वहीं मुकेश अंबानी और सुनील मित्तल नीलामी प्रक्रिया पर जोर दे रहे हैं। हालांकि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि स्पेक्ट्रम का आवंटन होगा, नीलामी नहीं। इस जंग में रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के अलावा स्टारलिंक और जेफ बेजोस की अगुआई वाली अमेजन कुइपर जैसी वैश्विक सैटेलाइट फर्मों के बीच पहले से ही जंग चल रही है। स्टारलिंक और जेफ बेजोस की अगुआई वाली अमेजन कुइपर जैसी वैश्विक सैटेलाइट कंपनियां भारत में एंट्री करने को तैयार हैं।

## क्या दिखाई देगा प्राइस वॉर?

स्टारलिंक और अमेजन कुइपर के आने से ब्रॉडबैंड सर्विस के लिए प्राइस वॉर देखा जा सकता है। जानकारों के मुताबिक रिलायंस जियो और भारती एयरटेल को टक्कर देने के लिए ये दोनों विदेशी कंपनियां अपनी सर्विस की कीमत कम रख सकती हैं। ऐसे में रिलायंस जियो और भारती एयरटेल पर भी कीमत कम करने का दबाव होगा जिसका फायदा ग्राहक को होगा।

# मुंबई समेत कई शहरों में सीएनजी की कीमत में दो रुपये की बढ़ोतरी, दिल्ली को फिलहाल राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई समेत देश के कई शहरों में सीएनजी की कीमत में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई, लेकिन चुनावी राज्य दिल्ली में उपभोक्ताओं को फिलहाल इससे छूट दी गई। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी और खाना पकाने के लिए घरों में पाइप के जरिये प्राकृतिक गैस पहुंचाने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सप्ताहांत में सीएनजी की कीमत में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की है।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और अन्य शहरों में सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी की गई, लेकिन दिल्ली को इससे छूट दी गई है, जहां कुछ ही महीने में चुनाव होने वाले हैं। एमजीएल की वेबसाइट के अनुसार, चुनाव समाप्त होने के साथ ही मुंबई में गैस की खुदरा बिक्री करने वाली महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी कर दी है।



एमजीएल और अदाणी टोटल गैस लिमिटेड जैसे अन्य सिटी गैस रिटेलर्स ने कच्चे माल की लागत में 20 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद पिछले दो महीनों से खुदरा कीमतों को यथावत रखा था। मुंबई में विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही एमजीएल ने 23 नवंबर से सीएनजी की कीमतें दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाकर 77 रुपये कर दी। शहन में सीएनजी की खुदरा बिक्री करने वाले अन्य ने भी इसकी कीमतें बढ़ा दी हैं। आईजीएल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में सीएनजी की दरें 75.09 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बनी हुई हैं, जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा गाजियाबाद में कीमतें दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 81.70 रुपये और गुरुग्राम में 82.12 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं। इसे 23 नवंबर से लागू किया गया।

सीएनजी की दरें स्थानीय करों जैसे वैट की वजह से हर राज्य में अलग-अलग होती हैं। जब 2022 में उत्तर प्रदेश में चुनाव होने वाले थे, तब आईजीएल ने दिल्ली में कीमतों में संशोधन किया था, लेकिन उप्र के शहरों के लिए दरों में कोई बदलाव नहीं किया था। उद्योग सूत्रों ने कहा कि जनवरी या फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद दिल्ली में सीएनजी की कीमतों में संशोधन किया जा सकता है। एजीएल और आईजीएल ने कीमतों में वृद्धि के कारणों का खुलासा नहीं किया, लेकिन सूत्रों ने कहा कि यह वृद्धि उचित थी क्योंकि विनियमित या एपीएम गैस की आपूर्ति में लगातार दो दौर की कटौती के बाद फर्मों को अब महंगी गैस खरीदनी पड़ रही है।

# 2 साल में दिया धमाकेदार रिटर्न, 50,000 को बनाया 1 करोड़




**नईदिल्ली, एजेंसी।** इराया लाइफस्पेसेज ने अपने शेयरों को स्प्लिट करने का फैसला किया है। कंपनी के मुताबिक 10 रुपए फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 1 रुपए फेस वैल्यू वाले 10 इक्विटी शेयरों में विभाजित किया जाएगा। इस स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट 6 दिसंबर 2024 तय की गई है। कंपनी ने यह जानकारी 22 नवंबर को शेयर बाजार को दी। कंपनी ने पिछले 2 वर्षों में कंपनी ने 25,491.96 प्रतिशत का शानदार रिटर्न दिया है। इराया लाइफस्पेसेज पहले जस्टराइड एंटरप्राइजेज लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी। इसकी शुरुआत फरवरी 1967 में टोबू एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के रूप में हुई थी। अक्टूबर 1987 में इसे पब्लिक लिमिटेड कंपनी का दर्जा मिला। नवंबर 2013 में इसका नाम बदलकर जस्टराइड एंटरप्राइजेज और मार्च 2024 में एराया लाइफस्पेस किया गया। बीएसई के आंकड़ों की मानें तो शेयर ने पिछले केवल 2 वर्षों में 25491.96 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इसका मतलब हुआ कि अगर किसी ने 2 साल पहले शेयर में 10000 रुपए लगाए होंगे और अभी तक शेयरों को बेचा नहीं होगा तो निवेश 25.5 लाख रुपए बन चुका होगा। इसी तरह 25000 रुपए का निवेश लगभग 64 लाख रुपए और 50000 रुपए का निवेश 1 करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया होगा।

# सरकारी कंपनी के शेयर में लगा 5 फीसदी का अपर सर्किट, अमेरिकी कंपनी से किया है खास करार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कंपनी कोचीन शिपयार्ड के शेयरों ने सोमवार को फिर उड़ान भर ली। इस कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लगा। दरअसल कंपनी के शेयरों में उछाल उस समझौते के बाद आया जो इसने अमेरिकी कंपनी के साथ किया है। कोचीन शिपयार्ड ने अमेरिकी कंपनी सीट्रियम लेटर्न्यू के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के मुताबिक कोचीन शिपयार्ड इस अमेरिकी कंपनी की मदद से भारतीय बाजार के लिए जैक-अप रिग के डिजाइन और महत्वपूर्ण उपकरण बनाएगी।

कोचीन शिपयार्ड के शेयरों में सोमवार को 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा। इस तेजी के साथ कंपनी के शेयर 1364.25 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों ने निवेशकों को करीब 141 फीसदी रिटर्न दिया है। हालांकि इस साल जुलाई के बाद से इसके शेयरों में गिरावट जारी है। बीच-बीच में कुछ तेजी आ जाती है। जुलाई में इसके शेयर 2979.45 रुपये पर पहुंच गए थे, जो इसका 52 हफ्ते का हाई है।

इस शेयर ने 5 साल में निवेशकों को 500 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। 5 साल पहले इसके शेयर की कीमत करीब 200 रुपये थी। ऐसे में इसने अब तक 580 फीसदी रिटर्न दिया है। इसने 5 साल में एक लाख रुपये के निवेश को 6.80 लाख रुपये में बदल दिया है। इस कंपनी के शेयरों में पिछले कुछ समय से



गिरावट जारी है। जुलाई से लेकर अब तक इसकी कीमत में 50 फीसदी से ज्यादा की कमी आई है। इसके शेयर पिछले 6 महीने में 20 फीसदी और 3 महीने में 37 फीसदी गिरे हैं।

कोचीन शिपयार्ड ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, हम यह सूचित करना चाहते हैं कि कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) ने सीट्रियम लेटर्न्यू यूएसए, इंक. (एसएलईटी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत भारतीय बाजार के लिए जैक-अप रिग के डिजाइन और महत्वपूर्ण उपकरण बनाए जाएंगे।

कंपनी ने कहा कि जहाज निर्माण और इंजीनियरिंग में कोचीन शिपयार्ड के अनुभव और एसएलईटी की टेक्नॉलजी व डिजाइन क्षमताओं के आधार पर डिजाइन किए गए मोबाइल ऑफशोर ड्रिलिंग यूनिट्स (एमओडीयू) के अवसरों को भुनाना है। कंपनी ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय बाजार की जरूरतों को पूरा करना है। यह सहयोग मेक इन इंडिया पहल के तहत सरकार के प्रयासों के अनुरूप है।

## प्रॉफिट में है कंपनी

कंपनी का मार्केट कैप 35.87 हजार करोड़ रुपये है। कंपनी प्रॉफिट में है। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) में कंपनी को 189 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ। यह साल-दर-साल के आधार पर 4 फीसदी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 182 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था।

वहीं कंपनी के रेवेन्यू में भी बढ़ोतरी हुई है। दूसरी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 13 प्रतिशत बढ़कर 1143.2 करोड़ रुपये हो गया। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 1,011.7 करोड़ रुपये था।

# सस्ते होम लोन के लिए फरवरी तक करें इंतजार, ब्याज दरों को घटाने पर जोर दे रही सरकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने पिछले दो वर्षों से नीतिगत दरों को यथावत रखा है। बावजूद इसके अक्तूबर और नवंबर में ज्यादातर बैंकों ने होम लोन को महंगा कर दिया है। इसमें एसबीआई से लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा और पंजाब नेशनल बैंक जैसे बड़े बैंक भी शामिल हैं। दुनियाभर के प्रमुख जैसे अमेरिका और ब्रिटेन के केंद्रीय बैंकों ने हाल में दरों को घटाना शुरू कर दिया है। ऐसे में आरबीआई भी फरवरी से दरों को घटाने की सोच सकता है। इस समय महंगाई भले ही थोड़ी ज्यादा है, पर हाल में जिस तरह से आरबीआई पर अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए दबाव बन रहे हैं, उस हालात में दरों को कम करने पर जोर दिया जा सकता है। मौद्रिक नीति समिति की बैठक अगले महीने की 4-6 तारीख के बीच होगी। इस महीने में दो बार ऐसा वाकया हुआ है, जब केंद्र सरकार के दो बड़े मंत्रियों ने आरबीआई को दरों को घटाने के लिए जोर दिया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का मानना है कि दरों को घटाने में महंगाई कोई सही पैमाना नहीं है। लंबे समय से दरों को यथावत रखने से अर्थव्यवस्था का विकास बाधित होता है। ऐसे में महंगाई को पैमाना न माना जाए और दरों को घटाने की सोचा जाए। उनका यह बयान गवर्नर की मौजूदगी में था, जिस पर गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, दिसंबर में हम जवाब देंगे। यानी दरों को घटाने की शुरुआत हो सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल में एसबीआई के कार्यक्रम में सीधे-सीधे कह दिया कि बैंकों की कर्ज की दरें बहुत ज्यादा हैं। इसे घटाने की जरूरत है। उनके मुताबिक, मौजूदा ब्याज दरें लोगों और उद्योगों के लिए भारी पड़ रही हैं। इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने और नए प्रोजेक्ट्स शुरू करने के लिए कर्ज सस्ता होना चाहिए।




वित्त मंत्री का मानना है कि महंगे कर्ज से उद्योगों का विकास धीमा हो सकता है, जबकि सरकार चाहती है कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़े। केंद्र के इन बड़े मंत्रियों के इस बयान के बाद यह पूरी तरह से तय है कि दिसंबर वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में मौद्रिक नीति समिति दरों को घटाने पर फैसला कर सकती है। एक संभावना यह भी है कि गवर्नर का कार्यकाल 10 दिसंबर को खत्म हो रहा है। ऐसे में वे चाहेंगे कि जाते-जाते सरकार की बातों को सुनें और लोगों को कुछ राहत दे जाएं। हालांकि, अभी उनके कार्यकाल को बढ़ाया भी जा सकता है। आरबीआई ने तो कर्ज महंगा नहीं किया, पर बैंकों ने अक्तूबर में और नवंबर में कर्ज को महंगा कर दिया है। इन बैंकों ने उधार दरों की सीमांत लागत (एमसीएलआर) में संशोधन किया है। एमसीएलआर के तहत जब भी रेपो दर में उतार-चढ़ाव होता है, बैंक ब्याज दरों में बदलाव करते हैं। एमसीएलआर की लागत वह न्यूनतम ब्याज दर है जिससे कम दर पर कोई भी संस्थान कर्ज नहीं देता है।

# यूईएल ने भारत का टूर-2024 का सफल समापन किया, स्थिरता और उद्योग साझेदारी को दिया बढ़ावा

## चेन्नई, हैदराबाद और वडोदरा में बहु-शहर कार्यक्रम श्रृंखला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन (यूईएल) ने सीमेंस और टी-हब के साथ मिलकर भारत का अपना टूर-2024 सफलतापूर्वक पूरा किया। यह टूर चेन्नई (18 नवंबर), हैदराबाद (19 नवंबर ) और वडोदरा ( 22 नवंबर ) तक फैला हुआ एक बहु-शहरी कार्यक्रम था। इसमें सम्मेलन, गोलमेज सम्मेलन और पुरस्कार समारोह जैसे कई आकर्षक कार्यक्रम शामिल थे, जिनका उद्देश्य सतत शिक्षा को बढ़ावा देना, उद्योग-शैक्षिक साझेदारी को मजबूत करना और महिलाओं को सशक्त बनाना था। चेन्नई में, यूईएल ने एक स्थिरता (पर्यावरण अनुकूल) समाधान सम्मेलन के साथ दौरे की शुरुआत की, जिसमें शुगरक्रेट© जैसे कम कार्बन निर्माण सामग्री जैसे अभूतपूर्व नवाचारों का प्रदर्शन किया गया।

# ट्रंप की नीतियों से खुल सकते हैं भारत के रक्षा क्षेत्र में नए अवसर, मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत-अमेरिका के बीच बड़ी व्यापारिक साझेदारी है। अहम सवाल यह कि डोनाल्ड ट्रंप के फिर से राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी कितनी मधुर रहेगी। यह इसलिए क्योंकि अमेरिका की व्यापार नीति दोनों देशों के संबंधों की असल परीक्षा है। ट्रंप, अमेरिका फर्स्ट की नीति पर अमल करते हैं और इसके लिए वह दोस्ती में भी समझौता नहीं करते हैं। हालांकि, एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका फर्स्ट व्यापार नीति के वैश्विक व्यापार और भूराजनीति पर दूरगामी प्रभाव होंगे। मोतीलाल ओसवाल की एक रिपोर्ट के



अनुसार, यह नीति दुनिया भर के निर्यातकों के लिए मिले-जुले नतीजे लेकर आई है क्योंकि इसे विशेष रूप से चीन से आयात को कम करके अमेरिकी विनिर्माण को प्राथमिकता देने के लिए तैयार किया गया है। भारत के लिए, ट्रंप की नीतियां अवसर और चुनौतियां दोनों पेश करती हैं। इंडो-पैसिफिक रक्षा रणनीति अमेरिका-भारत सहयोग को मजबूत कर सकती है, जिससे फार्मास्यूटिकल्स और रक्षा जैसे क्षेत्रों में भारतीय व्यवसायों के लिए द्वार खुल सकते हैं। आगे कहा गया है कि फार्मास्यूटिकल्स और रक्षा जैसे क्षेत्रों में भारतीय व्यवसायों को भी नए अवसर मिल सकते हैं। खासकर अगर अमेरिका-भारत सहयोग मजबूत होता है। उभरते बाजारों को चुनौतियों और अवसरों का मिला-जुला सामना करना पड़ता है।

# सैमसंग आर एण्ड डी इंस्टिट्यूट, नोएडा और आईआईटी बॉम्बे ने डिजिटल हेल्थ

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग आर एण्ड डी इंस्टिट्यूट, नोएडा (एसआरआई-नोएडा) ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे (आईआईटी बॉम्बे) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके द्वारा सैमसंग ने उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच सहयोग के लिये अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। इस एमओयू के तहत एसआरआई-नोएडा और आईआईटी बॉम्बे मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल हेल्थ और दूसरे महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्रों में नई खोज करेंगे। पाँच साल की इस भागीदारी में शोध की संयुक्त परियोजनाएं होंगी, जो आईआईटी बॉम्बे के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को सैमसंग के इंजीनियरों के साथ मिलकर काम करने का मौका देंगी। इस तरीके से विद्यार्थियों के लिये नये रास्ते खुलेंगे और उद्योग के लिये उनकी तैयारी भी बढ़ जाएगी।

**आईपीएल मेगा ऑक्शन**

# पृथ्वी शॉ को नहीं मिला खरीदार, मार्को जेनसन 7 करोड़ में बिके

## विलियम्सन-रहाणे समेत 6 बड़े चेहरों पर नहीं लगी बोली; ऑलराउंडर सुंदर-सैम करन सस्ते में बिके

**जेद्दा (सऊदी अरब) (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा हो रही है जिसका आज दूसरा दिन है। 10 आईपीएल फ्रैंचाइजियों ने आईपीएल 2025 सीजन के लिए कुल 577 खिलाड़ियों (367 भारतीय, 210 विदेशी) के लिए बोली प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले साल 24.75 करोड़ में बिकने वाले मिशेल स्टार्क को इस बार आधे से भी कम कीमत पर खरीदा गया है। केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रुपए में खरीदा है और अब ऋषभ पंत भी उनके पास नहीं है तो ऐसे में उन्हें कप्तानी मिलने की भी संभावना है। इससे पहले पिछले सीजन में वह लखनऊ सुपर जाइंट्स की कप्तानी कर चुके हैं। वहीं विलियम्सन-रहाणे समेत 6 बड़े चेहरों पर नहीं लगी बोली; ऑलराउंडर सुंदर-सैम करन सस्ते में बिके।





### आईपीएल 2025 मेगा नीलामी के नियम

नीलामी से पहले प्रत्येक टीम ने अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। छह से कम कोई भी संख्या मेगा नीलामी में टीमों के लिए उपलब्ध ऋ्रूरू कार्ड की संख्या के बराबर होगी। अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन किया जा सकता है जबकि अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन किया जा सकता है। लेकिन कुल 6 से अधिक नहीं होने चाहिए। प्रत्येक आईपीएल टीम 120 करोड़ रुपए के बजट के साथ नीलामी में प्रवेश करेगी, जिसमें से पहले से किए गए रिटेंशन के कारण एक महत्वपूर्ण राशि काट ली जाएगी। नीलामी के बाद प्रत्येक टीम के पास कम से कम 18 खिलाड़ी होने चाहिए, लेकिन 25 से अधिक नहीं। इसमें से अधिकतम 8 विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं।

केन विलियमसन - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
ग्लेन फिलिप्स - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
रोवमैन पॉवेल - बेस प्राइज - 1.5 करोड़ रुपए, सोल्ड - 1.5 करोड़ रुपए, टीम - कोलकाता नाइट राइडर्स
फॉफ डुप्लेसिस - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 2 करोड़ रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स
अजिंक्य रहाणे - बेस प्राइज - 1.5 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
मयंक यादव - बेस प्राइज - 1 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
पृथ्वी शॉ- बेस प्राइज - 75 लाख रुपए, अनसोल्ड
शार्दुल ठाकुर - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
वाशिंगटन सुंदर - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 3.20 करोड़ रुपए, टीम - गुजरात टाइटंस
सैम करन - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 2.40 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स
मार्को जेनसन - बेस प्राइज - 1.25 करोड़ रुपए, सोल्ड - 7 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स
क्रुणाल पांड्या - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 5.75 करोड़ रुपए, टीम - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
नीतिश राणा - बेस प्राइज - 1.50 करोड़ रुपए, सोल्ड - 4.20 करोड़ रुपए, टीम - राजस्थान रॉयल्स
शाई होप - बेस प्राइज - 1.25 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
रयान रिकेल्टन - बेस प्राइज - 1 करोड़ रुपए, सोल्ड - 1 करोड़ रुपए, टीम - मुंबई इंडियंस
केएस भरत - बेस प्राइज - 75 लाख रुपए, अनसोल्ड
जोश इंग्लिस - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 2.60 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स
एलेक्स कैरी - बेस प्राइज - 1 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
डोनोवन फरेरा - बेस प्राइज - 75 लाख रुपए, अनसोल्ड

### पहला दिन

अर्शदीप सिंह - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 18 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स
कगिसो रबाडा - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 10.75 करोड़ रुपए, टीम - गुजरात टाइटंस
श्रेयस अय्यर - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 26.75 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स
जोस बटलर - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 15.50 करोड़ रुपए, टीम - गुजरात टाइटंस
मिशेल स्टार्क - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 11.75 करोड़ रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स
ऋषभ पंत - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 27 करोड़ रुपए, टीम - लखनऊ सुपर जाइंट्स
मोहम्मद शमी - बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 10 करोड़ रुपए, टीम - सनराइजर्स हैदराबाद
डेविड मिलर, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 7.5 करोड़ रुपए, टीम - लखनऊ सुपर जाइंट्स
युजवेंद्र चहल, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 18 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स
मोहम्मद सिराज, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 12.25 करोड़ रुपए, टीम - गुजरात टाइटंस
लियाम लिविंगस्टोन, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 8.75 करोड़ रुपए, टीम - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
केएल राहुल, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 14 करोड़ रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स
हैरी ब्रूक, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 6.25 करोड़ रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स
देवदत पड्डिकल, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
एडन मार्कराम, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 2 करोड़ रुपए, टीम - लखनऊ सुपर जाइंट्स
डेवोन कॉन्वे, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 6.25 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स
राहुल त्रिपाठी, बेस प्राइज - 75 लाख रुपए, सोल्ड - 3.40 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स
जेक फ्रेजर मैकगर्क, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 9 करोड़ रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स ऋ्रूरू
डेविड वार्नर, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
हर्षल पटेल, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 8 करोड़ रुपए, टीम - सनराइजर्स हैदराबाद
रचिन रविंद्र, बेस प्राइज - 1.5 करोड़ रुपए, सोल्ड - 4 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स
रविचंद्रन अश्विन, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 9.75 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स
वेंकटेश अय्यर, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 23.75 करोड़ रुपए, टीम - कोलकाता नाइट राइडर्स
मार्कस स्टोइनिस, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 11 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स
मिशेल मार्श, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 3.40 करोड़ रुपए, टीम - लखनऊ सुपर जाइंट्स
ग्लेन मैक्सवेल, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 4.20 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स
क्विंटन डी कॉक, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 3.6 करोड़ रुपए, टीम - कोलकाता नाइट राइडर्स
जॉनी बेयरस्टो, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, अनसोल्ड
फिल सॉल्ट, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 11.50 करोड़ रुपए, टीम - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
रहमानुल्लाह गुरबाज, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 2 करोड़ रुपए, टीम - कोलकाता नाइट राइडर्स
ईशान किशन, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 11.25 करोड़ रुपए, टीम - सनराइजर्स हैदराबाद
जितेश शर्मा, बेस प्राइज - 1 करोड़ रुपए, सोल्ड - 11 करोड़ रुपए, टीम - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
जोश हेजलवुड, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 12.50 करोड़ रुपए, टीम - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
प्रसिद्ध कृष्णा, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 9.50 करोड़ रुपए, टीम - गुजरात टाइटंस
आवेश खान, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 9.75 करोड़ रुपए, टीम - लखनऊ सुपर जाइंट्स
एनरिक नॉर्टजे, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 6.50 करोड़ रुपए, टीम - कोलकाता नाइट राइडर्स
जोफ्रा आर्चर, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 12.50 करोड़ रुपए, टीम - राजस्थान रॉयल्स
खलील अहमद, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 4.80 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स
टी नटराजन, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 10.75 करोड़ रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स
ट्रेंट बोल्ट, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 12.50 करोड़ रुपए, टीम - मुंबई इंडियंस
महीश तीक्षणा, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 4.40 करोड़ रुपए, टीम - राजस्थान रॉयल्स
राहुल चाहर, बेस प्राइज - 1 करोड़ रुपए, सोल्ड - 3.20 करोड़ रुपए, टीम - सनराइजर्स हैदराबाद
एडम जम्पा, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 2.40 करोड़ रुपए, टीम - सनराइजर्स हैदराबाज
वानिदु हसरंगा, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 5.25 करोड़ रुपए, टीम - राजस्थान रॉयल्स
वकार सलामखिल, बेस प्राइज - 75 लाख रुपए, अनसोल्ड
नूर अहमद, बेस प्राइज - 2 करोड़ रुपए, सोल्ड - 10 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स
श्रेयस गोपाल - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, अनसोल्ड
मानव सुथार - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 30 लाख रुपए, टीम - गुजरात टाइटंस
कुमार कार्तिकेय - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए रुपए, सोल्ड - 30 लाख रुपए, टीम - राजस्थान रॉयल्स
पीयूष चावला - बेस प्राइज - 50 लाख रुपए, अनसोल्ड
मयंक मार्कंडे - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 30 लाख रुपए, टीम - कोलकाता नाइट राइडर्स
कर्ण शर्मा - बेस प्राइज - 50 लाख रुपए, सोल्ड - 50 लाख रुपए, टीम - मुंबई इंडियंस
सुयश शर्मा - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 2.60 करोड़ रुपए, टीम - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
सिमरजीत सिंह - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 1.50 करोड़ रुपए, टीम - सनराइजर्स हैदराबाद
कार्तिक त्यागी - बेस प्राइज - 40 रुपए, अनसोल्ड
यश ठाकुर - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 1.60 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स
वेभव अरोड़ा - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 1.80 करोड़ रुपए, टीम - कोलकाता नाइट राइडर्स
विजयकुमार वैशाक - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड -1.80 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स
मोहित शर्मा - बेस प्राइज - 50 लाख रुपए, सोल्ड - 2.20 करोड़ रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स
आर्यन जुयाल - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 30 लाख रुपए, टीम - लखनऊ सुपर जाइंट्स
आकाश माधवाल - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 1.20 करोड़ रुपए, टीम - राजस्थान रॉयल्स
रसिख दर सलाम - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 6 करोड़ रुपए, टीम - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
विष्णु विनोद - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 95 लाख रुपए, टीम - पंजाब किंग्स
लवनीत सिसोदिया - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, अनसोल्ड
उपेंद्र यादव - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, अनसोल्ड
अनजू रावत - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 30 लाख रुपए, टीम - गुजरात टाइटंस
रोबिन मिंज - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 30 लाख रुपए, टीम - मुंबई इंडियंस
कुमार कुशाग्र - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 65 लाख रुपए, टीम - गुजरात टाइटंस
उत्कर्ष सिंह- बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, अनसोल्ड
आशुतोष शर्मा - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 3.80 करोड़ रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स
महिपाल लोमरोर - बेस प्राइज - 50 लाख रुपए, सोल्ड - 1.70 करोड़ रुपए, टीम - गुजरात टाइटंस
विजय शंकर - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 1.20 करोड़ रुपए, टीम - चेन्नई सुपर किंग्स
हरप्रीत बरार - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 1.50 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स
अब्दुल समद - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 4.20 करोड़ रुपए, टीम - लखनऊ सुपर जाइंट्स
नमन दार - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 5.25 करोड़ रुपए, टीम - मुंबई इंडियंस ऋ्रूरू
समर रिजवी - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 95 लाख रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स
निशांत सिद्धु - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 30 लाख रुपए, टीम - गुजरात टाइटंस
अभिनव मनोहर - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 3.20 करोड़ रुपए, टीम - सनराइजर्स हैदराबाद
यश धुल - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, अनसोल्ड
करून नायर - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 50 लाख रुपए, टीम - दिल्ली कैपिटल्स
अंगकृष रघुवंशी - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 3 करोड़ रुपए, टीम - कोलकाता नाइट राइडर्स
नाहल वढेरा - बेस प्राइज - 30 लाख रुपए, सोल्ड - 4.20 करोड़ रुपए, टीम - पंजाब किंग्स

# पर्थ में ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत के बाद बोले बुमराह, पहली पारी में हम दबाव में थे

**पर्थ (एजेंसी)।** भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज की शुरूआत जीत के साथ करते हुए पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हरा दिया। कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह को शानदार प्रदर्शन (8 विकेट) के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। उन्होंने मैच के बाद कहा कि पहली पारी में हम दबाव में थे, लेकिन उसके बाद जिस तरह से हमने जवाब दिया - उस पर गर्व है।

बुमराह ने कहा, शुरुआत से बहुत खुश हूं। पहली पारी में हम दबाव में थे, लेकिन उसके बाद जिस तरह से हमने जवाब दिया - उस पर गर्व है। 2018 में यहां खेला था। मुझे याद है कि जब आप यहां से शुरुआत करते हैं, तो विकेट थोड़ा नरम होता है और फिर यह तेज और तेज होता जाता है। उस अनुभव पर भरोसा कर रहा था। यह विकेट पिछले वाले से थोड़ा कम मसालेदार थी। हम वास्तव में अच्छी तरह से तैयार थे, इसलिए मैं सभी को अपनी प्रक्रिया और क्षमता पर विश्वास रखने के लिए कह रहा था।

उन्होंने कहा, अनुभव मायने रखता है, लेकिन अगर आपको विश्वास है तो आप कुछ खास कर सकते हैं। इससे ज्यादा कुछ नहीं मांगा जा सकता। जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की है। यह शायद उनकी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारी थी। उनका स्वभाव आक्रामक है, लेकिन उन्होंने गेंद को अच्छी तरह से छोड़ा और लंबे समय तक खेला। विराट के बारे में बुमराह ने कहा, मैंने उन्हें बिल्कुल भी आउट ऑफ फॉर्म नहीं देखा। चुनौतीपूर्ण विकेटों पर यह तय करना मुश्किल होता है कि कोई बल्लेबाज फॉर्म में है या नहीं। वह नेट्स में अच्छा दिख रहा था। हमेशा (भीड़ से) समर्थन का आनंद लेता हूं।



गौर हो कि कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली इनिंग में ऋषभ पंत (37) और नितीश रेड्डी (41) की बदौलत 150 रन बनाए। पहली इनिंग में ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी दमदार रही और जोश हेजलवुड ने 4 जबकि मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और मिशेल मार्श ने 2-2 विकेट अपने नाम किए।

इस समय पहले बल्लेबाजी का फैसला गलत लग रहा था लेकिन भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 104 पर ढेर कर पहली पारी में 46 रन की बढ़त बनाई जिसमें बुमराह के 5 विकेट शामिल थे। दूसरी इनिंग में यशस्वी यशस्वी जायसवाल (161) और विराट कोहली (100) के शतकों के अलावा केएल राहुल की 77 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 6 विकेट के नुकसान पर 487 रन बनाते हुए ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रन का लक्ष्य रखा। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया को विकेट लेने में कठिनाई हुई। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने एक बार फिर दमखम दिखाया और बुमराह और मोहम्मद सिराज के 3-3 विकेटों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को 238 रन पर ढेर कर पहला टेस्ट मैच चौथे दिन ही अपने नाम कर लिया।

**आईपीएल 2025**

# वेंकटेश अय्यर बने तीसरे सबसे महंगे प्लेयर, लगी 23.75 करोड़ की बोली

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में वेंकटेश अय्यर रविवार को श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत के बाद तीसरे सबसे महंगे प्लेयर बन गए हैं। उन्हें गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 23.75 करोड़ रुपए में अपने साथ रखा। 2 करोड़ के बेस प्राइस के साथ शुरुआत करने वाले केकेआर ने श्रेयस के लिए शुरुआत से ही बोली लगाई। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ?6 करोड़ से बोली में अंदर आई और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 8.50 करोड़ से। केकेआर और आरसीबी के बीच अंत तक बोली लगाते रहे। आखिर केकेआर उन्हें अपने साथ रखने में कामयाब रहा। इससे पहले पंजाब किंग्स ने श्रेयस को 26.75 करोड़ तो एलएसजी ने ऋषभ पंत को 27 करोड़ में खरीदा था।



2020 में केकेआर में शामिल होने के बाद वेंकटेश कोलकाता-फ्रैंचाइजी का एक अभिन्न अंग रहे हैं। उन्होंने दुबई में अपने पहले सीजन में सभी को प्रभावित किया। 2020 के आईपीएल में अपने 10 मैचों में वेंकटेश ने केकेआर के फाइनल तक 350 रन बनाए। कुल मिलाकर वेंकटेश ने केकेआर के लिए अब तक 51 मैचों में 1326 रन बनाए हैं। वेंकटेश 15 साल बाद आईपीएल में शतक लगाने वाले केकेआर के सिर्फ दूसरे बल्लेबाज ही हैं। उन्होंने आईपीएल 2024 के फाइनल में भी अर्धशतक बनाया था, जिसमें उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल की थी।

वेंकटेश के अलावा केकेआर ने दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक (3.6 करोड़) और रहमानुल्लाह गुरबाज की 2 करोड़ में सेवाएं भी लीं। अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज गुरबाज के लिए यह घर वापसी थी क्योंकि वह पिछले कुछ सीजन से केकेआर टीम का हिस्सा थे। बता दें कि कोलकाता नाइट राइडर्स तीन बार आईपीएल खिताब जीत चुकी है। इससे पहले गौतम गंभीर की कप्तानी में ही कोलकाता ने दो बार खिताब जीता था। गंभीर इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच थे। केकेआर ने उन्हें अपने साथ बतौर कोच रखा। गंभीर ने फिर जादू दिलाया और श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम आईपीएल खिताब जीतने में सफल रही।

# मेजर ध्यानचंद के बेटे अशोक कुमार को दिल का दौरा पड़ा, एंजियोप्लास्टी होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के बेटे अशोक कुमार को सीने में तकलीफ के कारण यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उन्हें दिल का दौरा पड़ा लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। उनके परिवार के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अशोक कुमार (74 वर्ष) की सोमवार को एंजियोप्लास्टी होगी।



परिवार के सूत्रों ने बताया, 'उन्हें (अशोक कुमार को) कल (रविवार) शाम सीने में तकलीफ महसूस हुई। इसके बाद उन्हें एस्कॉर्ट्स अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी एंजियोग्राफी की गई। एंजियोग्राफी के नतीजों से पता चला कि कुछ ब्लॉकेज हैं। डॉक्टर आज स्टेंट लगाएंगे। वह खतरे से बाहर हैं और उनकी हालत स्थिर है। गेंद पर अपने नियंत्रण के लिए पहचाने जाने वाले इनसाइड-राइट खेलने वाले पूर्व खिलाड़ी अशोक अजीत पाल सिंह के नेतृत्व में 1975 का विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। वह 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य थे। उन्हें 1974 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया और 1975 में उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ विजयी गोल करके भारत को विश्व कप में एकमात्र खिताबी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

अशोक को इस साल की शुरुआत में हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनकी अन्य उपलब्धियों में दो और विश्व कप पदक (1971 बार्सीलोना में कांस्य और 1973 एम्सटर्डम में रजत) के अलावा एशिया खेलों में तीन रजत पदक (1970 बैंकॉक, 1974 तेहरान और 1978 बैंकॉक) शामिल हैं।

# नटराजन की भरपाई कोई नहीं कर सकता, एसआरएच के मुख्य कोच का बड़ा बयान

**जेद्दा (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी आईपीएल की बड़ी नीलामी के पहले दिन इशान किशन को अपने साथ जोड़कर सबसे ज्यादा उत्साहित थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि टी नटराजन का दिल्ली कैपिटल्स के पास जाना उनके लिए नुकसान था। मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले किशन को रविवार को सनराइजर्स ने 11 करोड़ 25 लाख रुपये में खरीदा।

बाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए यह साल उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट खेलने के बोर्ड के आदेश की अवहेलना करने के कारण भारतीय टीम में अपनी जगह के साथ-साथ भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का केंद्रीय अनुबंध भी खो दिया। हालांकि उनकी रणजी ट्रॉफी में वापसी हुई है। सनराइजर्स ने नीलामी के पहले दिन तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी (10 करोड़ रुपए) और हर्षल पटेल (आठ करोड़ रुपए) सहित आठ खिलाड़ियों को खरीदा। हालांकि वे टी नटराजन को वापस नहीं खरीद पाए और विटोरी ने कहा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज



के नुकसान की भरपाई कोई नहीं कर सकता।

नीलामी से पहले सनराइजर्स ने कप्तान पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और नितीश रेड्डी सहित पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया था। विटोरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'नट्टू (नटराजन) के जाने की भरपाई कोई नहीं कर सकता (मुस्कुराते हुए)। हर टीम इससे गुजरती है, चाहे आप खिलाड़ियों को जल्दी से जल्दी खोजने की कोशिश करें और मौकों पर झपटें या फिर आप आखिरी मौके का इंतजार करें।

नटराजन को दिल्ली कैपिटल्स ने 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा। विटोरी ने कहा, 'हमने आज मौका मिलने पर उसे अपने पक्ष में करने का फैसला किया और मोहम्मद शमी उनमें से एक थे और फिर हर्षल पटेल, वे दो ऐसे खिलाड़ी थे जिनके बारे में हमने सोचा भी नहीं था कि वे इन कीमतों (कम कीमत) पर बिकेंगे। और फिर इशान किशन हमारे लिए बहुत बड़ी डील थी। हम उसे अपने साथ जोड़ना चाहते थे और हमें लगा कि वह अधिक कीमत पर बिकेगा। इसलिए इन तीन खिलाड़ियों और बाकी खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने की खुशी है।

विटोरी भारत के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए कोचिंग की अपनी जिम्मेदारी से समय निकालकर नीलामी के लिए आए हैं। विटोरी ने कहा कि चुने गए खिलाड़ियों से कप्तान कमिंस सहमत हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर ने कहा, 'हां, हां (कमिंस से सुझाव) मिले थे। आज रात कप्तान दुखी था (पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के पीछे रहने का जिक्र करते हुए), उसके लिए एक कठिन दिन था। मैंने आज (रविवार) सुबह उससे बात की और उसने उन खिलाड़ियों के तर्क को समझा जिन्हें हमने चुना था और फिर उसके पास बाकी टीम को तैयार करने के लिए कुछ विचार थे।

# आईपीएल ऑक्शन से परे पाकिस्तान 60-6, जिम्बाब्वे से गंवाया पहले वनडे

**बुलावायो (जिम्बाब्वे) (एजेंसी)।** एक तरफ आईपीएल ऑक्शन में भारतीय क्रिकेटर बड़े नोट कमाने में बिजी थे तो वहीं, दूसरी तरफ बुलावायो के मैदान पर पाकिस्तान के बल्लेबाज जिमबाब्वे के गेंदबाजों का सामना ही नहीं कर पाए। आल राउंडर सिकंदर रजा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे ने रविवार को यहां बारिश से प्रभावित पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नए लुक वाली पाकिस्तानी टीम को डकवर्थ लुईस पद्धति से 80 रन से शिकस्त देकर उलटफेर किया। रजा ने 39 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलकर जिम्बाब्वे को 7 विकेट पर 125 रन के स्कोर से 205 रन तक पहुंचाने में मदद की। उन्होंने 9वें नंबर के बल्लेबाज रिचर्ड नगारावा के साथ मिलकर 8वें विकेट के



लिए 62 रन की भागीदारी निभाई। रिचर्ड ने सर्वाधिक 48 रन बनाए।

रजा (सात रन देकर दो विकेट) ने फिर एक ओवर में दो विकेट झटक लिए जिससे पाकिस्तान की टीम 21 ओवर में 6 विकेट पर 60 रन बनाकर मुश्किल में थी। इसके बाद बारिश आ गई और मैच नहीं हो सका जिससे जिम्बाब्वे ने तीन मैच की वनडे श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। पाकिस्तान ने प्रयोग करते हुए 2019 के बाद पहली बार अपने शीर्ष बल्लेबाज बाबर आजम को वनडे में आराम दिया ताकि अगले साल होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले 'बेंच स्ट्रेंथ% को आजमाया जा सके। वनडे श्रृंखला के बाद तीन टी20 मैच भी बुलावायो में खेले जाएंगे।

मैच गंवाने के बाद पाकिस्तानी कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि यह हमारे लिए अच्छा नहीं था। उन्होंने अनुभव के साथ खेला। सिकंदर रजा इसे अंत तक ले गए, यहीं से खेल हमसे दूर चला गया। हमने टॉस जीता और फिर सूरज निकल आया और इसे आसान बना दिया। उन्होंने हमें दबाव में डाल दिया और एक बल्लेबाजी समूह के रूप में हम उसे संभाल नहीं सके। उन्होंने तेज गेंदबाजों पर आक्रमण किया और फिर हमें स्पिनरों को लाना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा के फ्लैट में महिला को बंधक बनाकर रेप, धर्म परिवर्तन की कोशिश का भी आरोप

**नोएडा एजेंसी।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र की एक सोसाइटी के फ्लैट में दो दिन तक बंधक बनाकर दिल्ली की विशेष समुदाय की युवती से युवक ने दुष्कर्म किया। युवती ने धर्म परिवर्तन करने के लिए दवाब बनाने का भी आरोप लगाया। पीड़िता ने कोर्ट के आदेश पर तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि नवंबर 2023 में उसकी मुलाकात सेक्टर-74 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले रोहित जखमोला से हुई। बातचीत होने पर युवक ने उसे अपने जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने को बुलाया। उसने अजनबी होने का हवाला देकर मना कर दिया था। इसके बाद आरोपी उसे एक कैफे में ले गया, इसके बाद वह अपने फ्लैट पर जबरन ले गया। वहां आरोपी ने अश्लील हरकत की और जबरन गांजा पिलाया। पीड़िता ने मना किया तो आरोपी और उसके दो साथी बाइक पर बैठाकर एनएच-नौ पर ले गए, जहां बाइक से गिरने पर पीड़िता को चोट आई।

### उपमन्यु चटर्जी की पुस्तक लोरेंजो सर्चेज फॉर द मीनिंग ऑफ लाइफ ने साहित्य के लिए 7वां जेसीबी पुरस्कार जीता

**चंडीगढ़, एजेंसी।** स्पीकिंग टाइगर बुक्स द्वारा प्रकाशित उपमन्यु चटर्जी द्वारा लिखित लोरेंजो सर्चेस फॉर द मीनिंग ऑफ लाइफ को साहित्य



के लिए 2024 जेसीबी पुरस्कार के विजेता के रूप में घोषित किया गया है, और 25 लाख रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम जेसीबी इंडिया मुख्यालय, बल्लभगढ़ में आयोजित किया गया था। प्रतिष्ठित ट्रॉफी, जो दिल्ली के कलाकार जोड़ी, ठुकराल और टैगरा द्वारा बनाई गई एक मूर्ति है, जिसका शीर्षक मिरर मेल्टिंग है, उपमन्यु चटर्जी को प्रदान की गई।यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जेसीबी के चेयरमैन लॉर्ड बैमफोर्ड की ओर से जेसीबी इंडिया के सीईओ और एमडी श्री दीपक शेट्टी द्वारा प्रदान किया गया।कार्यक्रम में बोलते हुए, श्री दीपक शेट्टी ने कहा, साहित्य के लिए जेसीबी पुरस्कार की परिकल्पना लॉर्ड बैमफोर्ड द्वारा भारतीय साहित्य की भारतीयता का जश्न मनाने के लिए की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में इस पुरस्कार ने कुछ सबसे विविध कार्यों को आकर्षित किया है और यह वर्ष भी कुछ अलग नहीं है। उन्होंने इस मौके पर पूरे जेसीबी परिवार की ओर से उपमन्यु चटर्जी की लोरेंजो सर्चेस फॉर द मीनिंग ऑफ लाइफ को बधाई दी।श्री शेट्टी ने कहा कीक्षेत्रीय भाषाओं में समकालीन भारतीय साहित्य में पाठकों को देने के लिए बहुत कुछ है। प्रकाशक उच्च-गुणवत्ता वाले अनुवादों का समर्थन करने और उन्हें बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ताकि ये कार्य पुराने और युवा दोनों पाठकों के लिए उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप प्लेटफार्मों के माध्यम से पहुंच योग्य हों।

### दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में शराब परोसने पर लगी रोक, पुणे वाले शो से पहले बड़ा फैसला

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र आबकारी विभाग ने पुणे के कोथरुड इलाके में अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ के म्यूजिक कॉन्सर्ट को लेकर बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने इस कार्यक्रम में शराब परोसने का परमिट रविवार को रद्द कर दिया। कोथरुड के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक चंद्रकांत पाटिल सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने रविवार शाम होने वाले कंसर्ट में शराब परोसने की योजना पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद विभाग ने परमिट रद्द करने का फैसला लिया। महाराष्ट्र के आबकारी आयुक्त सी राजपूत ने कहा, राज्य आबकारी विभाग ने कॉन्सर्ट के दौरान शराब परोसने की अनुमति रद्द कर दी है। भाजपा विधायक पाटिल ने कोथरुड के काकाडे फार्म में होने वाले संगीत कॉन्सर्ट पर आपत्ति जताई है। उन्होंने एक बयान में कहा है, 'ऐसे शो शहर की संस्कृति का हिस्सा नहीं हैं। इससे क्षेत्र के निवासियों के लिए बड़ी परेशानी खड़ी होगी। आयोजन से यातायात जाम भी होगा। इसलिए, मैंने शहर के पुलिस आयुक्त से कार्यक्रम रद्द करने का आग्रह किया है।

# अगले महीने से 13 लाख महिलाओं को मिलेगा तोहफा, खाते में आने लगेंगे 1500 रुपये

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की जबरदस्त जीत के पीछे लड़की बहिन योजना को भी बताया जा रहा है। एनसीपी नेता शरद पवार ने भी कहा कि इस योजना से महायुति को बड़ा लाभ हुआ है। महिलाओं ने जमकर महायुति के लिए वोट किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अगले महीने से ही 13 लाख और महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलने लगेगा। इसके तहत हर महीने महिलाओं के खाते में 1500 रुपये जमा किए जाएंगे। 2.34 करोड़ महिलाओं को इसका फायदा मिल रहा है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट की मानें तो दिसंबर के महीने में उन महिलाओं को भी योजना में शामिल कर लिया जाएगा जिनकी अब तक बैंक अकाउंट से आधार सीडिंग नहीं हो पाई थी। वहीं महायुति ने यह भी वादा किया था कि इस राशि को बढ़ाकर 2100 कर दिया जाएगा। बजट में इस योजना के लिए 3500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। अगर राशि बढ़ानी है तो इसपर लागत भी बढ़ जाएगी। ऐसे में आवंटन भी बढ़ाना



पड़ेगा। बता दें कि लोकसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को झटका लगा था। इसके बाद इस योजना की शुरुआत की गई थी। इसका असर भी विधानसभा चुनाव में दिखाई दिया। महायुति ने 234 सीटों पर कब्जा कर लिया। इस योजना के सबसे ज्यादा लाभार्थी पुणे. नासिक, ठाणे और मुंबई में हैं। इन इलाकों में महायुति को भी बड़ा फायदा हुआ है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने कहा कि जिन महिलाओं के आवेदन अभी लंबित हैं उन्हें भी क्लियर किया जाएगा और दिसंबर महीने से उन्हें लाभ मिलेगा। सरकारी सूत्र के मुताबिक, नवंबर तक 2.34 करोड़ महिलाओं को योजना में शामिल कर लिया गया था। वहीं 13 लाख आवेदन अभी लंबित थे। उन्हें दिसंबर में शामिल कर लिया जाएगा। महिला और बाल विकास विभाग इस काम को तेजी से निपटाने में लगा है। संभावना इस बात की है कि महिला और बाल विकास मंत्री रहीं अदिति ततकरे फिर से अपना विभाग संभालें। उन्होंने श्रीवर्धन विधानसभा सीट पर अपने प्रतिद्वंद्वी एनसीपी एसपी के अनिल नावगने को एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया है।

## गाजियाबाद पुलिस ने 400 फार्म हाउस और बैंक्वेट हॉल संचालकों को भेजे नोटिस

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद की कमिश्नरेट पुलिस ने 400 फार्म हाउस और बैंक्वेट हॉल संचालकों को नोटिस भेजे हैं। शादियों के दौरान चोरी और छिनैती समेत अन्य आपराधिक वारदात पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस यह कदम उठाया है। नोटिस में गेट के बाहर और अंदर नाइट विजन कैमरे लगाने के साथ पार्किंग की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। चढ़त के दौरान पुलिस बल भी तैनात रहेगा। इसकी सूचना भी समय से देने होगी।

जनपद में 400 बैंक्वेट हॉल और फार्म हाउस हैं। इनमें आयोजन के दौरान चोरी के मामले सामने आते रहते हैं। गेट के बाहर रोड पर चढ़त के दौरान चेन और मोबाइल झपटमारी की वारदात होती रहती हैं। अक्सर जांच के दौरान आयोजन स्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरे खराब मिलते हैं या उनकी फुटेज साफ नहीं होती। इससे अपराधी को पकड़ने में दिक्कत होती है। ऐसे में पुलिस ने यह पहल की है। नोटिस भेजने के साथ संचालकों से संपर्क भी किया जा रहा। सभी को बताया जा रहा है कि वह बेहतर क्वालिटी के कैमरे लगाएं, जिससे रात में होने वाली आपराधिक घटनाएं कैद होते समय पूरी तरह से क्लियर हों। इसके अलावा मेहमानों को गेट से ज्यादा दूर न उतारा जाए। जनपद में गई फार्म हाउस और बैंक्वेट हॉल इतने बड़े हैं कि वहां एक ही दिन में कई आयोजन होते हैं। ऐसे में वहां आने वाले लोगों की तादाद भी बड़ी मात्रा में होती है। बड़े आयोजन और मेहमानों की भीड़ बदमाशों के टारगेट पर होती है। भीड़ का फायदा उठाकर वह अपने मंसूबों को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। नकदी और जेवरात से भरे बैग चोरी करने की अधिकांश घटनाओं में छोटे बच्चों के शामिल होने की बात सामने आई है। कई गैंग पूर्व में प्रकाश में आ चुके हैं। ज्यादातर बच्चे मध्य प्रदेश के रहने वाले थे। पुलिस की चीता बाइक सवारों को भी लगातार भ्रमण करते हुए हूटर बजाने के निर्देश दिए गए हैं। निमिष पाटील, डीसीपी, ट्रांस हिंडन जोन ने कहा, सभी एसीपी को निर्देश दिए गए हैं कि वह क्षेत्र के बैंक्वेट हॉल संचालकों से संपर्क बनाए रखें और उन्हें सतर्क करते रहें।

## ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर घटेगी वाहनों की स्पीड लिमिट

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर अगले महीने दिसंबर से वाहनों की स्पीड लिमिट कम कर दी जाएगी। एक्सप्रेसवे के साथ एमपी टू स्थित एलिवेटेड रोड पर भी यह व्यवस्था फरवरी महीने के मध्य तक बनी रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने कोहरे में सड़क हादसों में कमी लाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे करीब 24 किलोमीटर लंबा है, जिसमें से 20 किलोमीटर का हिस्सा नोएडा के क्षेत्र में आता है। पिछले कुछ वर्षों में यहां काफी हादसे हो चुके हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अगले महीने के पहले-दूसरे सप्ताह से कोहरा पड़ने का अनुमान है। ऐसे में सड़क हादसों की आशंका अधिक बढ़ जाती है। इसको देखते हुए तैयारी शुरू कर दी गई है।

ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि कोहरे को देखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, एमपी टू एलिवेटेड रोड समेत शहर की छह सड़कों पर गति सीमा घटाई जाएगी। एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहन (चार पहिया) के लिए गति सीमा 100 से घटाकर 75 किलोमीटर कर दी जाएगी। भारी वाहनों के लिए रफ्तार 80 से घटाकर 60 किलोमीटर प्रति घंटे की जाएगी। एमपी टू स्थित एलिवेटेड रोड पर हल्के वाहनों के




लिए 50 और भारी वाहनों के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटे रफ्तार तय की जाएगी।

मास्टर प्लान रोड नंबर-1 (डीएनडी टोल प्लाजा से सेक्टर-57 चौराहा), मास्टर प्लान रोड नंबर-2 (सेक्टर-18 से सेक्टर-60 अंडरपास), मास्टर प्लान रोड नंबर-3 (कालिंदी कुंज से सेक्टर-122) और रोड नंबर-6 (सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर से सेक्टर-71 अंडरपास) के अलावा डीएससी (दादरी-सूरजपुर-छलेरा) रोड पर भी वाहनों की गति कम की जाएगी। इन जगह 80 से घटाकर 60 किलोमीटर प्रति घंटे रफ्तार तय होगी। इसके अलावा जो भी 75 मीटर चौड़ी रोड हैं, वहां पर भी यही व्यवस्था रहेगी। गति सीमा घटाने से संबंधित जानकारी देने के लिए नोएडा प्राधिकरण एक्सप्रेसवे और उससे पहले के रास्तों पर संबंधित जानकारी देने के लिए बोर्ड लगवाएगा।

# ये हिंदुत्व की जीत है, महाराष्ट्र में सिर्फ भगवा चलेगा, फतवा नहीं- नितेश राणे

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन की शानदार जीत के बाद भाजपा नेता नितेश राणे ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने रविवार को कहा कि ये हिंदुत्व की जीत है। हमारे महाराष्ट्र के हिंदू समाज ने जवाब दे दिया है कि हमारे महाराष्ट्र में सिर्फ भगवा ही चलेगा फतवा नहीं चलेगा। राणे ने कहा, ये जनादेश लव जिहाद, लैंड जिहाद और इस्लामीकरण के खिलाफ मिला है। महाराष्ट्र के हिंदू समाज ने सीधा संदेश दिया है कि मस्जिदों में 5 बार बजने वाले लाउड स्पीकर बंद हो जाने चाहिए। सब जगहों पर जो हरी चादर डालने का कार्यक्रम शुरू हुआ था उसके खिलाफ हमें जनादेश मिला है। नितेश राणे ने कहा कि अभी महाराष्ट्र में केवल भगवाधारियों का ही राज्य चलेगा। इसी तरह का जनादेश मिलने की वजह से आने वाले दिनों में उसी तरह की सरकार दिखेगी। मालूम हो कि भाजपा के प्रमुख विजयी



उम्मीदवारों में मौजूदा विधायक नितेश राणे शामिल हैं, जिन्होंने सिंधुदुर्ग जिले की कंकावली विधानसभा सीट पर 58,007 मतों के अंतर से जीत हासिल की। भाजपा उम्मीदवार नितेश नारायण राणे ने शिवसेना (यूटीबी) के कैंडिडेट संदेश भाष्कर पारकर को हराया है। महायुति ने महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटें जीतकर भारी बहुमत से सत्ता बरकरार रखी। वहीं, भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और उन्हें राज्य विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के नामों वाले राजपत्र की प्रतियां भेंट कीं। विज्ञप्ति में कहा गया कि उप निर्वाचन आयुक्त हृदेश कुमार और महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. चोकलिंगम ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें राजपत्र और आयोग की अधिसूचना की प्रतियां सौंपी। राज्य चुनाव के परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए गए। निर्वाचित विधानसभा सदस्यों के नाम भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के तहत महाराष्ट्र सरकार के राज्य राजपत्र में प्रकाशित किए गए।

## राष्ट्रपति बनते ही पहले आदेश में एलजीबीटीक्यू समुदाय को झटका दे सकते हैं ट्रंप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में रहने वाले एलजीबीटीक्यूएआई+ समुदाय की चिंताएं बढ़ा दी हैं। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि ट्रंप एक ऐसा कार्यकारी आदेश लाने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे अमेरिका की सेना में सेवा दे रहे सभी ट्रांसजेंडर्स को हटाया जा सकेगा। अधिकारियों के मुताबिक, अगर यह आदेश आता है तो सभी ट्रांसजेंडर्स को मेडिकली डिस्चार्ज कर



दिया जाएगा यानी वे सेना में सेवा देने के लिए अनफिट करार हो जाएंगे। द संडे टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 78 वर्षीय ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी ऐसा ही आदेस जारी किया था। तब उनके आदेश के तहत सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती को रोक दिया गया था। हालांकि, पहले से ही सेवा दे रहे ट्रांसजेंडर्स को अपना काम जारी रखने की इजाजत थी। हालांकि, इस बार वह सेना में मौजूदा समय में सेवा दे रहे ट्रांसजेंडर्स को भी हटाने की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है कि ट्रंप की तरफ से यह कार्यकारी आदेश, उनके 20 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति पद संभालने के दिन ही आ सकता है। मौजूदा समय में अमेरिकी सेना में 15,000 ट्रांसजेंडर्स सेवा दे रहे हैं। बताया गया है कि ट्रंप के पिछले कार्यकाल के बाद जब जो बाइडन ने नियम पलटे थे, तब पाया गया था कि 2200 सैन्य कर्मियों को यह लगता है कि उन्हें पैदा होने के दौरान जो लिंग मिला था, वह उससे अलग लैंगिक पहचान रखते हैं। डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से ट्रांसजेंडर समुदाय के सेना में शामिल किए जाने का विरोध करते रहे हैं। अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने कहा था कि वह इस बारे में बच्चों के सामने नस्लीय सिद्धांत या किसी तरह के लैंगिक-राजनीतिक सामग्री को आगे बढ़ाने वाले स्कूलों की आर्थिक मदद रोक देंगे। इतना ही नहीं ट्रंप खेलों से भी ट्रांसजेंडर्स एथलीट्स को बाहर रखने पर मुखर रहे हैं।

## इराकी सुरक्षा बलों ने कुर्दिस्तान में नष्ट किया आईएस सेल, छह आतंकी गिरफ्तार

**बगदाद, एजेंसी।** इराक की नेशनल सिक्योरिटी सर्विस (आईएनएसएस) ने घोषणा की कि उसने देश के उत्तरी प्रांत किरकुक में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक सेल को नष्ट कर दिया । इस दौरान छह आईएस आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र का ग्रुप लीडर भी शामिल हैं। आईएनएसएस ने एक बयान में कहा कि खुफिया रिपोर्टों के आधार पर और क्षेत्रीय कुर्द सुरक्षा बलों के साथ मिलकर इराकी सुरक्षा कर्मियों ने शनिवार को एक घर पर छापा मारा। सात आईएस आतंकवादी बगदाद से लगभग 250 किलोमीटर उत्तर में स्थित प्रांतीय राजधानी किरकुक में इकट्ठे हुए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक कथित तौर पर कुर्दिस्तान क्षेत्र में आईएस ग्रुप का नेता है। वे किरकुक प्रांत में सरकारी जगहों और वरिष्ठ अधिकारियों पर हमले की योजना बना रहे थे। इससे पहले उत्तरी इराकी प्रांत किरकुक में एयर स्ट्राइक में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के पांच आतंकवादी मारे गए थे। शनिवार को ईराक की सेना ने इस बात की पुष्टि



की थी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इराक की संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट, सिक्योरिटी मीडिया सेल के एक बयान में इस बात की पुष्टि की गई थी। बयान के अनुसार इराक की फोर्स ने शुक्रवार को बगदाद से करीब 250 किलोमीटर उत्तर में, प्रांतीय राजधानी किरकुक के पश्चिम में एक बीहड़ इलाके में आईएस के ठिकाने पर हवाई हमले किए। शनिवार की सुबह, इराकी सेना और खुफिया विभाग के एक संयुक्त बल ने बमबारी वाली जगह की तलाशी ली। इस दौरान पांच आतंकवादियों के शव बरामद किए।

## यूक्रेन का नामो निशान मिटाने की तैयारी में रूस !

### पुतिन ने बढ़ाया मिसाइल उत्पादन, बढ़ गई पश्चिम की टेंशन

**मास्को, एजेंसी।** तीसरे विश्व युद्ध की आहट के बीच लगता है रूस ने यूक्रेन का नामो निशान मिटाने की तैयारी तेज कर दी है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी नई हाइपरसोनिक मिसाइल ओरेश्निक के सफल प्रदर्शन के बाद मिसाइल उत्पादन को बड़े पैमाने पर बढ़ाने का आदेश दिया है। उन्होंने इस मिसाइल की सराहना करते हुए कहा कि यह दुनिया में सबसे उन्नत तकनीक है, जिसे कोई भी मिसाइल डिफेंस सिस्टम पकड़ने में असमर्थ है। इसकी गति 10 मैक से अधिक है, जो इसे और भी घातक बनाती है। पुतिन ने कहा कि रूस की संप्रभुता और अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए हथियारों के जखीरे को बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान में दुनिया में किसी भी देश के पास इस स्तर की तकनीक नहीं है। हालांकि उन्होंने माना कि अन्य देश भी इसे विकसित करने की कोशिश करेंगे, लेकिन फिलहाल यह रूस की ताकत का परिचायक है। पश्चिमी देशों की लंबी दूरी की मिसाइलों के हमलों के जवाब में रूस ने डेनिप्रो शहर पर अपनी नई हाइपरसोनिक मिसाइल का इस्तेमाल किया। इस हमले के बाद यूक्रेन ने दावा किया कि रूस ने अंतरमहाद्वीपीय हाइपरसोनिक मिसाइल का प्रयोग किया है। हालांकि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों ने इस दावे को खारिज कर दिया था। बाद में पुतिन ने स्वयं इस मिसाइल का प्रदर्शन और उसके परिणामों की पुष्टि की। पुतिन ने अपने सैन्य प्रमुखों के साथ बैठक में कहा कि रूस पर लगातार खतरा बना हुआ है, इसलिए हथियारों का उत्पादन 10 गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युद्ध की किसी भी परिस्थिति के लिए हमें तैयार रहना होगा। इस संदर्भ में रूस अपनी हाइपरसोनिक मिसाइलों का परीक्षण जारी रखेगा। पुतिन ने अपने संबोधन में पश्चिमी देशों पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी जमीन पर पश्चिमी हथियारों से हमले किए जा रहे हैं। ऐसे में रूस भी पश्चिमी देशों पर हमला करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यूक्रेन-रूस संघर्ष के शुरुआती दौर में पश्चिमी देशों ने यूक्रेन को रूसी जमीन पर हमले की अनुमति नहीं दी थी।

# प्रधानमंत्री मोदी ग्लोबल पीस अवार्ड से सम्मानित

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ग्लोबल पीस अवार्ड से सम्मानित किया गया, जबकि भारतीय अमेरिकी अल्पसंख्यक समुदायों ने वाशिंगटन डी.सी. में आल इंडिया अल्पसंख्यक एसोसिएशन (एआईएएम) की शुरुआत की। यह पहल भारतीय अल्पसंख्यक समुदायों की भलाई को बढ़ावा देने और उन्हें एकजुट करने के उद्देश्य से बनाई गई है। इस आयोजन में प्रमुख भारतीय नेताओं और समाज के विभिन्न समुदायों के सदस्य उपस्थित थे। आल इंडिया अल्पसंख्यक एसोसिएशन (एआईएएम) का प्रमुख उद्देश्य भारतीय अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए काम करना है। इस संगठन के अध्यक्ष जसदीप सिंह, जो एक प्रसिद्ध सिख परोपकारी हैं, ने इस पहल को प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के



2047 तक के लक्ष्य को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम बताया। एआईएएम के संस्थापक और अध्यक्ष के रूप में जसदीप सिंह के नेतृत्व में यह संगठन काम करेगा, जिसमें सात सदस्यीय बोर्ड भी शामिल है, जो विभिन्न भारतीय अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व करेगा, जैसे सिख, ईसाई, हिंदू, मुस्लिम और यहूदी समुदाय।

एआईएएम के अध्यक्ष जसदीप सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली को भी सराहा, जिन्होंने भारतीय समाज के सभी समुदायों के लिए समान अवसर और विकास के रास्ते खोले हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण को समर्थन देते हुए कहा कि इस संगठन का उद्देश्य भारत के हर एक नागरिक को, चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का हो, बराबरी के अवसर प्रदान करना है। उनका मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत का दृष्टिकोण 2047 तक भारत को एक अग्रणी और समृद्ध राष्ट्र बना देगा, और एआइएएम इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारतीय अल्पसंख्यक महासंघ के सदस्य और संगठन के संयोजक, सतनाम सिंह संधू ने प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने इस दृष्टिकोण के प्रभाव को भारत में सामुदायिक सौहार्द और समान अवसरों की दिशा में बेहद सकारात्मक बताया। उनका कहना था कि यह दृष्टिकोण भारतीय समाज को एकजुट करता है और विभिन्न धर्मों और समुदायों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है।

एआईएएम का उद्देश्य भारतीय अमेरिकी अल्पसंख्यकों को एक प्लेटफॉर्म प्रदान करना है, जहां वे एकजुट होकर भारतीय समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य कर सकें। इस संगठन का कार्यभार न केवल भारतीय समुदायों के बीच सामुदायिक सौहार्द को बढ़ावा देना है, बल्कि यह भारत और भारतीय समुदायों के बीच एक मजबूत और सहयोगात्मक संबंध बनाने में भी मदद करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो हाल ही में गुयाना की यात्रा पर गए थे, 56 वर्षों में गुयाना जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129